रविवारीय

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, रविवार | 29 जून 2025 | आषाढ़ मास | शुक्ल पक्ष 4 | सं. 2082 वि. | वर्ष 78, अंक -307 पृष्ठ 12 | संस्करण : नगर






### पीएम मोदी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर गए शुभांशु से बोले

# आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की, जो इन दिनों नासा के एक्सिओम 4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की यात्रा पर हैं। शुभांशु शुक्ला बुधवार को ऐतिहासिक यात्रा पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए, जो 41 साल के अंतराल के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है।

पीएम मोदी से बातचीत के दौरान शुभांशु ने बताया कि उनके पैर बंधे हुए हैं। बड़ा सवाल यह है कि आखिरी शुभांशु के पैर क्यों बंधे हुए थे। दरअसल, अंतरिक्ष में जीरो ग्रेविटी होती है. जिसके कारण किसी भी व्यक्ति का एक जगह टिक पाना संभव नहीं है। यही वजह है कि बातचीत के प्रसारण को बनाए रखने के लिए शुभांशु शुक्ला के पैर बांधे गए। जब प्रधानमंत्री मोदी को उन्होंने पैर बंधे होने के बारे में बताया तो वो भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने कहा, 'शुभ, आप दूर अंतरिक्ष में हैं, जहां गुरुत्वाकर्षण बल न के बराबर है। पर हर भारतीय देख रहा है कि आप कितने डाउन टू अर्थ हैं। आप जो गाजर का हलवा ले गए, क्या उसे अपने साथियों को खिलाया?'

ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने जवाब में कहा, जी प्रधानमंत्री जी, ये कुछ चीजें मैं अपने देश की खाने की लेकर आया था, जैसे गाजर का हलवा, मूंगदाल का हलवा और आमरस। मैं चाहता था कि ये बाकी देशों से मेरे साथी हैं, वो भी इसका स्वाद लें। वो भी भारत की समृद्ध विरासत का अनुभव करें। हम सभी ने बैठकर साथ में इसका स्वाद लिया। सबको बहुत पसंद आया।

प्रधानमंत्री ने पूछा, परिक्रमा करना भारत की सदियों पुरानी परंपरा है। आपको तो धरती माता की परिक्रमा करने का सौभाग्य मिला है। अभी आप धरती के ऊपर किस भाग से गुजर रहे होंगे? ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने जवाब में कहा, इस समय इसकी जानकारी मेरे पास उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन थोड़ी देर पहले मैं खिड़की से बाहर देख रहा था तो हम लोग हवाई के ऊपर से गुजर रहे थे और हम दिन में 16 बार परिक्रम करते हैं। 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त हम देखते हैं। यह बहुत ही अचंभित कर देने वाली प्रक्रिया है। इस समय 28 हजार किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रहे हैं आपसे बात करते हुए। ये गति पता नहीं चलती क्योंकि हम अंदर हैं। लेकिन ये गति दिखाती है कि हमारा देश कितनी गति से आगे बढ़ रहा है।

पीएम मोदी ने आगे पूछा, अंतरिक्ष की विशालता देखकर आपको सबसे पहले क्या विचार आया? इस पर शुभांशु ने कहा, सच बोलूं तो जब पहली बार हम अंतरिक्ष में पहुंचे तो पहला नजारा पृथ्वी का था और पृथ्वी को देखकर पहला ख्याल जो मन में आया वो ये था कि पृथ्वी एक दिखती है, मतलब बाहर से कोई सीमा रेखा नहीं दिखाई देती। दूसरी चीज ये थी जब भारत को देखा तो मानचित्र के बारे में जो हम पढ़ते हैं, जो आकार होता है, वह सही नहीं होता है। भारत सच में बहुत भव्य दिखता है। बहुत बड़ा दिखता है। जितना हम मानचित्र पर देखते हैं, उससे काफी बड़ा।

> आप आज मातृभूमि से, भारत भूमि से सबसे दूर हैं, लेकिन भारतवासियों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ भी है। इस समय बात हम दोनों कर रहे हैं, लेकिन मेरे साथ 140 भारतवासियों की भावनाएं भी हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग शामिल है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मैं ज्यादा समय नहीं ले रहा हूं, सबसे पहले तो ये बताइए कि वहां सब कुशल मंगल है, आपकी तबीयत ठीक है?
>
> **- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

> जी प्रधानमंत्री जी, आपका और 140 करोड़ देशवासियों की शुभकामनाएं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं यहां बिल्कुल ठीक हूं, सुरक्षित हूं, आप सबके आशीर्वाद और प्यार की वजह से। बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत नया अनुभव है। कहीं न कहीं बहुत सारी चीजें ऐसी हो रही हैं, जो दर्शाती हैं कि मैं और मेरे जैसे लोग देश में इस दिशा में जा रहे हैं। ये जो मेरी यात्रा है, ये पृथ्वी से ऑर्बिट की 400 किलोमीटर की छोटी सी यात्रा है, ये सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि मेरे देश की भी यात्रा है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने आगे कहा, मैं जब छोटा था। मैं कभी सोच नहीं पाया कि मैं अंतरिक्ष यात्री बन पाऊंगा।
>
> **- ग्रुप कैप्टन शुभांशु**

# प्रधानमंत्री ने दोहराया 'जो हमें चुनौती देगा...'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आतंकवाद के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया को रेखांकित किया और एक स्थायी एवं समृद्ध भारत के निर्माण के उद्देश्य से नौ प्रमुख संकल्पों पर प्रकाश डाला। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा जो हमें चुनौती देगा... दर्शकों ने नारे लगाते हुए वाक्य पूरा किया। उन्होंने कहा कि मैंने आधा वाक्य भी नहीं कहा और आपने उसे पूरा कर दिया। जैन आध्यात्मिक नेता आचार्य प्रज्ञा सागर ने मोदी सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान लिए गए निर्णयों की सराहना की, जिनमें

**दर्शकों ने नारे लगाते हुए वाक्य पूरा किया**

अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए को निरस्त करना, केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर और लद्दाख की कार्टोग्राफिक सीमाओं को परिभाषित करने वाला नया मानचित्र प्रकाशित करना और पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद 7 मई की सुबह भारत द्वारा शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर शामिल है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। पीएम मोदी ने कहा कि शब्दों में न कहते हुए भी शायद आप ऑपरेशन सिंधु को अपना आशीर्वाद दे रहे थे।

मोदी ने टिकाऊ और समृद्ध भारत के निर्माण के उद्देश्य से नौ प्रमुख संकल्पों को भी दोहराया, जिनमें शामिल हैं- जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता को बढ़ावा देना, स्थानीय उद्यमों का समर्थन करना, देश की सांस्कृतिक समृद्धि का पता लगाने के लिए देश के भीतर यात्रा करना, जैविक खेती को प्रोत्साहित करना, स्वस्थ जीवन शैली अपनाना, योग और खेल को अपनाना तथा वंचितों को सहायता प्रदान करना। उन्होंने जैन दर्शन और समाज में आचार्य विद्यानंद महाराज के योगदान के लिए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसमें आधिकारिक जैन ध्वज और प्रतीक पर लेखन कार्य, भारत भर में प्राचीन जैन मंदिरों का जीर्णोद्धार और प्राकृत भाषा को बढ़ावा देना शामिल है।

## फ्लैट से मिलीं दो करोड़ की नशीली दवाएं

ठाणे। पुलिस ने ठाणे जिले में एक फ्लैट से 2.12 करोड़ रुपये मूल्य की 1.93 किलोग्राम नशीली दवाएं (मेफेड्रोन) दवा जब्त की है। मामले में एक युवती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ नेटवर्क के बारे में गुप्त सूचना मिलने पर गुरुवार रात डोंबिवली के पास खोनी गांव स्थित फ्लैट पर छापा मारा। 21 वर्षीय महिला को मौके पर ही पकड़ लिया गया। उसके दो पुरुष साथी भाग गए, लेकिन बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी एक संगठित ऑपरेशन के सदस्य हैं, जिसमें दो व्यक्ति कथित तौर पर नशीली दवाओं की आपूर्ति और रसद का प्रबंधन करते थे, जबकि महिला ने इसके स्थानीय वितरण और डिलीवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## आईपीएस पराग जैन होंगे रॉ के नए प्रमुख



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्र ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह रवि सिन्हा की जगह लेंगे।

**'ऑपरेशन सिंदूर' में निभाई थी अहम भूमिका**

**खुफिया हलकों में कहे जाते हैं 'सुपर जासूस'**

रवि सिन्हा का मौजूदा कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। पराग जैन का कार्यकाल दो साल होगा। वह 1 जुलाई 2025 तक के निश्चित कार्यकाल के लिए यह पदभार ग्रहण करेंगे। पराग जैन वर्तमान में एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और आतंकी शिविरों के ठिकानों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खुफिया हलकों में 'सुपर जासूस' के तौर पर जाने जाने वाले पराग जैन मानव खुफिया को तकनीकी खुफिया के साथ प्रभावी ढंग से संयोजित करने के लिए जाने जाते हैं। यह खासियत कई अहम ऑपरेशनों में अहम रही है। पंजाब में जब आतंकवादियों ने दहशत मचा रखी थी, पराग जैन ने तब भटिंडा, मानसा, होशियारपुर में ऑपरेशनल भूमिका निभाई। वहे चंडीगढ़ के एसएसपी और लुधियाना के डीआईजी रह चुके हैं। उन्होंने रॉ में पाकिस्तान डेस्क संभाली है। उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाए जाने और ऑपरेशन बालाकोट के दौरान जम्मू-कश्मीर में भी काम किया है। पराग जैन काफी विनम्र अधिकारी हैं। उन्होंने कनाडा और श्रीलंका में भारतीय प्रतिनिधि के तौर पर काम किया है। कनाडा में पोस्टिंग के दौरान कथित तौर पर उन्होंने वहां खालिस्तान समर्थकों को चुनौती दी थी और नई दिल्ली को बार-बार चेतावनी दी थी कि यह खतरनाक होता जा रहा है।

## कोलकाता गैंगरेप केस : लॉ कॉलेज का गार्ड गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोलकाता पुलिस ने बताया है कि लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के लिए पुलिस की ओर से हिरासत में लिए गए गार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, सुरक्षा गार्ड को आज सुबह गिरफ्तार किया गया। वह गोलमोल जवाब दे रहा था। कॉलेज में उसकी मौजूदगी कॉलेज में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। अधिकारी ने बताया कि गार्ड अपनी ड्यूटी में नाकाम रहा। वह जवाब नहीं दे पाया कि उसने क्यों उचित कार्रवाई नहीं की और तीनों आरोपियों को अपराध करने से क्यों नहीं रोका। वह क्यों और किसके कहने पर अपने कमरे से बाहर निकला। वह इसका जवाब भी नहीं दे रहा है। यह भी अपराध में एक तरह की संलिप्तता ही है। अब पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उस समय वह ड्यूटी पर अकेला था या नहीं। इससे पहले कोलकाता के विधि कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया था।

**अब तक चार पर पुलिस का शिकंजा**

## मणिपुर में तीन महिलाओं सहित छह उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल। मणिपुर** पुलिस ने प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) की तीन महिला उग्रवादी समेत छह उग्रवादियों को इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व जिले से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को इंफाल पश्चिम जिले के थांगमेइबंद थिंगल लेइकाई इलाके से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्लूजी) की दो महिला उग्रवादी समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। पुलिस ने बृहस्पतिवार को भी जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल केसीपी-पीडब्लूजी के एक सक्रिय सदस्य को इंफाल पूर्व जिले के चिंगारेल तेजपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इसके अलावा जबरन वसूली की गतिविधि में शामिल केसीपी-पीडब्लूजी के दो सक्रिय सदस्यों को बृहस्पतिवार को इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई निंगथेम पुखरी मापल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

## भारत का विदेशी ऋण 10 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने है कहा कि भारत का बाह्य यानी विदेशी ऋण मार्च 2025 के अंत तक 10 प्रतिशत बढ़कर 736.3 अरब डॉलर हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 668.8 अरब डॉलर था। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में बाह्य ऋण एक साल पहले के 18.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 के अंत तक 19.1 प्रतिशत हो गया। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन वित्त वर्ष में मुद्रा बाजारों में कुछ उतार-चढ़ाव देखा गया, और रुपये तथा अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के मूल्य में वृद्धि के कारण मूल्यांकन प्रभाव 5.3 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यदि मूल्यांकन प्रभाव को छोड़ दिया जाए, तो बाह्य ऋण में 67.5 अरब डॉलर के बजाय 72.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होती। आरबीआई ने कहा कि कुल ऋण में गैर-वित्तीय निगमों ने 261.7 अरब डॉलर, सरकार ने 168.4 अरब डॉलर और केंद्रीय बैंक को छोड़कर जमा स्वीकार करने वाले निगमों ने 202.1 अरब डॉलर का ऋण लिया।

## तबाह आतंकी लॉन्चपैड्स को फिर बनाने में जुटा पाक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** आतंकवादियों को पनाह देने वाला पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने जिन आतंकी लॉन्चपैड्स को तबाह कर दिया था, उन्हें वह फिर से बना रहा है। इन्हें बनाने के लिए पाकिस्तान की सेना, खुफिया एजेंसी


**हिमाकत : ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी नहीं सुधरा पड़ोसी देश**

आईएसआई और सरकार का समर्थन भी मिला हुआ है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और इसके आसपास के इलाकों में आतंकी लॉन्चपैड्स को फिर खड़ा करने की कोशिश चल रही है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इसके लिए कॉन्ट्रैक्ट भी दिया जा चुका है। साफ है कि पाकिस्तान अपने यहां पाले गए आतंकवाद को फिर से खड़ा करने में लगा हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर में मुंह की खाने के बाद फील्ड मार्शल बनाए गए आसिम मुनीर ने खुद दखल देते हुए इन आतंकी ठिकानों को फिर से खड़ा करने के लिए सरकारी फंड जारी किया है। इसके लिए अब तक 40 करोड़ रुपये का फंड मुनीर दिलवा चुके हैं। वहीं, पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ भी कह चुके हैं कि भारतीय हमलों में जो घर और मस्जिदें तबाह हुई हैं, उनका पुनर्निर्माण सरकार करवाएगी।

## एअर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर एआईएसएटीएस के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी। एअर इंडिया ने कहा, अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, यह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि एअर इंडिया के स्टाफ ने 20 जून को एआईएसएटीएस के गुरुग्राम ऑफिस में पार्टी की थी। ये खबर वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने इन कर्मचारियों को निंदा की। कहा कि एअर इंडिया के प्लेन क्रैश के बाद कोई जश्न कैसे मना सकता है।

## '2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्वगुरु बनाने का संकल्प लें'



**गोधरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से आह्वान किया कि वे संकल्प लें कि जब भारत अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ यानी 2047 में मनाएगा, तब हमारा देश हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करेगा।

**अमित शाह ने युवाओं से किया आह्वान**

अमित शाह गुजरात के पंचमहल जिले के विनजोल में मौजूद श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय में 125 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। वे खराब मौसम के कारण कार्यक्रम में खुद नहीं पहुंच सके थे। इस दौरान अमित शाह ने भारत की आजादी की लड़ाई में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान इस क्षेत्र के लोगों की चेतना को जागृत किया। उन्होंने बताया, ब्रिटिश सरकार के खिलाफ संघर्ष में करीब 1,512 आदिवासी भाई-बहनों ने बलिदान दिया, और मांगढ़ (गुजरात) भारत की स्वतंत्रता के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया। अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोविंद गुरु के वीरता के इतिहास को आगे बढ़ाया है और वे 2047 तक भारत को एक महान राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारे युवाओं और बच्चों को यह संकल्प लेना चाहिए कि जब भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाए, तब हम हर क्षेत्र में दुनिया में प्रथम स्थान पर हों।

## पूर्व सांसद के पीए को सड़क पर तलवारों से काटा

**लुधियाना (पंजाब)।** लुधियाना में शिरोमणि अकाली दल के पूर्व सांसद जगदेव सिंह तलवंडी के पीए कुलदीप सिंह मुंडियां को देर रात कार सवारों ने तलवारों से काट डाला। मौके पर कुछ लोगों ने पूरी वारदात का वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। कुलदीप सिंह मुंडियां देर रात अपनी कार में फार्म हाउस से निकले थे। रास्ते में कार सवार आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और कार से निकाल कर आरोपी तब तक उन्हें तलवार मारते रहे, जब तक कुलदीप सिंह की मौत नहीं हुई। हैरानी की बात यह है कि जिस समय आरोपी वारदात को अंजाम दे रहे थे आस-पास कई लोग आ जा रहे थे, लेकिन किसी ने भी आगे जाकर आरोपियों को रोकने और कुलदीप सिंह को बचाने की हिम्मत तक नहीं की। एक व्यक्ति कार में बैठ कर इस पूरी वारदात की वीडियो बनाता रहा।

## 'एक ही संविधान के लिए माना था 370 हटाने का फैसला'



**नागपुर।** नागपुर में देश के मुख्य न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के फैसले को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि देश को एकजुट रखने के एक ही संविधान की जरूरत है। हमने संसद द्वारा लिए गए धारा 370 को हटाने के फैसले को सर्वसम्मति से स्वीकार किया, ताकि देश में एक ही संविधान चले। देश के एक राज्य में अलग संविधान बाबा साहब आंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप नहीं था।

उन्होंने कहा कि संविधान के केंद्रीकृत होने को लेकर बाबा साहब आंबेडकर की खूब आलोचना की गई थी।

बाबा साहब ने उस आलोचना का जवाब देते हुए कहा था कि हम देश को सभी चुनौतियों के लिए उपयुक्त संविधान दे रहे हैं और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह युद्ध और शांति के समय में देश को एकजुट रखेगा।

**सीजेआई बोले देश की एकजुटता के लिए यह जरूरी**

आज हम अपनी 75 साल की यात्रा में देख रहे हैं कि हमारे आसपास क्या स्थिति है? जब भी भारत ने किसी संकट का सामना किया है, तो देश एकजुट रहा है। यह संविधान से ही संभव हुआ है। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि संविधान ने सरकार के तीन अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की सीमाएं तय की हैं। कानून बनाना विधायिका और राज्य विधानसभाओं की जिम्मेदारी है, जबकि कार्यपालिका संविधान और कानून के ढांचे के भीतर काम करती है। उन्होंने कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। सीजेआई ने कहा कि अगर न्यायपालिका हर मामले में कार्यपालिका और विधायिका के क्षेत्रों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करती है, तो मैं हमेशा कहता हूं हालांकि न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक दुस्साहस और न्यायिक आतंकवाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब कोई कानून संसद या राज्य विधानसभा के अधिकार से परे बनाया जाता है और यह सांविधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, तो न्यायपालिका के लिए हस्तक्षेप करना अनिवार्य है।

## संविधान की प्रस्तावना में नहीं हो सकता बदलाव : धनखड़



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी अन्य देश की संविधान प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं हुआ, लेकिन भारत में एक बार ऐसा हुआ। धनखड़ ने कहा, इस प्रस्तावना में

**आरएसएस की मांग के बीच बोले उपराष्ट्रपति**

1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम के जरिए बदलाव किया गया था। संशोधन के माध्यम से इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए थे। धनखड़ ने कहा, हमें इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बी. आर. आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा। धनखड़ ने यह टिप्पणी यहां एक पुस्तक के विमोचन समारोह में की। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बृहस्पतिवार को संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने का आह्वान किया था। आरएसएस ने कहा था कि इन शब्दों को आपातकाल के दौरान शामिल किया गया था और ये कभी भी आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का हिस्सा नहीं थे। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के इस आह्वान की आलोचना की है कि इस मुद्दे पर राष्ट्रीय बहस होनी चाहिए कि धर्मनिरपेक्ष व समाजवादी शब्दों को संविधान की प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं। उन्होंने इसे राजनीतिक अवसरवाद और संविधान की आत्मा पर जानबूझकर किया गया हमला करार दिया है। होसबाले के बयान से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। इस बीच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एक पत्रिका में शुक्रवार को प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले द्वारा संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने का आह्वान, इसे तहस-नहस करने के लिए नहीं है, बल्कि आपातकाल के दौर की नीतियों की विकृतियों से मुक्त होकर इसकी 'मूल भावना' को बहाल करने के बारे में है।



स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# बिजलीकर्मियों का आपातकाल के विरोध में प्रदर्शन जारी

## इंजीनियर्स संगठनों ने उत्पीड़न के विरोध में दी चेतावनी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बिजली कर्मियों ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा निजीकरण को लेकर आपातकाल जैसा वातावरण बनाए जाने के विरोध में शनिवार को भी प्रान्त व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। स्टेट विजिलेंस के जरिए

- **निजीकरण के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी**

बिजली कर्मियों के उत्पीड़न की नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स और संयुक्त किसान मोर्चा ने कड़ी निंदा करते हुए चेतावनी दी है कि यदि बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया गया तो देश भर के बिजली कर्मचारी और किसान मूक दर्शन नहीं रहेंगे। बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के प्रमुख पदाधिकारियों ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी अभिमन्यु धनकड़, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्ता, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी कुलदीप कुमार, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी समर सिन्हा ने पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन और उप्र शासन के कुछ अधिकारियों के की मिली भगत से स्टेट विजिलेंस के जरिए आय से अधिक संपत्ति का मामला बनाकर संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर कर मुकदमा दर्ज किए जाने की कड़ी निंदा की है। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ



इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के प्रमुख पदाधिकारियों ने देश भर के बिजली कर्मचारियों का आह्वान किया है कि उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया और दमनकारी रवैया के विरोध में आगामी 02 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने कहा है कि निजीकरण के विरोध में लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष कर रहे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का कोई भी उत्पीड़न किया गया तो देश के तमाम 27 लाख बिजली कर्मी मूक दर्शक नहीं रहेंगे और सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

उधर संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को बड़ी लूट बताते हुए निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त करने की मांग की है। संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा है कि निजीकरण के बाद 7.5 0 हॉर्स पावर के पम्प के एक गरीब किसान को 10000 रूपए से अधिक का बिजली का बिल देना पड़ेगा। निजीकरण और प्रीपेड मीटर के नाम पर बड़ी लूट का संयुक्त किसान मोर्चा सड़क पर उतरकर पुरजोर विरोध करेगा। बिजली के निजीकरण के विरोध में शनिवार को लगातार 213 वें दिन प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया गया। वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में शनिवार को भी विरोध प्रदर्शन किया गया।

# भाजपा राज में जमीन की लूट, व्यापारियों का उत्पीड़न

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में जमीनों का गोरखधंध चल रहा है। जहां

### सपा मुखिया ने माता प्रसाद के मामले में सरकार को घेरा

भी जमीन दिख जाती है भाजपा उसे हड़पने और कब्जा करने के लिए सक्रिय हो जाती है। भाजपा सरकार में गोरखपुर में विरासत गलियारा के नाम पर व्यापारियों के मकान और दुकान ढहा कर जमीन लूटी जा रही है। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से रूबरू अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर में व्यापारियों की समस्याओं की सुनने और उनकी आवाज उठाने गये नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पाण्डेय और नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव को भाजपा के विधायक, कार्यकर्ताओं ने रोका, उन पर हमला किया। रोकने के लिए रास्ते में बुलडोजर लगा दिया। भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान विरोधी है। दोनों सदनों के विपक्ष के नेताओं को रोका जाना उन पर हमला होना निन्दनीय है। यह सब कभी हिटलर के जमाने में होता था। भाजपा सरकार में बुलडोजर अन्याय का प्रतीक बन गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर में दोनों नेता विरोधी दल के साथ हुई घटना की जितनी निदा की जाय कम है। इस घटना में नेता विरोधी दल गोरखपुर के अधिकारियों जिलाधिकारी और एसएसपी के खिलाफ लिखकर कार्रवाई की मांग करेंगे और दोनों सदनों में नोटिस देंगे। यादव ने कहा कि सरकार गोरखपुर में व्यापारियों की जमीनों का बाजार मूल्य दें। गोरखपुर में विरासत गलियारा में जमीन, मकान का मुआवजा सहमति से नहीं बाजार की कीमत के हिसाब से देना चाहिए। वहां मार्केट रेट बहुत ज्यादा है। शासन-प्रशासन पुलिस को आगे कर व्यापारियों और जो लोग रह रहे हैं उनसे जबरदस्ती सहमति करा रहे हैं।

# सीएमएस के 15 छात्रों को स्कॉलरशिप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के 15 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार-चार लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. के इन सभी 15 मेधावी छात्रों को भारत सरकार द्वारा 60 लाख रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि भारत सरकार की स्कॉलरशिप अर्जित करने वाले सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के 15 छात्रों में आरोही ठाकुर, आशी त्रिपाठी, अभिनव सिंह, दानिया हसन, मनस्वी चौधरी, नक्षत्र सिंह, ओज गुप्ता, प्रांजली सिंह, शिवांग कुमार शुक्ला, शिवेन्द्र द्विवेदी, सोहम त्रिपाठी, सूर्य विक्रम सिंह, सुयश गुप्ता, वेदांत अग्रवाल एवं विवान मेहरोत्रा शामिल हैं। सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा सी.एम.एस. के शैक्षिक व प्रेरणादायी वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के इन होनहार छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की है।

## खबर एक नज़र

### उपभोक्ताओं ने निजीकरण पर जताई नराजगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के साप्ताहिक वेबीनार में शनिवार को प्रदेश भर से अनेकों जनपदों से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं ने सरकार के निजीकरण के फैसले पर अपना विरोध जाहिर करते हुए उस निर्णय की निंदा की है,जिसमें लगातार बिजली कार्मिकों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन में उनका स्थानांतरण किया जा रहा है और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराये जा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने कहा है कि बिजली कंपनियों में जिस प्रकार की कार्रवाई चल रही है। उससे ऐसा प्रतीत होता है कि बिजली कंपनी को पावर कार्पोरेशन प्रबंधन नहीं बल्कि उद्योगपतियों का प्रबंध चल रहा है, जो बिजली कंपनियों को खरीदने के पहले उनके कार्मिकों को कमजोर कर रहा है। इससे वह अपने अधिकारों की लड़ाई ना लड़ पाएं और उद्योगपति बिजली कंपनियों को कम लागत में फायदा कमाने के लिए खरीद सकें। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि निजीकरण के विरोध में पूरे प्रदेश में उपभोक्ता किसान आम जनता बिजली कार्मिक सभी अपना विरोध संवैधानिक तरीके से दर्ज करा रहे हैं। ऐसे में उनके खिलाफ कोई भी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर उपभोक्ता चुप बैठने वाले नहीं हैं।

### मंत्रोच्चार के साथ निकली जगन्नाथ यात्रा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** हरीनगर दुगाँवा इलाके में स्थित ठाकुर द्वारा मन्दिर से 94वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव से निकाली गई। इस रथयात्रा का आयोजन, आयोजनकर्ता कृष्ण गोपाल सोनी व अन्य द्वारा सम्पन्न कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। भक्तिमय वातावरण में निकली इस यात्रा की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ हुई। रथ को श्रद्धालुओं द्वारा खींचा गया, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा में ढोल-नगाड़ो ने पूरे माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। सोनी ने बताया कि मेरे पिता स्व भैरों प्रसाद स्वर्णकार के द्वारा इसकी नींव रखी गई थी।



### समाज में जागरूकता फैलाने पर दिया जोर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** कैटवॉक अकादमी ने अपने छात्रों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धियों की घोषणा की है। अकादमी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के पेजेंट के लिए नेशनल डायरेक्टरशिप लाइसेंस प्राप्त किया है और मिसेज यूनिवर्स 2025 के लिए अपनी आधिकारिक प्रतिनिधि के रूप में मिसेज अर्चना निरंजन को चुना है। मिसेज अर्चना निरंजन मिसेज यूनिवर्स 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो 1 से 9 अक्टूबर 2025 तक फिलीपींस में आयोजित होगी। गौरी सिंह राजपूत मिस टीन डीवा इंडिया के फाइनल के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई हैं, जो जुलाई 2025 में जयपुर में आयोजित होगा। फैशन और पेजेंट से जुड़ी सेवाएं, एक ही छत के नीचे उपलब्ध। अकादमी के छात्रों ने पहले ही राज्य स्तरीय विजेता का खिताब जीता है। अमित सैमसन नानू, संस्थापक और निदेशक कैटवॉक अकादमी,पर्सनालिटी डेवलपमेंट और कम्युनिकेशन कोच आशीया सहोता, मिसेज यूनिवर्स साउथ पैसिफिक एशिया .रैम्प और पेजेंट विशेषज्ञ मनीषा नानू, मिसेज यूनिवर्स वेस्ट एशिया, ब्यूटी और मेकअप पार्टनर हबीब्स बाय श्वेता सिंह फैशन स्टाइलिस्ट ज्योत्सना, संस्थापक, स्टाइलिशस्टूडियो,फैशन डायरेक्टर शुभम कुमार ने बधाईयां दी।



### राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** ताइक्कांडो अकादमी ऑफ इंडिया और देवभूमि उत्तराखंड ताइक्कांडो एसोसिएशन को 42वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप और 28वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप आयोजन 29 जून तक हरिद्वार के वंदना कटारिया स्टेडियम में ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया, लखनऊ के संरक्षण में आयोजित होगा। सुधीर एस हलवासिया, राज्य समन्वयक भाजपा यूपी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और टीएफआई के कोषाध्यक्ष ने भाग लिया। उन्होंने घोषणा की कि इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए लगभग 20 राज्यों से लगभग 900 खिलाड़ी और अधिकारी हरिद्वार में एकत्रित हुए हैं। टीएफआई के महासचिव और भारत में ताइक्कांडो के संस्थापक और जनक डॉ. जीएम जिमी आर जगतियानी के अनुसार, 2025 राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता को नवंबर 2025 में दक्षिण कोरिया में होने वाली आगामी विश्व ताइक्कांडो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा। अद्यतन नियमों को 42वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2025 के दौरान लागू किया जाएगा। जीएम महेंद्र मोहन अध्यक्ष - मध्यस्थता बोर्ड, जीएम पीटर जे जगतियानी तकनीकी अध्यक्ष, टीएफआई, जीएम रूप कमल नंदी, जीएम मनोज त्यागी वीपी, टीएफआई, राहुल धीमान सचिव, आयोजन समिति, जीएम गौरव सिंह चौहान अध्यक्ष, सार्वजनिक विंग, मास्टर मनोज वर्मा और मास्टर राकेश कु सिंह शामिल हैं, इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वीर चौधरी ने इन्फेंट पुरुष 19-21 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि खुशी पाल और गौरा टंडन ने क्रमशः इन्फेंट महिला 17 किलोग्राम से कम और शिशु महिला 19-21 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किए।



# पीजीआई में संविदा कर्मचारियों ने समान अवसर की मांग उठाई

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** पीजीआई की गवर्निंग बॉडी में हाल ही में टेलीमेडिसिन विभाग के संविदा कर्मियों को स्थायी भर्तियों में हर साल की सेवा पर पांच से 30 फीसदी तक वेटेज (वरीयता) दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के बाद पीजीआई के दूसरे विभागों के संविदा कर्मचारियों में भी समान अवसर की मांग उठाई है।

इसी क्रम में एसजीपीजीआई ऑल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने निदेशक डॉ. आरके धीमन को को ज्ञापन सौंपकर सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को समान रूप से स्थायी भर्तियों में वेटेज दिए जाने की मांग की है। वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेश कुमार और महामंत्री सीमा शुक्ला ने हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा है कि गवर्निंग बॉडी का निर्णय स्वागत योग्य है, लेकिन इसे सिर्फ एक विभाग तक सीमित रखना न रखा जाए।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि संस्थान में नर्सिंग, पैरामेडिकल, लैब टेक्नीशियन, रेडियोलॉजी, मेडिकल रिकॉर्ड और मेडिकल सोशल वर्क विभागों के कर्मचारी भी कई साल से समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें भी स्थायी नियुक्तियों में समान वरीयता मिलनी चाहिए। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया कि टेलीमेडिसिन विभाग में संविदा नियुक्तियां जिन शर्तों पर हुई हैं। उसी आधार पर अन्य विभागों में भी नियुक्तियां हुई हैं, इसलिए नीति और अवसर में समानता अनिवार्य है। एसोसिएशन ने निदेशक से इस मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया है।

# अखिलेश यादव से मिले मिल्कीपुर के ग्रामीण

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव से शनिवार को मुगलसराय चंदौली के ग्राम ताहिरपुर मिल्कीपुर के निवासियों ने भेंट की। ग्रामीणों ने बंदरगाह के नाम पर गांवों की पुश्तैनी जमीन को अधिग्रहण से मुक्त रखने के लिए अनुरोध किया। चंदौली के शिक्षक गांधीवादी लेखक विद्याधर ने बताया कि बंदरगाह एवं फ्रंट विलेज जैसी औद्योगिक परियोजना के लिए अधिग्रहण के नाम पर ताहिरपुर, मिल्कीपुर, रसूलागंज और छोटा मिर्जापुर की गरीब जनता को उजाड़ने की साजिशें हो रही हैं।

# दुधमुंही बच्ची व एक युवक कोरोना पाजिटिव

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** शहर में दो नए कोरोना मरीज मिले हैं। इनमें एक दुधमुंही बच्ची भी शामिल है। दोनों मरीज होम आइसोलेशन में हैं। परिवारीजनों को अहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ कार्यालय से जारी रिपोर्ट के मुताबिक बीकेटी कठवारा गांव निवासी नौ माह के दुधमुंही बच्ची को करीब एक सप्ताह से बुखार, जुकाम और खांसी की शिकायत थी। परिवारीजनों ने शिशु को डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने कोरोना की जांच की सलाह दी। परिवारीजनों ने शिशु की जांच करवाई तो कोरोना की पुष्टि हुई। शिशु को घर पर ही रखकर इलाज दिया जा रहा है। वहीं, सरोजनी नगर की हाइडिल कॉलोनी निवासी पुरुष (42) की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इस मरीज को सांस लेने में तकलीफ, जुकाम की समस्या थी। जांच कराने पर कोरोना की पुष्टि हुई। जारी रिपोर्ट के मुताबिक जिले में अब तक कुल कोविड मरीजों की संख्या 76 है, जिसमें सक्रिय मरीजों की संख्या 10 है।

# डीआरएम ने किया सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा लखनऊ रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने स्टेशन परिसर मे यातायात, पार्किंग व प्रकाश व्यवस्था तथा यात्रियों की सुविधा से जुड़ी अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।इस दौरान मण्डल रेल प्रबंधक ने यह निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए कि सर्कुलेटिंग एरिया में अनधिकृत रूप से खड़े होने वाले ऑटो और ई-रिक्शा को व्यवस्थित रूप से खड़ा किया जाए। जिससे यातायात व्यवस्था बाधित न हो। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित एवं अवरोध-रहित मार्ग मिलना चाहिए। इसके अतिरिक्त, सर्कुलेटिंग एरिया में रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश भी दिए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त सर्कुलेटिंग एरिया में साफ-सफाई, वाहन संचालन, पार्किंग और यातायात नियंत्रण की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया जाए।

# एमएसएमई दिवस का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** एमएसएमई दिवस का आयोजन आईआईए बाराबंकी चैप्टर एवम् यूनियन बैंक ऑफ़ इण्डिया ने दीप प्रज्वलित कर आयोजित किया।चैप्टर चेयरमैन कैप्टेन राजेश तिवारी ने सबको एमएसएमई दिवस की शुभकामनाएँ दी एवं बताया कि उद्यमी केवल उद्यम ही नहीं चलाता अपितु देश सेवा करता है चाहे टैक्स के द्वारा या लोगो को रोज़गार उपलब्ध करवा कर। बैंक के समक्ष प्रस्ताव रखा कि आईआईए के सदस्यों को बैंक द्वारा प्रोसेसिंग फ़ीस में विशेष छूट दी जाए । चेयरमैन ने बैंक के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि उद्यमियों का सीएमआर जान बूझकर मिलती जुलती कम्पनी के क्रेडिट को मर्ज करके ख़राब किया जा रहा है । चेयरमैन ने चैप्टर में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला आई आई ए संगठन के विषय में जानकारी दी। यूनियन बैंक के महाप्रबंधक एवं कर्मचारियो को धन्यवाद ज्ञापित किया । वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार , वरिष्ठ प्रबंधक मार्कण्डेय यादव, लखनऊ नार्थ एवं साउथ के प्रबंधक अयोध्या मंडल के प्रबंधक को सम्मानित करते हुए स्मृति चिह्न प्रदान किया गया । अलकेश सोती अखिलेश अग्रवाल अमन अग्रवाल अंशुल अग्रवाल शुभम् वैश्य अभिषेक पाठक रवि रंजन मयंक गुप्ता विधु गुप्ता उपस्थित रहे।



# बरेली व बदायूं में राजस्व वसूली को लेकर समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बरेली एवं बदायूं में समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों के राजस्व एवं तकनीकी संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई।



प्रबंध निदेशक मध्यांचल द्वारा बरेली एवं बदायूं में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 के निदेशक (वाणिज्य) एवं निदेशक (तकनीकी) के साथ वाणिज्यिक/तकनीकी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए बरेली एवं बदायूं के स्थानीय अधिकारियों को राजस्व वसूली को शत-प्रतिशत करने एवं वाणिज्यिक पैरामीटार में सुधार के लिए निर्देशित किया। समस्त अधिशासी अभियंताओं को 10 हजार से अधिक बकायेदारों पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी के निर्देश देते हुए यह भी आदेश दिये गये कि बड़े बाकायेदारों के घर जाकर कार्रवाई करें, तकनीकी व्यवस्था के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त परिवर्तकों को भी 24 घंटे के अन्दर बदलने एवं 1912 प्राप्त शिकायतों का ससमय निस्तारण करने तथा परिवर्तकों की क्षतिग्रस्तता को कम करने के भी निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त स्थानीय मुख्य अभियंता को यह भी निर्देश दिये गये कि राजस्व एवं उपभोक्ता टर्न-अप में बढ़ोत्तरी के लिए बकायेदार उपभोक्ताओं के संयोजन विच्छेदन की कार्रवाई करें तथा उसका स्थानीय मीडिया मे व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। जिससे कि विभागीय राजस्व में आशातीत बढ़ोत्तरी हो सके। समीक्षा बैठक में प्रबंध निदेशक मध्यांचल के साथ निदेशक (वाणिज्य) एवं मुख्य अभियंता (बरेली), अधीक्षण अभियन्ता बदायूं सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# वीर भामाशाह की जयंती मनाई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लोक भवन महादान वीर भामाशाह की जयंती समारोह में।उपस्थित संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे राष्ट्रीय सचिव प्रमोद मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप साहू। लखनऊ जिला प्रभारी प्रवीण मणि त्रिपाठी अयोध्या रोड अध्यक्ष रतन सिंह गोमती नगर अध्यक्ष अर्पित गोयल बख्शी तालाब अध्यक्ष वेद रतन सिंह हांसखेड़ा अध्यक्ष चंद्रभान यादव कपूरथला अध्यक्ष कौशल गुप्ता आदि क्षेत्र के अध्यक्ष अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे सभी व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय संयोजक को पितृ शोक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के राष्ट्रीय संयोजक और स्टार प्रचारक अश्विनी पांडेय के लगभग 65 वर्षीय पिता राम बादल पाण्डेय का कल शाम लगभग 7 बजे कानपुर के स्थाई आवास पर इलाजोपरांत आकस्मिक निधन हो गया। वे विगत कई वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे। अंतिम संस्कार मगन पाण्डे का पुरवा कुमार गंज, सोरांव अयोध्या में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय, राष्ट्रीय वरिष्ठ सलाहकार लाल पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष सतीश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री ज्ञानू तिवारी,गोरखपुर प्रभारी डीडी अग्रहरि, प्रयागराज प्रभारी अनिल मिश्रा, देवरिया प्रभारी लोकेश शरण तिवारी, लखनऊ प्रभारी अजय कुमार सिंह , समिति मीडिया प्रभारी अभिषेक बाजपेई लखनऊ कार्यकारिणी से इंदिरानगर अध्यक्ष गोविंद कुमार पटवा, चौक डिपो महामंत्री सत्य प्रकाश दीक्षित, गोमतीनगर महामंत्री महेश कुमार आर्य आईटी डिपो महामंत्री, श्रीदत पाण्डेय के अतिरिक्त राष्ट्रीय समिति के वरिष्ठ वितरक साथियों एवं वितरक पदाधिकारियों के साथ साथ समस्त प्रेस संस्थाओं के हजारों की संख्या में लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# पुस्तक अपने हिस्से का युद्ध पर परिचर्चा गोष्ठी हुई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लेखिका एवं साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था आकाशगंगा न्यास की अध्यक्ष शीला पांडे की नव प्रकाशित पुस्तक अपने हिस्से का युद्ध स्त्री विमर्श पर एक परिचर्चा गोष्ठी का आयोजन कैफ़ी आज़मी एकेडमी के सेमिनार सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ आलोचक डॉ इंदीवर पांडेय, मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय, समाज सेविका एवं साहित्यकार डॉ रूपरेखा वर्मा,विशिष्ट अतिथि एवं विशेष वक्ता साहित्यकार सत्येंद्र कुमार रघुवंशी,विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता डॉ रीता चौधरी एवं लेखक शीला पांडे ने पुस्तक पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजीत प्रियदर्शी ने किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन वाणी वंदना से हुआ। स्वागत वक्तव्य डॉ




रविशंकर पाण्डेय ने दिया। डॉ रूपरेखा वर्मा ने पुस्तक पर अपना मत रखते हुए कहा कि शीला पांडे की पुस्तक अपने हिस्से का युद्ध विभिन्न स्तरों पर स्त्रियों के जीवन की विषमताओं और इन विषमताओं से उपजे संघर्षों को उजागर करती है। अध्यक्ष डॉ इंदीवर पाण्डेय ने अपने हिस्से का युद्ध पुस्तक पर चर्चा करते हुए कहा कि शीला पांडे जीवन की अनुभूतियों को आत्मसात करने वाली और उसे अभिव्यक्त करने वाली एक प्रबुद्ध लेखिका हैं उनके लेखन का मूल विषय सामाजिक सरोकारों के विश्लेषण का है। सत्येंद्र कुमार रघुवंशी ने कहा कि अपनी पुस्तक अपने हिस्से का युद्ध में लेखिका शीला पाण्डे आधी आबादी के जुझारूपन,अस्मिता-बोध और स्वतन्त्रचेता मन की बात करती हैं और तार्किक एवं असरदार ढंग से उन मुद्दों को उठाती हैं जिनकी ओर पुरुष-समाज का ध्यान शिद्दत से जाना चाहिए। डॉ रीता चौधरी ने पुस्तक का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पुस्तक साधारण दिखते हुए भी यह एक असाधारण और बहुत महत्वपूर्ण पुस्तक है जिसमें क्रांति के तेवर विद्यमान हैं। पुस्तक की लेखिका शीला पांडे ने अपने हिस्से का युद्ध पुस्तक से कुछ अंश पढ़कर सुनाये बहुमूल्य सिक्के अपनी - अपनी तिजोरियों में बन्द हैं जिस दिन ये बाजार में समूहिकता से उतार दिए गये, तो आधिपत्य और कारोबार में शीर्ष फलन स्वयं स्त्रियों की झोली में आ गिरेगा। तत्पश्चात डॉ अजित प्रियदर्शी ने कहा कि शीला पांडेय की यह किताब पुरुष प्रधान वर्चस्ववादी सोच और उससे उत्पन्न अन्याय एवं शोषण के विरुद्ध स्त्री को स्वतंत्रता ,सामाजिक समानता, न्याय, शिक्षा और कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसरों के लिए संघर्ष का आह्वान करती है। व्यंग्यकार डॉ अरविन्द तिवारी,कवि नरेश सक्सेना, डॉ सुभाष राय, डॉ विजय राय, शैलेन्द्र सागर, डॉ सुधाकर अदीब, डॉ दीपा तिवारी, डॉ राजेंद्र वर्मा, प्रतुल जोशी, डॉ रजनी गुप्त के साथ कई लोग शामिल रहे।

# कथक नवप्रभात कलाकारों की मनोहारी प्रस्तुति

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राग प्रभात कथक नृत्य भूमि निदेशक रिनी भारद्वाज और प्रबंधन प्रमुख वान्या भारद्वाज और रचना प्रभात प्रोडक्शंस निदेशक रचना प्रभात ने संत गाडगे जी सभागार, संगीत नाटक अकादमी में कथक कार्यक्रम नवप्रभात का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का निर्देशन और कोरियोग्राफी कथक कलाकार और राग प्रभात कथक नृत्य भूमि की निदेशक रिनी भारद्वाज ने की और इसकी मेजबानी गौरी भारद्वाज ने की। कार्यक्रम राग प्रभात द्वारा 27 जून तक आयोजित उनकी 3-सप्ताह की कथक कार्यशाला का समापन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों प्रशांत सिंह अटल, अध्यक्ष यूपी बार काउंसिल और चीफ स्टैंडिंग काउंसिल, यूपी राज्य और दुर्गेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा विभाग, युवा एकल द्वारा दीप प्रज्वलित करने के साथ हुई। साथ ही रचना प्रभात प्रोडक्शंस की निदेशक रचना प्रभात और राग प्रभात-कथक नृत्य भूमि की निदेशक रिनी भारद्वाज भी मौजूद थीं। कार्यक्रम को रचना प्रभात प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत किया गया और मनु दीक्षित-एडवोकेट एंड एसोसिएट्स, सालासर ग्रानिमर्मो और लक्ष्य रियलइंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यशाला के छात्रों द्वारा विभिन्न अर्ध-शास्त्रीय और बॉलीवुड गीतों पर 8 प्रदर्शन किए गए। कार्यक्रम का समापन उनकी मार्गदर्शक और पेशेवर कथक कलाकार और शिक्षिका रिनी भारद्वाज के विशेष कथक प्रदर्शन के साथ हुआ। उन्होंने अपनी प्रस्तुति मधुराष्टकम (कृष्ण भजन) से शुरू की, उसके बाद तराना दिया और इथलाती रचना के साथ समापन किया, जो सभी कथक के लखनऊ कालका बिंदादीन घराने के प्रवर्तक पंडित बिरजू महाराज द्वारा रचित थे। सभी प्रदर्शनों का निर्देशन और निर्देशन रिनी भारद्वाज ने किया। शाम के प्रदर्शनों के बाद रिनी भारद्वाज ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कथक नृत्य के साथ-साथ कार्यशाला के बारे में अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथियों के धन्यवाद नोट और छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ।





# फिर बोले सीएम, एक रहोगे तो नेक रहोगे

## भामाशाह जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजन, हर जिले में सम्मानित होंगे सर्वाधिक टेक्स देने वाले व्यापारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दानवीर भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफिया के सामने नाक रगड़ी और सत्ता को गिरवी रख दिया था। जाति के नाम पर राजनीति करने वाले आज भी समाज को बांट रहे हैं। इसीलिए मैं कहता हूं कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे। मुख्यमंत्री ने दानवीर भामाशाह के आदर्शों को अपनाने और समाज को जातिगत विभाजन से मुक्त रखने का आह्वान किया।



मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने के लिए मैसूर के राजा चामराजेन्द्र वाडियार और खेतड़ी के राजा अजीत सिंह के सहयोग की चर्चा की। डॉ अंबेडकर को विदेश पढ़ाई के लिए वडोदरा के राजा सैयाजीराव गायकवाड द्वारा दी गई स्कॉलरशिप का जिक्र करते हुए कहा कि इन महापुरुषों के सहयोग में जाति कहां थी? ये सहयोग सात्विक और सकारात्मक भाव से किया गया। उन्होंने कहा, कि भामाशाह का यह त्याग 'नेशन फर्स्ट' की भावना का प्रतीक है। यह संपत्ति देश से ही अर्जित की गई है और इसे देश के लिए समर्पित करना उनका कर्तव्य है। जब जब महाराणा प्रताप की चर्चा होगी, तब तब दानवीर भामाशाह भी याद किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि 2016 में लखनऊ में एक व्यापारी की निर्मम हत्या हुई थी, सुल्तानपुर में सराफा व्यवसाई को गोली मारी गई थी। उस समय की सरकार लुटेरों और बदमाशों को संरक्षण दे रही थी। हमारी सरकार ने व्यापारी और बेटी की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा। हमने कहा कि इनकी सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों का टिकट यमराज काटेंगे। जब बदमाशों का हिसाब हुआ, तब जाति के नाम पर बांटने वाले घड़ियाली आंसू बहाने लगे। मुख्यमंत्री ने जीएसटी विभाग को निर्देश दिया कि हर साल प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ में और प्रत्येक जनपद के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। दुर्घटना का शिकार होने वाले जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता दी जाए। उन्होंने कहा कि हर जिले में एक नदी के पुनरोद्धार और वृक्षारोपण का अभियान चल रहा है। व्यापारी और व्यापार मंडल इस अभियान से जुड़ें। नदियां सबको पानी देती हैं, पेड़ सबको छाया देते हैं। मुख्यमंत्री ने दानवीर भामाशाह के जीवन से प्रेरित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही, समाज में विशेष योगदान देने वाले व्यापारियों को भी सम्मानित किया गया। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को गदा भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक डॉ नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, व्यापारी कल्याण बोर्ड यूपी के पूर्व अध्यक्ष रविकांत गर्ग, संदीप बंसल, संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम सहित कई अधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे।

### सम्मानित हुए व्यापारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक कर देने वाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया। इसमें रचना गर्ग, हेमंत शर्मा, मोहम्मद जावेद सिद्दिकी, अमित निगम, अशोक कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग शामिल है।

# संविधान से छेड़छाड़ हुई तो बसपा देश भर में करेगी प्रदर्शन : मायावती

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के संविधान की प्रस्तावना पर दिए गए बयान पर सियासत गरमा गई है। अब इस मामले में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि समय समय पर संविधान में गैर जरूरी परिवर्तन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना प्रस्तवान में दर्शाया गया है, उसमें छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।

बसपा सुप्रीमो शनिवार को लखनऊ में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि संविधान के साथ अगर किसी ने छेड़छाड़ की तो बसपा के नेता और पदाधिकारियों के साथ सड़क पर इसका निकलकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के दिल में कुछ और और जुबान पर कुछ और होता है। उन्होंने कहा कि पार्टियों को अपने संकीर्ण विचार से ऊपर उठकर संविधान से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। मायावती ने कहा कि हमें भी अपनी आवाज को देशभर में उठाना पड़ेगा।



**राज्यों में भाषा के नाम पर राजनीति ठीक नहीं**

इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश के कई राज्यों में भाषा के नाम पर राजनीति ठीक नहीं है। सभी भाषाओं को सम्मान देना चाहिए। सरकार और पार्टियों में टकराव होना ठीक नहीं है। वहीं मायावती ने बिहार में वोटर लिस्ट वाले मामले पर कहा कि चुनाव आयोग को अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए और पार्टियों को विश्वास में लेना चाहिए।

**भाजपा-कांग्रेस दोहरे चरित्र अपनाकर हो जाती हैं एक**

मायावती ने कहा कि बाबा साहब के संविधान पर कांग्रेस और बीजेपी ने अपना विश्वास नहीं जताया है। संविधान पर बीजेपी और कांग्रेस ने ठीक से अमल नहीं किया, पार्टी अपनी-अपनी पार्टी की विचारधारा अपनाती है। दोनों पार्टी दोहरे चरित्र अपनाकर एक हो जाती हैं, संविधान से छेड़छाड़ करना ठीक नहीं है। अगर ये संविधान विरोधी चेहरे को नहीं बदलेंगे तो हमें आना होगा. उन्होंने कहा कि बंगाल में हमारी महिला सुरक्षित नहीं हैं।

### क्या बोले थे दत्तात्रेय होसबाले

बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 27 जून 2025 को दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि ये शब्द 1975 के आपातकाल के दौरान 42वें संशोधन के जरिए संविधान में शामिल किए गए थे और इन्हें कृत्रिम मानते हुए हटाने की आवश्यकता है।

# बिटिया का कराएंगे इलाज : मुख्यमंत्री

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और निस्ताकरण के निर्देश दिए। उन्होंने नन्ही बिटिया के इलाज में मदद और आवास की व्यवस्था करने की गुहार के साथ बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि बच्ची का अच्छे से अच्छा इलाज एवं परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी।

## जनता दर्शन में सीएम ने सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई करायी जायेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन में कुछ अन्य लोग भी इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

# प्रबंधन के खिलाफ पावर ऑफिसर एसोसिएशन छेड़ेगी आंदोलन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के निजीकरण को लेकर प्रदेश के बिजली कार्मिकों के लगभग सभी संगठन विरोध कर रहे हैं और अब पावर कारपोरेशन ने दंडनात्मक कार्रवाई करते हुए कुछ कार्मिकों व अभियंताओं पर किसी न किसी मामले में हतोत्साहित करने के लिए एफआईआर दर्ज कराने की घटना से पूरे प्रदेश के दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं में भारी रोष व्याप्त है।

पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने कहा है कि प्रबंधन की कार्रवाई पूरी तरह चिन्हित कर व्यक्तिगत रूप से उकसाने की है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि बिजली हमेशा सरकारी क्षेत्र में रहनी चाहिए। इसलिए निजीकरण का तो सवाल ही नहीं। बाबा साहब ने जो कह दिया, उसके पीछे पूरे प्रदेश का दलित और पिछड़े वर्ग का अभियंता खड़ा है।




किसी भी सूरत में निजीकरण बर्दाश्त नहीं करेगा। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की शनिवार को एक आपात बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस प्रकार की दंडनात्मक कार्रवाई के खिलाफ पूरे प्रदेश में दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता चुप नहीं बैठेंगे। पावर कॉरपोरेशन की इस प्रकार की कार्रवाई पर विराम लगे। पहले स्थानांतरण नियमावली का उल्लंघन करके बड़े पैमाने पर उत्पीड़न करने की नीयत से स्थानांतरण किए गए और अब इस प्रकार की कार्रवाई निजीकरण के खिलाफ और मजबूत आंदोलन खड़ा करेगा। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपीकेन, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, संगठन सचिव बिंदा प्रसाद, ट्रांसमिशन अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा व एक प्रभाकर ने अपने बयान में कहा है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को इस प्रकार की कार्रवाई से बाज आना चाहिए। संवैधानिक रूप से आंदोलन करने का सभी संगठनों को अधिकार है। वह अपने संवैधानिक अधिकार के तहत निजीकरण का विरोध कर रहे हैं।

# रविवार को भी खुले रहेंगे जोनल कार्यालय व कैश काउंटर

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** हाउस टैक्स के लिए नगर निगम रविवार को भी अपने सभी जोनल कार्यालयों में कैश काउंटर खोलेगा। इसके लिए कर्मचारियों के अवकाश रद कर दिये गये हैं। नगर निगम ने लोगों से अपील की है कि वह हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ उठायें। अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। इसके बाद छूट की अवधि नहीं बढ़ेगी।

# पांच सीएचसी में आसानी से होगा अल्ट्रासाउंड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** एनएचएम की ओर से लखनऊ के सरकारी अस्पतालों में 30 डॉक्टर दिए गए हैं। शहर की पांच सीएचसी समेत छह रेडियोलॉजिस्ट भी मिल गए हैं। इससे अब सीएचसी पर आने वाली गर्भवतियों का मौके पर ही अल्ट्रासाउंड हो सकेगा। एनएचएम की ओर से शहर के अस्पतालों को कई विशेषज्ञ डॉक्टर मिले हैं, जिसमें रेडियोलॉजिस्ट के अलावा ईएनटी सर्जन, फिजिशियन व अन्य शामिल हैं। शहर की पांच सीएचसी में रेडियोलॉजिस्ट नहीं थे। एनएचएम से रेडियोलॉजिस्ट मिलने पर उनको अलीगंज, हजरतगंज एनके रोड, सिल्वर जुबली, टूड़ियागंज और चिनहट सीएचसी पर तैनात किया गया है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह के मुताबिक एनएचएम के जरिए मिले रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती से अब अल्ट्रासाउंड और दूसरी जांच आसानी से हो सकेगी। पांच सीएचसी के अलावा एक रेडियोलॉजिस्ट को लोकबंधु राजनारायण संयुक्त अस्पताल में तैनात किया गया है। इसके अलावा बेहोशी, ईएनटी, जनरल सर्जन के भी एक-एक डॉक्टर मिले हैं।

# पीजीआई में नवनियुक्त कर्मचारियों को पढ़ाया गया अनुशासन का पाठ

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** मरीजों के साथ कैसा व्यवहार करें, साथी कर्मचारियों के साथ कैसे तालमेल बिठायें सहित अन्य कई मसलों को लेकर पीजीआई में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त कर्मचारियों को शनिवार को अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। कर्मचारियों को उप्र. सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 (संशोधित 1998) को समझाते हुए कार्य स्थल पर सरल, सुलभ और पेशेवर आचरण को विस्तार से बताया गया। पीजीआई के संयुक्त निदेशक प्रशासन लेफ्टिनेंट कर्नल जयदीप सिंह घुमन के निर्देशन में प्रो. एसएस अग्रवाल सभागार में आचार संहिता विषयक संगोष्ठी हुई। इसमें संस्थान के नवनियुक्त कर्मचारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उत्साही भागीदारी देखी गई। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर सीएमएस डॉ. देवेंद्र गुप्ता, आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष और गेस्ट्रो सर्जरी विभाग की प्रमुख डॉ. अनु बिहारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निखिल चंद्रा, सामाजिक कार्यकर्ता व संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति की बाहरी सदस्य शालिनी माथुर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एसएस अशरफ, प्रशासनिक अधिकारी मुकेश सक्सेना, अश्विनी कुमार वर्मा, कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पहले के सिक्के मूल्यवान थे, अब के सिक्के व नोट आभासी हो गए

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सिक्के की दुनिया की बात करें तो पहले के सिक्के धातु के बने होते थे। ये सिक्के सोना, चांदी, तांबा, रजत, ताम्र, निकिल, शीशे के होते थे। इनका जीवन लंबा होता था। प्राचीन काल में वस्तुएं और खाद्य पदार्थो के बदले आपसी लेनदेन होते थे। अब के सिक्के और नोट आभासी हो गए हैं। आप सिर्फ महसूस कर सकते है कि मेरे पास इनते कीमत के सिक्के या नोट हैं। हकीकत में इनते कीमती सिक्के और नोट होते नहीं है। इसलिए वर्तमान समय में सिक्के और नोट को आभासी के रूप में परिभाषित किया गया है। उक्त बातें मौन सिक्के, मुखर इतिहास विषय पर कैसरबाग स्थित छतर मंजिल में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के समापन पर राज्य संग्रहालय के मुद्राशास्त्र अधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह ने कहीं।

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहे बौद्ध तीर्थ : जयवीर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भगवान बुद्ध की कर्मस्थली रहे श्रावस्ती स्थित महामंगोल बौद्ध विहार परिसर की भव्य प्रतिमा अब रात के अंधेरे में भी आलोकित दिखाई देगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस ऐतिहासिक स्थल की सुंदरता को रात में भी जीवंत बनाए रखने के लिए फसाड लाइटिंग की योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत लगभग 80 लाख रुपये की लागत से समूचे परिसर में अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था की जाएगी, जिससे यह स्थल पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक नई रोशनी में निखर उठेगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप है, जो राज्य के बौद्ध स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि श्रावस्ती बौद्ध, जैन और सनातन धर्म की साझा विरासत वाला नगर है, जहां भगवान बुद्ध ने अपने जीवन के कई वर्ष वर्षावास करते हुए बिताए। यही कारण है कि यह स्थान दुनियाभर के बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए आस्था और शांति का प्रतीक है।पर्यटन विभाग की इस योजना के अंतर्गत महामंगोल बौद्ध विहार की प्रतिमा को 360 डिग्री प्रकाश से सजाया जाएगा, जिससे यह हर कोण से एक समान भव्य दिखाई देगी। विशेष पर्वों और आयोजनों पर यहां थीम आधारित रोशनी का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जिससे पर्यटकों को एक नया दृश्य अनुभव मिलेगा।मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य श्रावस्ती को एक वैश्विक बौद्ध तीर्थ और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। सरकार द्वारा यहां निरंतर पर्यटक सुविधाओं का विस्तार और धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। फसाड लाइटिंग की योजना न सिर्फ सौंदर्यवृद्धि का कार्य करेगी, बल्कि स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी गति देगी।उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में श्रावस्ती में कुल 1,27,222 पर्यटक आए, जिनमें 1,20,540 घरेलू और 6,682 विदेशी पर्यटक शामिल थे। विभाग को उम्मीद है कि नई सुविधाओं के जुड़ने से यह संख्या आगामी वर्षों में और भी अधिक बढ़ेगी।श्रावस्ती आने वाले पर्यटक जेतवन महाविहार, अंगुलिमाल गुफा, आनंद बोधि वृक्ष सहित कई स्थलों की यात्रा करते हैं जो भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े हैं। अब फसाड लाइटिंग के बाद यह स्थल रात में भी उतना ही जीवंत और दर्शनीय रहेगा, जितना दिन में होता है। सरकार की यह पहल न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से भी श्रावस्ती को नई पहचान देने जा रही है।

# अब लोनिवि में हर महीने 5, 15 और 25 तारीख को निकलेंगे टेंडर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अब लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) में हर महीने की 5, 15 और 25 तारीख को ही टेंडर निकाले जाएंगे। विभागाध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। इस आशय का फैसला वर्ष 2018 में हुआ था, जिसपर वर्ष 2023 में रोक लगा दी गई थी। ठेकेदारों ने मांग की थी कि मंडल में एक ही तारीख में निविदाएं मांगी जाएं ताकि आवेदन करने में ठेकेदारों को आसानी हो। इसके अलावा अगली निविदा की तारीख आने से पहले तक उनके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि टेंडर न मिलने की सूरत में खाली हो जाए। उसका प्रयोग वे अगले बार की निविदा में कर सकेंगे। ठेकेदारों और विभाग के आला अधिकारियों के बीच हुई बैठक के बाद वर्ष 2018 में आदेश पर अमल करने के आदेश हो गए थे। हालांकि, किन्हीं कारणों से वर्ष 2023 में आदेश स्थगित कर दिए गए थे। इसपर ठेकेदारों ने कई बार आपत्ति जताई थी। तकरीबन दो साल बाद आदेश फिर से लागू कर दिए गए हैं। अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि अगर इन तारीखों में अवकाश होता है तो अगले कार्यदिवस में निविदा निकाली जाए।

# जलकल कर्मचारियों ने विभाग में भ्रष्टाचार का उठाया मुद्दा

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** जलकल कर्मचारी समन्वय समिति के बैनर तले शनिवार को कर्मचारियों ने गेट मीटिंग की।

## जलकल महाप्रबंधक को भेजा ज्ञापन

कर्मचारियों ने जलकल विभाग लखनऊ में बढ़ती कर्मचारी समस्याओं, अनियमितता व भ्रष्टाचार के दृष्टिगत यह सभा की। कार्यक्रम जोन- 7 इंदिरा नगर जलकल विभाग अधिशासी अभियंता कार्यालय के समक्ष किया गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जलकल महाप्रबंधक द्वारा समन्वय समिति के प्रेषित 25 सूत्री मांग पत्र पर 7 दिवस के अंदर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 7 दिवस के बाद एक बड़े आंदोलन किया जायेगा। गेट मीटिंग में मुख्य रूप से तूफानी, संतराम, सैयद मुख्तार, शानू आलम, सोनू धानुक, शैलेश धानुक, हरेश कुमार, संदीप अवस्थी, आकाश कुमार गुप्ता, रुदल राजभर, शिवशंकर भारती , ऋषि कुमार, कल्पना धानुक, आशीष कुमार, मनोज नायक आदि साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# काकोरी में सात अवैध प्लाटिंगों पर चला एलडीए का बुलडोजर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे

## प्रवर्तन जोन-2,3 और 5 की टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम

अभियान के क्रम में शनिवार को प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान गोसाईगंज व काकोरी में 07 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। वहीं, गुड़म्बा व जानकीपुरम में अवैध रूप से बनाये जा रहे रो-हाउस भवन सील किये गये।



प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि नरेन्द्र सिंह यादव व अन्य द्वारा गोसाईगंज के खुजौली के उदवतखेड़ा में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। वहीं, राकेश सिंह द्वारा उदवतखेड़ा में लगभग 5 बीघा व देवारी द्वारा लगभग 2 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि करन, ज्ञानी, मोहम्मद वसीम व अन्य द्वारा काकोरी के ग्राम-मौंदा में पानी की टंकी के सामने लगभग 8 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसी तरह मनीष चंदानी, मुकेश यादव व अन्य द्वारा ग्राम-मौंदा में लगभग 2 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा राजन, पप्पू, असलम व अन्य द्वारा ग्राम-मौंदा में 2-2 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन चारों अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया।

### जानकीपुरम में अवैध रो-हाउस सील

प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि मोहम्मद एयाज व अन्य द्वारा गुड़म्बा के मिश्रपुर में पंचेश्वर मंदिर बाबा चौराहे के पास लगभग 1,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह मोहम्मद अजीम अहमद व अन्य द्वारा जानकीपुरम के बृजधाम में लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया।




# हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर बढ़ता यूपी : योगी

## नदियों के किनारे पौधरोपण पर जोर, वृक्षारोपण महाभियान- 2025 का लोगो जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** जुलाई में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को समीक्षा बैठक में इस अभियान को जनांदोलन का रूप चलाने पर जोर दिया। वृक्षारोपण महाभियान- 2025 का लोगो जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार हम एक दिन में प्रदेश की जनसंख्या से भी अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। एक पेड़ माँ के नाम थीम पर आधारित इस अभियान में हमारा प्रयास प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि विगत 8 वर्षों में प्रदेश में 204.92 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2023 के बीच प्रदेश के हरित आवरण में तीन लाख एकड़



की वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन महोत्सव की अवधि में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया जाए। साथ ही उनके अभिभावकों को एक पौधा भी भेंट किया जाए। इस पहल को अभियान का भावनात्मक आधार बनाया जाए। इस बार वन महोत्सव में कुल 35 करोड़ पौधे रोपे जाने हैं, जो उत्तर प्रदेश की कुल आबादी से भी अधिक होगी। इस बार वन विभाग द्वारा 12 करोड़ 60 लाख पौधे तथा अन्य विभागों द्वारा 22 करोड़ 40 लाख पौधे लगाए जाएंगे। विभागवार लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है। समन्वय के लिए सभी विभागों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत लाभान्वित सभी विद्यालयों में वृहद स्तर पर पौधरोपण कराया जाए। इसी प्रकार, सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में सहजन सहित छायादार वृक्षों का रोपण आवश्य किया जाए। सभी औद्योगिक इकाइयों और परिसरों में सघन पौधरोपण कराया जाए, जिससे औद्योगिक वातावरण अधिक हरित और स्वस्थ बन सके। सभी निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में नीम, पाकड़, पीपल जैसे वृक्षों को प्राथमिकता दी जाए। इस बार वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के दोनों तटों पर वृक्षारोपण कराया जाए, जिससे जल गुणवत्ता और जैव विविधता दोनों को लाभ मिले। साथ ही आवश्यकतानुसार नदियों का चैनलाइजेशन भी किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटकों, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, प्रभात फेरियों, फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सार्वजनिक स्थलों पर फलदार वृक्षों जैसे आम, जामुन, इमली आदि का रोपण किया जाना चाहिए ताकि हरियाली के साथ-साथ पौष्टिकता भी बढ़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर लिंक, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, आगरा-लखनऊ और गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे वृहद पौध रोपण कराया जाए, जिससे सर्विस लेन पर हरित पट्टी तैयार हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सभी लाभार्थियों से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील किया। रोपे गए पौधे की जियो टैगिंग कराई जाए और उनकी फेंसिंग की समुचित व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों के बेहतर भविष्य की बुनियाद है।



राजधानी के हजरतगंज चौराहे पर शाम को हुई झमाझम बारिश का आनंद लेते लोग

# भंडारे में लोगों को बांटा प्रसाद



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मकबूलगंज स्थित लगभग 100वर्ष प्राचीन श्री हरीसभा जी मंदिर मे श्री जगन्नाथ की यात्रा का आयोजन हुआ! मंदिर के पुरोहित तारक नाथ भट्टाचार्य व मीडिया प्रभारी विवेकानन्द शिवाजी सुदामा दास नागवंशी केजीएफ रॉकी ने बताया की श्री जगन्नाथ की भव्य यात्रा मे विधायक रविदास मेहरोत्रा ने हजारों भक्तों के साथ सिरकत की व विशाल भंडारे का भी भव्य आयोजन हुआ! अध्यक्ष वासुदेव बनर्जी बलरामपुर चीनी मिल,सचिव प्रदीप प्रामनिक,पीसी मुखर्जी ने कार्यक्रम को भव्य व सफल बनाने मे पप्पू चाचा, अनूप वर्मा,डॉ सुनीता चंद्रा,दीदी अरुणा श्रीवास्तव,अनूप श्रीवास्तव,शुभम पीवीसी,माता मालती साहू,रोहित साहू मध्य विधानसभा उपाध्यक्ष,राजकुमार साहू,राजपूत, रागिनी साहू,राजेंद्र शुक्ला पूर्व सभासद,कार्तिकेय शुक्ला,अंकुश भट्टाचार्य,सुनीता भट्टाचार्य,राज शर्मा आदि स्थानीय लोगों का मुख्य योगदान रहा!

# ट्रक से टकराई बस, तीन की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** फिरोजाबाद में लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर दिल्ली से उरई जालौन जा रही सवारियों से भरी एक स्लीपर बस शनिवार को आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस के सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दो यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर थाना नंगला खंगर क्षेत्र में हुआ। एक स्लीपर बस करीब 50 सवारियों को लेकर नई दिल्ली से उरई जालौन जा रही थी। बस जैसे ही किलोमीटर संख्या 68 के पास पहुंची तभी आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिस कारण पीछे चल रही बस आगे ट्रक से टकरा गई। बस में सवार यात्रियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची। बस में गंभीर रूप से घायल हुए यात्रियों को एम्बुलेंस की मदद से सैफई मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया है। इनमें से तीन यात्रियों को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एक मृतक की शिनाख्त बिजेंद्र उर्फ पप्पू निवासी उरई जालौन के रूप में की है।

# हिन्दुओं की एकजुटता के लिए सनातन सम्मेलन जरूरी : राजू दास



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** इन दिनों जाति- पाति के नाम पर लोग आपस में ही भिड़ रहे हैं। कभी - कभी इस तरह की मामूली घटनाएं बड़ा रूप अख्तियार कर लेती है। इसलिए अब जाति - पाति को खत्म करने का समय आ गया है। इसके लिए सनातन सम्मेलन जरूरी हैं। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ बीते कई माह से लगातार सनातन सम्मेलनों का आयोजन कर हिंदू समाज को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। सनातन सम्मेलनों को लेकर अयोध्या हनुमान गढ़ी के महंत एवं मुख्य पुजारी राजू दास ने बताया कि जब तक हम साम्प्रदायिक बने रहेंगे तब तक इसी तरह हिंदू समाज प्रताड़ित होता रहेगा। इसलिए हिंदुओं को अन्य धर्मो को देख कर कट्टरता बढ़ानी होगी। इसके लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम में बदलाव की जरूरत है। साथ ही समाज में जाति पाति की करो बिदाई, हिंदू - हिंदू भाई भाई का नारा बुलंद करने का समय आ गया है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो आज से सौ साल बाद हिंदू धर्म खत्म हो जायेगा। इसका खामियाजा हमारी भावी पीढ़ियों को भुगतना होगा। उन्होंने बताया कि हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के बैनर तले प्रदेश के 48 जनपदों में सनातन सम्मेलनों का आयोजन किया जा चुका है। इसके अलावा बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के पांच दर्जन से अधिक सनातन सम्मेलन आयोजित किये जा चुके हैं। राजू दास ने बताया कि जहां कहीं भी हिंदुओं पर अत्याचार हो उसका कड़ा विरोध होना चाहिए।

# सेना में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के सीतापुर में शुक्रवार देर रात सेना में भर्ती कराने का झांसा देकर युवतियों से ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसे लखनऊ एसटीएफ टीम ने नरायननगर से पकड़ा है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने खुद को सेना में कर्नल बताकर युवतियों से ठगी की थी। वह कर्नल की वर्दी में ही युवतियों से मिला था। पुलिस उपाधीक्षक अश्वनी श्रीवास्तव के निर्देशन में निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आरोपी को शुक्रवार की देर रात में गिरफ्तार कर उसके पास से ठगी की रकम करीब चार लाख रुपये बरामद हुई है।आरोपी ने युवतियों से रकम लेकर उन्हें स्वंय के द्वारा तैयार आर्मी के कूटरचित फर्जी नर्सिंग असिस्टेंट के नियुक्ति पत्र दिए थे। सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

# परिषदीय स्कूलों में संचालित होगी प्री प्राइमरी कक्षाएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अब सभी सरकारी परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को निजी स्कूलों के तर्ज पर प्री प्राइमरी कक्षाओं की शुरुआत होगी। इसकी मांग विभिन्न शिक्षक संगठन करते चले आ रहे हैं। प्री प्राइमरी कक्षाओं में अर्ली चाइल्ड एंड केयर एजुकेटर (ईसीसीई) की भर्ती के लिए शिक्षा मंत्रालय मंत्रालय ने सहमति दे दी है और लगभग 113 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया है । बेसिक शिक्षा विभाग इन एजुकेटर्स को संविदा पर 11 महीने के लिए रखेगा और 10313 रुपए प्रतिमाह मानदेय देगा। बेसिक शिक्षा विभाग के उप सचिव आनंद कुमार सिंह ने बताया कि एजुकेटर संबंधित विद्यालयों के आंगनबाड़ी केंद्रों को बालवाटिका के रूप में विकसित करने और 3 से 6 साल के बच्चों को प्री प्राइमरी शिक्षा देने का काम करेंगे । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पहली कक्षा में नामांकन के लिए कम से कम 6 वर्ष की आयु होनी चाहिए इससे पूर्व प्री प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य है । प्रदेश में लगभग एक लाख ग्यारह हजार परिषदीय प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में इसका संचालन किया जाना है इनमें लगभग 70 हजार परिषदीय विद्यालयों के परिसर में पहले से ही आंगनबाड़ी केंद्र मौजूद हैं। इन केंद्रों पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ईसीसीई एजुकेटर के द्वारा विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा कि प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में अर्ली चाइल्ड केयर एंड एजुकेटर भर्ती विभाग का सराहनीय कदम है। इस भर्ती से 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों की शिक्षा के स्तर में सुधार होगा व 5 से 6 साल के बच्चों पर विशेष ध्यान देने पर निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने में आसानी होगी साथ ही परिषदीय विद्यालयों में नामांकन में भी तेजी से सुधार होगा । इससे जहां एक और शिक्षा का स्तर सुधरेगा वहीं हजारों युवाओं को रोजगार भी मिलेगा प्री प्राइमरी कक्षाओं के लिए कम से कम तीन ईसीसीई एजुकेटर रखे जायेंगे।

# सीएम ने जताया शोक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कौशांबी में आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है।दिवंगतों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना जतायी है। साथ ही दिवंगत के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस आपदा से घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# मेंस उत्तीर्ण युवाओं को मौका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा भागीदारी भवन में आयोजित कोचिंग में इस बार उन युवाओं को मेंटर बनने का अवसर दिया जा रहा है, जिन्होंने पूर्व में संस्थान से कोचिंग ली है और संघ लोक सेवा आयोग अथवा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की है। संस्थान द्वारा ऐसे पूर्व में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तारीख 11 जुलाई निर्धारित की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव ने बताया कि 5 युवाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें प्रत्येक कक्षा के लिए 500 रुपये का मानदेय दिया जाएगा। संस्थान के अनुसार चयनित प्रेरकों को अनिवार्य रूप से तय समयावधि के लिए मेंटरिंग गतिविधियों में सहभागिता करनी होगी। यह पहल पूर्व के उम्मीदवारों के अनुभव का लाभ वर्तमान अभ्यर्थियों तक पहुंच सकेगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के युवा उम्मीदवारों को आईएएस, पीसीएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी करवाई जाती है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.-01,** ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "16-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26" निविदा कार्य का विवरण: "अन-माउंटिंग & माउंटिंग एलॉन्ग विथ डिसमेंटलिंग, असेम्बिलंग & ट्रांसपोर्टेसन ऑफ साईड बफर असेंबली एण्ड सेंटर पिवोट असेंबली ईन ऑल टाईप ऑफ कोचेज फॉर 24 मन्थस ऐट मेकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर" अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 68,75,460.12, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 1,37,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: दिनांक 18-07-2025, 11:00 बजे। संविदा की अवधि: 24 माह।
• उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर देखें।
उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य, यांत्रिक
मुजाधि/यॉंत्रिक-37 कारखाना, गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# स्वतंत्र देव सिंह का आरोप, अखिलेश का मानसिक संतुलन बिगड़ा, झूठ और भ्रम फैला रहे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा यूपी सरकार पर लगाए गए आरोपों को प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा, अखिलेश यादव अब पूरी तरह से मानसिक संतुलन खो चुके हैं। सत्ता से बाहर हुए आठ वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन वे आज भी उस जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे। उनके बयान अब तथ्यों से नहीं, कुंठा और बौखलाहट से प्रेरित होते हैं। झूठ फैलाना, भ्रम पैदा करना और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करना अब उनके राजनीतिक व्यवहार का स्थायी हिस्सा बन गया है। गोरखपुर विरासत कॉरिडोर परियोजना पर उठाए गए सवालों को स्वतंत्रदेव सिंह ने दुर्भावनापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी गोरखपुर को माफिया और पिछड़ेपन की पहचान से जोड़ते थे, वे आज उस शहर के सांस्कृतिक और भौतिक विकास से घबराकर उसमें रोड़े अटका रहे हैं। एम्स, फर्टिलाइज़र प्लांट, रामगढ़ताल पुनर्जीवन और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाओं ने गोरखपुर को पूर्वांचल के नवजागरण का प्रतीक बना दिया है। विरासत कॉरिडोर न केवल शहर के सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक बनेगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन, रोजगार और वैश्विक पहचान को भी नई ऊंचाई देगा। सरकार ने पहले भी ऐसे विरासत गलियारों का विकास किया है। यह सपा की संकीर्ण राजनीति को रास नहीं आ रहा। जल शक्ति मंत्री ने अखिलेश यादव द्वारा मुआवजे को लेकर दिए गए बयान को किसानों और व्यापारियों का अपमान बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोरखपुर में कॉरिडोर निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण पूरी पारदर्शिता के साथ, उच्च न्यायालय की निगरानी में किया गया है और प्रभावित लोगों को बाजार मूल्य पर समुचित मुआवजा दिया गया है।


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मणी गुप्ता को गलत कृत्यों के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वंय जिम्मेदार होगा। शिवप्रसाद गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता नि.मो. व थाना सदर बाजार-शाहजहांपुर।
सी.आर.-658/D-33

**सूचना**

मैंने अपना नाम AFSHEEN SYED AIMAN AZIM से बदलकर AFSHEEN SYED AIMAN D/o-AIMAN FARZANA रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ADD-19/237 SEC-19 INDIRA NAGAR DIST-LUCKNOW-226016 (U.P)
सी.आर.-654/L-30

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शादी के पहले मेरा नाम तसनीम कौसर था जो अब बदलकर तसनीम मुस्तफा कर लिया है। मुझे अब तसनीम मुस्तफा के नाम से जाना व पहचाना जाय। तसनीम मुस्तफा पत्नी- आरिफ मुस्तफा निवासिनी -1144/666 सी दरियाबाद-प्रयागराज।
सी.आर.-657/D-33

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम श्री क्रिशन शुक्ला था जो अब बदलकर श्रीकृष्णा शुक्ला कर लिया है। भविष्य में मुझे श्रीकृष्णा शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाय। श्रीकृष्णा शुक्ला पुत्र विजय कुमार शुक्ला निवासी-258/333 चक जीरो रोड, प्रयागराज।
सी.आर.-657/D-34

**सूचना**

मैंने अपना नाम TAHIR से बदलकर MOHAMMAD TAHIR S/o-JAMEEL AHMAD रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ADD-PLOT NO-5, KHA No-358 MAURYA NAGAR NIRMAL DAS KUTI, MADIYAON JANKIPURAM DIST-LUCKNOW-226021 (U.P)
सी.आर.-654/L-29

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOBIN से बदलकर MOBEEN KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o-HABIB KHAN ADD-HUSENPUR MOHAMMADPUR, RISIA, DIST-BAHRAICH-271875 (U.P)
सी.आर.-656/L-25

**सूचना**

मैंने पुत्र सोनू, बहू शिखा उर्फ दीपशिखा के दुराचरण के चलते उन्हें परिवार, जुमला जायदाद से बेदखल किया है रिश्ता खत्म। राधा पत्नी विजय गुप्ता, विजय गुप्ता पुत्र बांकेलाल गुप्ता निवासी मोहल्ला नौरंगाबाद लखीमपुर खीरी।
सी.आर.-655/D-31

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. -3 इलाहाबाद**
**प्रार्थना पत्र स. 237 सन 2025**
1.श्रीमती पूनम पत्नी प्रदीप यादव पुत्री कृपा शंकर वर्तमान पता निवासी -ग्राम गढ़चम्पा थाना मऊआइमा जिला प्रयागराज ( इलाहाबाद)
2. कुमारी अनन्या उम्र 2-1/2 (ढाई) वर्ष पुत्री प्रदीप यादव द्वारा संरक्षिका माता ............ प्रार्थिनी
**बनाम**
प्रदीप यादव गंगा प्रसाद यादव नि. ग्रा. राजपुर देवपट्टी तहसील व थाना रानीगंज जि. प्रतापगढ़ ............. विपक्षी अंतर्गत धारा 144 बी. एन .एस. थाना मऊ आइमा इलाहाबाद
चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है। कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावानी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025.के 08 के08 दिवस को 10 बजे पूर्वह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ठ अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अधारित किया जाएगा
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया
**नियत तिथि-08.08.2025**
**न्यायाधीश**
सी.आर.-657/D-CN

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **ई-निविदा संख्याः** CPM-GS-IZN-2025-07, **कार्य का नामः** उप मुख्य इंजीनियर/गति/इज्जतनगर के कार्य क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत कन्नौज स्टेशन पर शेष कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य (रु):** ₹ 6,47,72,324.08, **बयाना राशि (रु):** ₹ 4,73,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु) :** निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 (बारह) माह, **नोटः 1.** बिड्गि प्रारम्भ करने की तिथि- 07.07.2025, **2.** उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि-दिनांक 21.07.2025, 15.00 बजे तक, **3.**उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 21.07.2025, 15.30 बजे, **4.** निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। **5.** निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों मे कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
अधिशासी इंजीनियर/गतिशक्ति
मुजाधि/डबलू-140 इज्जतनगर
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **25.07.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 07202025 दिनांक 27.06.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 11/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : लखनऊ में उत्तरी कोचिंग कॉम्प्लेक्स वाशिंग लाइन का सुधार/उन्नयन, लखनऊ यार्ड की पुरानी वाशिंग लाइन संख्या 1 और 2 के रेल बीम का पुनर्निर्माण और सदर वाशिंग लाइन के उत्तर की ओर पाथवे की ओर बाड़ लगाने का प्रावधान और लखनऊ में कार्यालय की मरम्मत सहित सी एंड डब्ल्यू कार्यालय तक वाराणसी अंत फ्लोरिंग पर अंतिम रैंप का सुधार। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 5,03,80,239.55 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 4,01,900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 11.07.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 25.07.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1953/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उ. प्र. उर्दू अकादमी, लखनऊ
(उ. प्र. सरकार)
اتر پردیش اردو اکادمی، لکھنؤ
حکومت اتر پردیش
IAS PCS
**उर्दू आई.ए.एस. स्टडी सेन्टर, लखनऊ (यू0पी0)**
**उच्चस्तरीय निःशुल्क कोचिंग सहित उत्तम भोजन एवं हॉस्टल व्यवस्था**
**ग्यारवें बैच (2025-26) का प्रवेश प्रारम्भ**
उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम से सिविल सर्विसेज़ परीक्षा की तैयारी हेतु
अल्पसंख्यकों के लिए सुनहरा अवसर
विस्तृत जानकारी के लिए अकादमी वेबसाइट www.upurduakademi.in पर देखें।
उ0प्र0 उर्दू अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ
सम्पर्क करें- 9450450484, 9208688770
ऑन लाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि : 05.07.2025
प्रवेश परीक्षा तिथि : 13.07.2025
सम्पर्क करने का समय
प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे तक
शौकत अली, सचिव
उन्मेश मिश्रा, निदेशक


# जगन्नाथ की यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मारवाड़ी गली अमीनाबाद से श्री जगन्नाथ की भव्य यात्रा निकली गयी !मीडिया प्रभारी विवेक शिवाजी सुदामा नागवंशी केजीएफ रॉकी ने बताया की यात्रा को विशाल यात्रा व भव्य बनाने मे सहयोग डॉ सुनीता चंद्रा आईवीएफ,राजेंद्र प्रसाद वर्मा,अनूप कुमार वर्मा,लक्ष्मी वर्मा,यश वर्मा,यशी वर्मा,बाबा शिवशरण दास,श्याम सिंह,अशोक प्रजापति,गीता प्रजापति,सुशील यादव,अंश चौहान भूरी,पंडित आकाश दीक्षित,मुन्ना शुक्ला,बड़े भाई प्रथम शुक्ला,अभय शुकला,स्वेता,रुद्रवीर,विलास, उत्तरप्रदेश इरिक्शा-इ ऑटो एसोसिएशन अध्यक्ष मुन्ना सिंह यादव,वीरेंद्र,मयंक,शिवा,प्रदीप यादव,साक्षी,बेकर वंश कश्यप,संदीप पाल डीजे,राधे पाल, कुलदीप पाल, संजय पाल, मंगल पाल, एडवोकेट एकांश गुप्ता, शलोक गुप्ता, सुभाष गुप्ता, राजेश एफसीआई, शुभम कनौजिया,साहिल मुन्ना, शारिक, काशी, मनोज चौरसिया, प्रदीप गुप्ता,रिंकू गुप्ता मामा,विनोद गुप्ता,शिव तुषार गुप्ता,हिमांशु गुप्ता अंकुश भट्टाचार्य,सुनीता भट्टाचार्य,शुभम पीवीसी,खुशबू कृपालानी,आदित्य कृपालानी डुग्गू,मुस्कान कृपालानी, राज शर्मा आदि स्थानीय लोगों का मुख्य योगदान रहा!

# चाकू से गोदकर युवक की निर्मम हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सनसनीखेज हत्याकांडों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। तमामा कोशिशों के बाद भी कमिश्नरेट लखनऊ अपराधियों पर लगाम कसने में नाकाम साबित हो रहा है। कुछ ऐसा ही शुक्रवार देर रात मदेयगंज थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्याकांड हुआ। बेखौफ कातिलों ने चाकू से गोदकर एक युवक की निर्मम हत्या कर दी और फिर शव खाली प्लाट में फेंककर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की, लेकिन कातिलों का कोई भी सुराग हाथ नहीं लगा। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। फिलहाल शुरुआती छानबीन में पुरानी रंजिश में हत्याकांड को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। युवक मुंबई में रहता है, पेशी पर लखनऊ आया हुआ था। पुलिस मृतक के भाई वसीम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। रायबरेली निवासी मृतक के भाई

- खाली प्लाट में शव मिलने से मचा हड़कंप
- पुरानी रंजिश में हत्याकांड को अंजाम देने की बात आ रही सामने
- मदेयगंज थाना क्षेत्र का मामला

ने तहरीर में बताया कि शाबिर अली मुंबई में जॉब करता है। शुक्रवार-शनिवार रात 2:30 शाबिर का शव मदेयगंज इलाके में खाली प्लॉट में पड़ा मिला। शाबिर पर एक हत्या का मुकदमा चल रहा था। जिसके चलते वो लखनऊ आया था। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। हत्या की वजह पुरानी रंजिश सामने आ रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीसीपी सेंट्रल आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि देर रात करीब 2:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर अज्ञात शव की पहचान कराई गई। जिसकी पहचान रायबरेली निवासी शाबिर के रूप में हुई। भाई वसीम ने बताया कि शाबिर 2017 में रायबरेली निवासी पप्पू के मर्डर में शामिल था। जिसकी कोर्ट में कार्रवाई चल रही थी। वसीम का आरोप है कि पप्पू के पिता मुन्ना घोसी ने साथियों के साथ मिलकर शाबिर की हत्या चाकू और चापड़ मारकर कर दी गई है। रायबरेली और लखनऊ पुलिस की पांच टीम मिलकर आरोपियों की तलाश में लगाई गई है।

## चालक ने लगाई फांसी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आशियाना के रश्मि खंड इलाके में किराए के मकान में रहकर करन (30) निजी वाहन चलाता था। भाई राजे ने बताया कि शुक्रवार रात उनकी मां कांतिदेवी कैलाशपुरी में रहने वाली बेटी दीपू के घर गई थीं।इसी दौरान करन ने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे के सहारे फांसी लगा ली। मकान मालिक की पत्नी ने करन को लटकता देख पीड़ित भाई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजे ने बताया कि करन का पत्नी से विवाद चल रहा था। कुछ दिनों पूर्व ससुरों ने करन की पिटाई कर दी थी। करन ने आरोपितों के खिलाफ पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राजे ने हत्या की आशंका जताते हुए मृतक के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल निकलवाकर जांच की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिवारीजनों ने तहरीर नहीं दी है। सूरज कुंड खेड़ा काकोरी निवासी महेंद्र लोधी (24) सीता राम लेबर का काम करता था। पारा राम लीला मैदान तीन मंजिला इमारत में काम कर रहा था। शुक्रवार दोपहर 12 बजे शटरिंग लगाने के दौरान महेंद्र तीन मंजिल से नीचे गिर गया। जिसे साथी मजदूरों ने इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चाचा राम नारायण लोधी ने बताया कि घटना के बाद से ठेकेदार प्रताप गायब है।

# यूपी पुलिस में पिता-पुत्र को मिली नौकरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के पॉडकास्ट बियांड में एक प्रेरणादायक पिता-पुत्र कहानी साझा की गई है। इस एपिसोड में जनपद हापुड़ के पिता-पुत्र यशपाल सिंह नागर और शेखर नागर ने अपने अनुभव और

**पॉडकास्ट बियांड में प्रेरणादायक कहानी**



विचार साझा किए हैं। यशपाल सिंह नागर और उनके पुत्र शेखर नागर दोनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता के बारे में चर्चा करते हुए यशपाल सिंह नागर ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि पिता-पुत्र दोनों परीक्षा में सफल हुए हैं, तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। वह अपने बेटे की सफलता से अधिक खुश थे क्योंकि उनका बेटा अभी अपने करियर की शुरुआत कर रहा था। शेखर नागर ने बताया कि बचपन से ही उनका सपना था कि वह वर्दी पहनें। उनके पिता आर्मी में थे, और वह कैंट एरिया में पले-बढ़े। शेखर ने सहित कई जगहों पर फॉर्म भरे, लेकिन सफल नहीं हो पाए। अंत में, उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का फॉर्म भरा और सफल हुए। शेखर ने बताया कि शुरुआत में वह तैयारी को लेकर गंभीर नहीं थे, लेकिन उनके पिता के साथ लाइब्रेरी में पढ़ाई करने से उन्हें प्रेरणा मिली। वह और उनके पिता दोनों साथ में पढ़ाई करते थे और एक दूसरे से नोट्स शेयर करते थे। शेखर की मैथ्स, इंग्लिश और रीजनिंग अच्छी थी, जबकि उनके पिता की त्य अच्छी थी। इस तरह दोनों ने एक दूसरे की मदद से सफलता प्राप्त की।

**संदेश :** दोनों पिता-पुत्र ने तैयारी करने वाले युवाओं को संदेश दिया कि अगर वे सफल नहीं हो पाए हैं, तो भी उन्हें हार नहीं माननी चाहिए। उन्हें अपना प्रयास जारी रखना चाहिए और मन में विश्वास रखना चाहिए कि वे सफल होंगे। पिता यशपाल सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद वे अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए स्वस्थ रहकर भर्तियों के संबंध में वह ऑनलाइन जानकारी करते रहें। पिता-पुत्र ने परीक्षा की तैयारी के दौरान उनके परिजनों के सहयोग से शारीरिक दक्षता के तरीकों को सीखने के दौरान गांव वालों के तानों व प्रतिक्रिया को नजर अंदाज कर हम दोनों ने यूपी पुलिस में भर्ती व प्रशिक्षण लेकर उनको बिना कुछ कहे ही जवाब देने का काम किया है। यह एपिसोड न केवल पिता-पुत्र की सफलता की कहानी साझा करता है, बल्कि युवाओं को भी प्रेरित करने के साथ ही अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ प्रयास करने में ही सफलता हासिल होती है।

## खबर एक नजर

### किशोरी से छेड़छाड़, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के एक गांव में घर से शौच के लिए निकली किशोरी से गांव के तीन लड़कों ने छेड़छाड़ की। पीड़िता के पिता ने गांव के तीनों आरोपितों के खिलाफ सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर मुकदमा दर्ज कराया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार की रात दो किशोरी घर से शौच के लिए निकली थी तभी गांव के रहने वाले मनीष, गौरव व विशाल ने छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकले। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद आरोपी गौरव व विशाल को गिराफ्तार कर लिया, तथा आरोपी मनीष की तलाश की जा रही है। पीड़िता के पिता ने बताया कि बेटियों का शोर सुनकर जब मौके पर गया तो तीनों ने मिलकर पिटाई कर दी। जिससे सर व शरीर पर चोट भी आई है।

### ई-रिक्शा चालक ने फंदे से लटक गंवाई जान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके स्थित रश्मि खंड में किराए के मकान में रह रहे एक बैट्री ई रिक्शा चालक ने शनिवार सुबह अपने कमरे में दुपट्टे से फंदा बना आत्महत्या कर ली । मकानमालिक के बेटे की सूचना पर पहुंची स्थानीय आशियाना पुलिस ने युवक को फंदे से उतार पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मृतक करण (30) पुत्र स्व निर्मल अपनी मां वीरों के साथ शारदा नगर के रश्मि खंड में सुरेश चंद्र पाल मकान के प्रथम तल पर विगत छ माह से किराए पर रह रहा था। मृतक पेशे से ई रिक्शा चलाता था।मृतक की मां शुक्रवार को अपनी बेटी के ससुराल चारबाग चली गई थी और मृतक घर में अकेला ही था।शनिवार सुबह अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदा बना आत्महत्या कर ली। मकान मालिक के बेटे दीप ने किरायेदार युवक को फंदे से लटका देख पुलिस को सूचना दी थी।मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।मृतक विवाहित था पत्नी मृतक से अलग अपने मायके में रहती थी।

### जाली नोटों के मामले में एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने जाली नोटों की तस्करी में शामिल एक व्यक्ति को सीतापुर से गिरफ्तार किया है। एटीएस ने आरोपित के पास से एक लाख से अधिक के जाली नोट बरामद किए हैं। दरअसल, एटीएस ने शुक्रवार को जाली नोटों की छपाई कर यूपी के विभिन्न जिलों में सप्लाई करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया था। इस गिरोह में शामिल गैंग लीडर समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इस संबंध में लखनऊ एटीएस थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपित से पूछताछ के दौरान टीम को सूचना मिली थी कि सीतापुर जनपद के सिधौली क्षेत्र में रहने वाला अनस अहमद भी जाली नोट सप्लाई संलिप्त होने की पुख्ता जानकारी मिलने पर एटीएस टीम ने शनिवार को जाल बिछाकर सीतापुर के सिधौली अहमदपुर जट मार्ग से अनस को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक लाख पांच हजार रुपये के जाली नोट बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपित ने स्वीकार किया कि बरामद नोट सभी जाली हैं और उसे इन नोटों को बागपत निवासी गजेंद्र यादव ने बेचने के लिए दिए थे। एटीएस के मीडिया प्रवक्ता के मुताबिक अनस अहमद के पास से कुल मूल्य 1,05,000 रुपये की भारतीय जाली मुद्रा बरामद हुई। अनस ने पूछताछ में बताया कि बरामद सभी नोट जाली हैं और उसे गजेंद्र यादव नामक व्यक्ति ने बिक्री के लिए दिए थे। अनस अहमद के खिलाफ थाना एटीएस लखनऊ पर मु.अ.सं.-07/2025 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। एटीएस ने अभियुक्त को नियमानुसार मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इससे पहले भी एटीएस ने इस अब अनस अहमद की गिरफ्तारी से इस नेटवर्क के बारे में और अधिक जानकारी मिलने की उम्मीद है।

### बेकाबू बाइक सवार ने छात्र को रौंदा, मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गोसाईगंज इलाके में तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक छात्र को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास के लोगों ने इलाज के लिए ट्रामा 2 ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज स्थित नई जेल के पास देव सिंह खेड़ा का रहने वाला समर (13) गांव के स्कूल से कक्षा 6 का छात्र था पिता दयाशंकर ने बताया कि उनका बेटा शुक्रवार देर शाम 7:30 बजे पैदल अपनी बाग जा रहा था रोड पार करते समय अचानक एक बेलगाम बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह उछल कर काफी दूर जा गिरा एवं गंभीर रूप से घायल हो गया वहां पर मौजूद परिचितों ने देखा तो घर वालों को सूचना दी जिनके द्वारा इलाज के गंभीर रूप से घायल समर को इलाज के लिए पीजीआई के ट्रामा 2 पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत के बाद पिता दयाशंकर मां सुनीता दो बहने सोनाली,सोनाक्षी का रो-रोकर बुरा हाल है सब गहरे सदमे में है। घर वालों ने बताया कि घटना के बाद मोटरसाइकल सवार मौके से भाग निकला पिता खेती किसानी करते हैं।

### करंट से झुलसे तीन मजदूर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** करंट लगने से 3 मजदूर झुलस गए। सभी निमार्णाधीन अपार्टमेंट की छत की ढलाई का काम कर रहे थे। इस दौरान मिक्सर मशीन में करंट उतरने से हादसा हुआ। तीनों को पहले एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा गंभीर होने पर उनको ढत्रक्क अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना पीजीआई इलाके की वृंदावन योजना स्थित अंतरिक्ष अपार्टमेंट में हुई। मजदूरों की पहचान सीतापुर जिले के गा?ी गांव के रहने वाले अजय, पिपरिया के दीपू और मघालपुर के नीरज के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीती 28 सितंबर 2023 की रात वृंदावन योजना सेक्टर 11 में निमार्णाधीन अपार्टमेंट के बेसमेंट की खुदाई के दौरान भीषण हादसा हो गया था। खुदाई के कारण मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की मौत हो गई थी। वहीं, 12 मजदूर घायल हो गए थे। हादसे के बाद से पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू किया था।

# शराब पार्टी में पिटाई के बाद युवक ने वीडियो बनाकर किया सुसाइड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** एक युवक ने दोस्तों की पिटाई से आहत होकर जान दे दी। शुक्रवार रात शराब पीने के बाद दोस्तों ने उसे पीट दिया। घर आकर उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया। मोबाइल का वीडियो ऑन करके पंखे से फंदा लगाकर उस पर लटक गया। पत्नी ने रात में दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई। इस पर परिजनों को संदेह हुआ। कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो युवक का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस को उसके मोबाइल से घटना का वीडियो मिला है। जिसमें वह स्टूल पर चढ़कर पंखे से फंदा लगाता और उसपर लटकता दिख रहा है। घटना शुक्रवार रात की फैजुल्लागंज के यशनगर की है। यशनगर का रहने वाला शिवा विश्वकर्मा (28) गल्ला मंडी में पल्लेदारी (मजदूरी) करता था। पत्नी आशा ने बताया कि शुक्रवार को वह काम पर गया था। वहां शराब पीकर दोस्तों में मारपीट हुई। शिवा के एक दोस्त ने रात सा? 9 बजे फोन करके घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि शिवा को दोस्तों ने पीटा है। इसके बाद 11 बजे शिवा घर आ गया। मारपीट के बारे में पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। वह कमरे में चला गया और मुझे बच्चों के साथ छत पर भेज दिया। कहा कि मैं भी नहाकर छत पर आ रहा हूं। वह काफी देर तक नीचे नहीं आया तो आशा उसे देखने नीचे गईं। कमरे के अंदर से कोई आवाज नहीं आ रही थी। उसने दरवाजा खटखटाया तो भी पति ने कोई जवाब नहीं दिया। पत्नी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने दरवाजा तो?ा तो शिवा का शव फंदे से लटकता मिला। शिवा के तीन बच्चे तनिष्क (5), साध्विक (3) और ईशान (1.5) हैं।

**मोबाइल में रिकॉर्ड किया 15 मिनट का वीडियो**

शिवा के मोबाइल से सुसाइड का वीडियो भी मिला है। जिसमें वह पंखे से फंदा तैयार करता और उसपर लटकता दिख रहा है। जब परिजन और पुलिस कमरे में गए तब भी मोबाइल की रिकॉर्डिंग ऑन थी। जो पूरे 15 मिनट की थी। पत्नी आशा ने बताया कि मैं बच्चों के साथ छत पर थी। इस दौरान शिवा कमरे में फांसी की तैयारी कर रहा था। बच्चों के साथ होने की वजह से ध्यान नहीं दे पाई कि नीचे क्या हो रहा है। पति को आशुतोष, अमन, पंकज और अंकुर ने पीटा था। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि फांसी की स्पष्ट वजह अभी पता नहीं चल सकी है। परिजनों ने अभी तक शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र के बलिया-बैरिया मार्ग पर गायघाट डाक बंगले के पास शनिवार को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे मझौवां की तरफ से आ रहे एक डंपर ने सामने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। जिसमें से दो की मौत हो गई है, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि गोपाल उर्फ सुकर राजभर पुत्र भरत राजभर निवासी गायघाट थाना हल्दी, अशोक राजभर पुत्र काशी राजभर निवासी अकोल्ही थाना बांसडीह व रविन्द्र उर्फ रवि पुत्र मुनेश्वर राजभर निवासी अकोल्ही थाना बांसडीह एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर बलिया की तरफ से आ रहे थे। तभी गायघाट के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने तीनों को टक्कर मार दिया। तीनों युवकों को इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां गोपाल और अशोक को डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। शवों को अपने कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रफ्तार ने छीनी तीन की जिंदगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दुबग्गा इलाके में पुरोहित ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दो महीने पहले पुरोहित की बरीक्षा हुई थी। वहीं, आलमनगर पुल पर डिलीवरी ब्वॉय को अज्ञात वाहन से टक्कर मार दी। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**■ गोसाईगंज में भी तीन लोगों की मौत**

आशियाना, दुबग्गा और गोसाईगंज में भी तीन लोगों की मौत हो गई। बेगरिया बालाजी मंदिर दुबग्गा निवासी पुरोहित आलोक तिवारी (22) पुत्र सोनू तिवारी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौसेरे भाई ने बताया शुक्रवार देर रात 1:30 घर पहुंचे तो कुछ परेशान थे। सुबह दादी उठी तो आलोक को पंखे के सहारे दुपट्टे से लटकता देखा। पोते को फंदे से लटकता दादी की चीख निकल गई। चीख सुनकर परिजन आ गए। परिजनों ने आनन फानन फंदे से उतार अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भाई ने बताया कि आलोक की नवंबर में शादी थी। दो महीने पहले बरीक्षा हो गई थी। परिवार में मां रूबी और दो भाई शुभ और शुभांश हैं। उधर, बुद्धेश्वर निवासी नितिन शर्मा (23) पुत्र राकेश शर्मा ब्लिंकिट में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। चाचा पिंकू शर्मा ने बताया कि 23 जून को दोपहर के समय डिलीवरी देने जा रहा था। आलमनगर पुल पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे नितिन गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। जहां पांच दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार में मां रेखा शर्मा और भाई सचिन है।

# पेट्रोल-पंप मालिक के घर चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** जानकीपुरम में पेट्रोल पंप मालिक के घर 18 जून को चोरी करने वाले गिरोह के चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें एक सोनार भी शामिल है। वह इन लोगों से चोरी का माल खरीदता था। एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र दुबे ने बताया कि गिरोह के सदस्य ऑटो से घूम-घूम कर बंद घरों की रेकी करते थे। वाहन पर नेम प्लेट नहीं लगाते थे, जिससे कोई उनको ट्रेस नहीं कर सके। चोरी करके माल को आपस में बांट लेते थे। एडीसीपी ने बताया कि पेट्रोल पंप मालिक दुर्गेश कुमार मिश्रा के घर चोरी के खुलासे के लिए थाना पुलिस के साथ क्राइम टीम को लगाया गया था। सीसीटीवी, सर्विलांस और मुखबिर की मदद से पारा निवासी गैंग लीडर राहुल गुप्ता, अलीगंज सेक्टर सी निवासी रामू रावत, उन्नाव के सोहरामऊ निवासी विमलेश कुमार और पारा बादल खेड़ा निवासी सुनार राजीव रस्तोगी को गिरफ्तार किया गया। गैंग लीडर राहुल ने पुलिस को बताया कि चोरी का सामान ज्वैलर्स को बेच देते थे। जिसको वह गला कर अन्य आभूषण तैयार कर लेता था। पुलिस जांच में सामने आया कि गैंग लीटर राहुल गुप्ता पर 15, रामू पर 5, विमलेश के ऊपर 10 मुकदमे दर्ज हैं। इन लोगों ने लखनऊ के साथ ही आसपास के जिलों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इनके पास से 4.08 लाख रुपए, लाखों की कीमत के चांदी-सोने चांदी के जेवर, 50 चांदी के सिक्के, ऑटो रिक्शा बरामद हुआ है। जानकीपुरम खरगपुर जागीर के रहने वाले दुर्गेश कुमार मिश्रा का सीतापुर रोड पर मिश्रा ब्रदर्स नाम से पेट्रोल पंप है। दुर्गेश 28 मई को अपने परिवार के साथ बहन सरिता के घर बेंगलुरु गए थे। जहां से 18 जून को लौटने पर चोरी की जानकारी हुई। जब वह घर पहुंचे थे तो मुख्य दरवाजा की कुंडी टूटी मिली थी। हालांकि लॉक सही था। इसके बाद लॉक खोलकर अंदर गए तो कमरे का लॉक टूटा मिला और सारा सामान बिखरा था। दुर्गेश कुमार ने बताया था कि घर में उनका और भाई राम मनोहर मिश्रा का परिवार रहता है। घर में करीब एक करोड़ के पुस्तैनी जेवर सहित नए जेवर रखे थे। इसके अलावा 2.5 लाख की नगदी रखी थी। जिसे चोर लेकर चले गए।

# पत्नी से अफेयर के शक में भाई-भतीजी की हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लोग कहते हैं दुनिया में शक का उपचार नहीं बना, इसकी चपेट में कई रिश्तों मथुरा जिले के गोविंद नगर थाना क्षेत्र में पत्नी से अफेयर के शक में छोटे भाई ने बड़े भाई की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शोरगुल सुनकर पिता को बचाने आई बेटी पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। चीख-पुकार सुनकर घर में मौजूद परिजन ऊपर कमरे में पहुंचे तो देखा कमरे में दोनों खून से लथपथ तड़प रहे थे। पुलिस कंट्रोलरूम को सूचित किया सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस मरणासन्न हालत में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान पिता-पुत्री की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गोविंद नगर निवासी संजय (40) पांच भाइयों समेत परिवार के साथ रहता था। सभी पायल बनाने का काम करते हैं। शुक्रवार की देर शाम करीब आठ बजे संजय और उसके छोटे भाई खिल्लन में विवाद हो गया। खिल्लन ने बड़े भाई संजय और उसकी बेटी अंजलि (18 साल) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक के बेटे पृथ्वी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात हम लोग नीचे खाना खा रहे थे उसी दौरान चाचा खिल्लन अपने हाथ में कुछ लेकर आए और कमरे के अंदर चले गए। हम लोग भी खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गये थे। करीब आधे घंटे में जोर-जोर से कराहने के साथ चिल्लाने की आवाज सुनकर मैं जब बाहर निकला तो देखा कि चाचा मेरे पापा को चाकू मार रहे थे। हम लोग पापा को बचाने के लिए चाचा को पकड़ा तो उन्होंने हमें धक्का देरक दूर गिरा दिया उस दौरान बहन को भी चाकू से वार करते हुए घायल कर दिया उन्होंने हमारे ऊपर भी हमला करने का प्रयास किया तभी मेरा पैर फिसल और हम और चाचा भी गिर गए मैं तो डर के दुबक गया और चाचा छत से कूदकर भाग गये। उसने बताया कि हम लोग चार भाई बहन हैं। मेरी बड़ी बहन अंजलि 11वीं की पढ़ाई कर रही है। मुझसे छोटी मेरी दो बहनें हैं। सूत्रों के मुताबिक मृतक संजय की पत्नी भगवती की तबीयत खराब चल रही जो दवा लेकर वापस लौटे थे और देवर नीचे चारपाई पर बैठे थे। करीब दो वर्ष पहले मेरे देवर अवैध हथियार लेकर आए थे, जिसका विरोध करते हुए मेरे पति ने उस दौरान पुलिस को जानकारी देते हुए पकड़वा दिया था। तभी से वह अंदर-अंदर दुश्मनी मान रहे थे।

खिल्लन और संजय दोनों सगे भाई हैं दोनों के बीच पारिवारिक विवाद के चलते झगड़ा होता रहता है आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 4 टीमें गठित है जो कि हाथरस और मुरादाबाद में दबिश देने टीमें गई हैं।
**राजीव कुमार सिंह एसपी सिटी**

## घरेलू कलह में भाई व भतीजी को मार डाला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मथुरा के गोविन्द नगर थाना क्षेत्र के केशवदेव में एक युवक ने पारिवारिक विवाद में अपने भाई और भतीजी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी।कटरा केशव देव, मल्लपुरा में खिल्लन और संजय समेत पांच भाई रहते हैं। शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे दोनों में विवाद हो गया। इस दौरान अन्य परिजनों ने दोनों को शांत कराया और खिल्लन घर से बाहर चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद उसने घर आकर संजय (40) पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। उसकी चीख सुन उसकी 18 वर्षीय बेटी अंजलि ने पिता को बचाने का प्रयास किया तो आरोपित ने भतीजी पर भी प्रहार कर दिये। शोरगुल सुनकर पड़ोसियों को घर की ओर आता देख आरोपित खिल्लन भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया। केडी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान रात करीब 11 बजे अंजलि की मौत हो गयी, जबकि संजय की हालत चिंताजनक होने पर उसे मेट्रो फरीदाबाद रेफर कर दिया गया था। संजय की शनिवार तड़के करीब चार बजे उपचार के दौरान मौत हो गयी।

# अवैध हथियार फैक्ट्री के संचालक के पास मिली पर्ची

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ के रहीमाबाद थाना क्षेत्र में अवैध हथियार फैक्ट्री चलाने वाले हकीम सलाउद्दीन उर्फ लाला का पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आया है। पुलिस को उसके पास से एक लाल पर्ची में उर्दू और फारसी में लिखे कुछ नंबर मिले हैं जिनसे उसकी लोगों से बातचीत होती थी।पाकिस्तान में उसकी रिश्तेदारी भी है। जांच एजेंसियां हकीम के इलेक्ट्रानिक वस्तुओं समेत कई दस्तावेज कब्जे में लेकर पाकिस्तानी कनेक्शन खंगाल रही हैं। एजेंसियां यह भी पता लगा रही हैं कि मोहर्रम से ठीक पहले बड़े पैमाने पर हथियारों व कारतूसों को जुटाने का उद्देश्य कहीं किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं है। सूत्रों व प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुलिस लाला के घर से बोरियों में भरी कारतूस और हथियार जीप से कई बार थाने ले गई थी। वहीं पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सलाउद्दीन की एक भतीजी की 6 साल पहले पाकिस्तान में रहने वाले युवक से शादी हुई है। उसके दर्जन भर से अधिक रिश्तेदार पाकिस्तान में रहते हैं।

**सिनेमा हॉल में चला रहा था फैक्ट्री**

डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सलाउद्दीन उर्फ लाला के घर के पास में एक सिनेमा हॉल बंद पड़ा है। वह 20 साल से अपने घर और बंद पड़े सिनेमा हॉल में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री चला रहा था।मलिहाबाद थाने के 100 मीटर के दायरे में सलाउद्दीन उर्फ लाला अवैध हथियारों की फैक्ट्री चला रहा था। इसके बावजूद पुलिस को भनक तक नहीं लगी उसके घर के बगल में मस्जिद व पीछे मदरसा संचालित है। इलाके की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और खुफिया एजेंसियां वहां कई बार जांच पड़ताल कर चुकी है। तो वहीं सूत्रों की माने तो शुक्रवार की दोपहर तक फरियादियों को थाने के अंदर तक नहीं जाने दिया जा रहा था।

**हादसे में पैर टूटा, बना हकीम**

लोगों का कहना है कि करीब 4 वर्ष पहले सलाउद्दीन उर्फ लाला का एक्सीडेंट में पैर टूट गया था जिसका एक देशी हकीम ने उपचार कर ठीक कर दिया था। उसके भुक्तभोगी ने घर से करीब 100 मीटर दूर एक दवाखाना खोलकर लोगों का जड़ी बूटी से इलाज करता था। घर पर ही हड्डी के दर्द व टूटने पर उसको बैठाने का काम करता था।

सलाउद्दीन के घर छापेमारी के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। 100 मीटर के दायरे में किसी को आने-जाने नहीं दिया जा रहा था। संवेदनशील एरिया होने के चलते इलाके की बिजली सप्लाई तक काट दी गई थी उसको कड़ी सुरक्षा के बीच थाने ले जाया गया।

इस मामले में पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस तक नहीं की। इसको लेकर स्थानीय पुलिस और एलआईयू की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे पहले सुशांत गोल्फ सिटी में विदेशी महिला ने अपना आधार से लेकर ड्राइविंग लाइसेंस और पुलिस वैरिफिकेशन तक फर्जी बनवा लिया। पुलिस और खुफिया एजेंसियों को पता तक नहीं लगा।

## आठ के खिलाफ जमीन पर कब्जेदारी का मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाने में कूट रचित दस्तावेजों के सहारे जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने के मामले में शुक्रवार रात माफिया अतीक अहमद के साढू समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। यह मुकदमा जमीन से संबंधित शिकायत की जांच कराने के बाद दर्ज कराया गया है। पूरामुफ्ती थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि माफिया अतीक अहमद के साढू इमरान जेई समेत आठ लोगों के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस संबंध में कुछ लोगों ने जिलाधिकारी से अवैध कब्जे को लेकर शिकायत किया था। जिलाधिकारी ने एसडीएम को जांच करने का निर्देश दिया था। जांच के दौरान मामला सही पाए जाने पर एसडीएम ने जिम्मेदार अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दिया। जिसके बाद मनोज कुमार भारतीय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# युवक की मौत पर दोस्तों के खिलाफ केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित इंद्रा डैम में डूब युवक की मौत के बाद उसके पिता ने मृतक के दो दोस्तों के खिलाफ शिकायत की है जिसपर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 146/36 हाथी खाना चरस मण्डी लखनऊ नाका हिण्डोला के रहने वाले मनोज कुमार शर्मा के अनुसार 21 जून को अपराह्न लगभग 3 बजे उनके पुत्र शिवम शर्मा के दो दोस्त शेखर राजपूत निवासी बक्शी का तालाब व मोहित तिवारी निवासी कनक सिटी सरीपुरा राजाजीपुरम उनके घर आये और उनके बेटे से कहने लगे कि चलो घूम कर आते है। जिस पर पीड़ित व उनकी बहू ने बेटे को जाने से मना किया इसके बावजूद वो लोग थोड़ी देर में आने की बात कहकर बेटे को लेकर चले गए। शिवम जब काफी देर हो जाने के बाद भी घर नही पहुंचा तो उसकी पत्नी ने उसके फोन पर फोन किया तो फोन एक दरोगा ने उठाया और बताया कि शिवम इन्द्रा डैम में डूब गये है।जिसपर उनके परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक अंधेरा हो चुका था। इसलिए पुलिसवालों ने कहा अभी जाओ कल सुबह उसकी तलाश की जाएगी। 22 जून को तलाश की गई लेकिन उसका कुछ पता नही चल सका था। 23 जून को उसका शव गोसाईगंज क्षेत्र में जेल के पास इंद्रा नहर में उतराता हुआ दिखाई दिया था।

पीड़ित का आरोप है कि शव दिखाई देने की सूचना हम लोगों ने पुलिस को दी थी लेकिन उस समय पुलिस मौके पट नहीं पहुंची। तब हम लोगों ने स्वयं किसी तरह शव को नहर से बाहर निकाला। उसके काफी देर बाद पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है कि मृतक के दोनों दोस्तो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।जिसपर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# सृजन से लोकमंगल



- हृदयनारायण दीक्षित

अस्तित्व की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतिंग भी नवसृजन हैं। नन्हीं गौरैय्या के मुँह में दाना डालती गौरैय्या माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बन्दरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत् चित् आनन्द की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुन्दर की त्रय-दिव्यता है। प्रकृति में सुन्दरतम् सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। इसलिए मनुष्य भी सुन्दरतम् सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए।


आनन्द हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनन्द है। यह आनन्द स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोकआनन्द व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातन्त्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातन्त्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के साथ, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इन्द्रधनुष रचने के लिए उसे इन्द्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता है। इस स्वतन्त्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अन्तस् में सत् चित् आनन्द का गीत है। सत्य, शिव और सुन्दर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केन्द्र है।

शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परम्परा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे 'घर का भेदी' ही कहा।

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अन्तर भी है। स्वान्तः में अन्तस् का अन्तिम छोर है। भारतीय चिन्तन में स्व अन्तस् का अन्तिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा 'सुरसरि सम सबका हित होई' से ध्येयबद्ध है। सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए।

सृजन आनन्दवर्द्धन होता है। इसका लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस् में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरन्तन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखान्त पर जोर दिया था। सांस्कृतिक मर्यादा का संवर्द्धन और शीलरस का संवर्द्धन भी साहित्यकार का दायित्व है। कथित प्रगतिशीलता में नेह-स्नेह के आत्मीय रिश्तों के प्रति आक्रामकता है। पिता भारतीय परम्परा में देव कहे गए हैं। हम सब माता-पिता का विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते लेकिन नवलेखन में प्रायः माता-पिता की वैसी प्रतिष्ठा नहीं है। महाभारतकार भी कवि या साहित्यकार थे। उनके सृजन में यक्ष प्रश्न हैं। यक्ष ने पूछा, 'युधिष्ठिर। धरती से भी भारी क्या है? और आकाश से भी ऊँचा क्या?' युधिष्ठिर ने कहा, 'माता पृथ्वी से भारी है और पिता आकाश से भी ऊँचा।' ऐसे लेखन में माता-पिता की प्रतिष्ठा है। परिवार प्रीतिकर संस्था है। प्रगतिशीलता उसे तोड़ रही है।

परिवार का विकल्प नहीं। परिवार को मजबूत करने वाला लेखन समय की आवश्यकता है। ऋग्वेद में नदियों को प्रणाम किया गया है। नदियाँ प्रणाम के योग्य हैं भी। वे जलमाताएँ हैं। विज्ञान भी नदियों की महत्ता स्वीकार कर चुका है। वैदिक साहित्य में विश्वामित्र और नदी का संवाद अनूठा है। विश्वामित्र जैसे पूर्वजों ने नदियों से संवाद में भरतवंशियों की तरफ से तमाम आश्वासन दिए थे। वे आश्वासन हमारे साहित्य का हिरण्य कोष हैं। लेकिन हम सबने वे आश्वासन तोड़े हैं। नदी और मनुष्य की प्रीति शून्य हो चुकी है। नदियों ने कहा था, 'यह संवाद याद रखना, हमारा ध्यान रखना। तुम पार उतरो, हम वैसे ही नीचे झुक रही हैं जैसे




बच्चे को स्तनपान कराने के लिए माँ झुकती है।' विश्वामित्र ने कहा था, 'हे नदियों, मैं आपकी स्तुति करता रहूँगा।' सामन्ती काल में अनेक चारण राजाओं की प्रशंसा गाते थे। लेकिन वे स्तोता नहीं थे, उनके गायन स्तुति नहीं थे और न ही स्तोत्र। स्तोता होना बड़ी कठिन साधना है। मन, क्रम, वचन और अन्तस् से उगा सृजन ही किसी को स्तोता बनाता है। विश्वामित्र ने नदियों को आश्वासन दिया था हम भारत के लोग आपके स्तोता रहेंगे, जलमाताओं का पोषण करेंगे, तन से, मन से।

वैदिक साहित्य में प्रकृति के कण-कण के प्रति आत्मीयता है। कथित प्रगतिशील दृष्टि में प्रकृति उपभोक्ता सामग्री है और भारतीय परम्परा में यही प्रकृति नमस्कारों के योग्य है। तुलसीदास के सृजन में भौतिक जगत सीयराममय है और बारम्बार प्रणम्य है- सीयराम मय सब जग जानी करूऊँ प्रणाम जोरि जुग पानी। प्रकृति के प्रति अंगांगी भाव की सतत् अभिव्यक्ति जरूरी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व हैं। लेखन, सृजन के भी नीति निदेशक तत्व हैं। भले ही वे संहिताबद्ध नहीं हैं, लेकिन उनका अस्तित्व है। माँ-पिता की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण तत्व है। कथा, कहानी और काव्य में इस तत्व को ध्यान में रखना चाहिए। स्त्री आदरणीया है, माँ है, बहन है, पुत्री है, श्रद्धेय है। सम्पूर्णता का भाग है। उसे अलग करके देखना-लिखना अनुचित है। भारतीय काम सेक्स नहीं, सृजन अभिलाषा है। यहाँ काम भी अध्यात्म है।

हम सांस्कृतिक राष्ट्र हैं। करोड़ों भरतवंशी एक जन हैं। इनकी एक एकात्म अनुभूत संस्कृति है। इस संस्कृति का विकास दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण हमारे पूर्वजों ने ही किया था। उन पूर्वजों, अग्रजों, मार्गदर्शकों के प्रति आदरभाव का पुरश्चरण अपरिहार्य है और सांस्कृतिक तत्वों का भी। लेखन में हम कल्पना के पंख लगाकर उड़ते हैं, यथार्थवादी भी हो सकते हैं लेकिन भारतीय शील-मर्यादा के गंधमादन क्षेत्र के मधुरसा का उल्लंघन उचित नहीं। मधुरसा सांस्कृतिक प्रवाह का संवर्द्धन ही सृजन का ध्येय है। विचार अभिव्यक्ति की बातें ठीक हैं, लेकिन विकार-अभिव्यक्ति की नहीं।

## प्रेमचंद की कहानियां



### बूढ़ी काकी

हृदय मसोस रहा था कि और पूड़ियां कैसे पाऊं। संतोष-सेतु जब टूट जाता है तब इच्छा का बहाव अपरिमित हो जाता है। मतवालों को मद का स्मरण करना उन्हें मदांध बनाता है। काकी का अधीर मन इच्छा के प्रबल प्रवाह में बह गया। उचित और अनुचित का विचार जाता रहा। वे कुछ देर तक उस इच्छा को रोकती रहीं। सहसा लाडली से बोली- मेरा हाथ पकड़कर वहां ले चलो जहां मेहमानों ने बैठकर भोजन किया है।

लाडली उनका अभिप्राय समझ न सकी। उसने काकी का हाथ पकड़ा और ते जाकर जूठे पतलों के पास बैठा दिया। दीन, क्षुधातुर, हतज्ञान बुढ़िया पत्तलों से पूड़ियों के टुकड़े चुन-चुन कर भक्षण करने लगी। ओह दही कितना स्वादिष्ट था., कचौड़ियां कितनी सलोनी, खस्ता कितने सुकोमल। काकी बुद्धिहीन होते हुए भौ इतना जानती थीं कि मैं वह काम कर रही हूं, जो मुझे कदापि न करना चाहिए। मैं दूसरों की झूठी पत्तल चाट रही हूं। परन्तु बुढ़ापा तृष्णा रोग का अंतिम समय है, जब सम्पूर्ण इच्छाएं एक ही केंद्र पर आ लगती हैं। बूढ़ी काकी में यह केन्द्र उनकी स्वादेन्द्रिय थी।' ठीक उसी समय रूपा की आंखें खुलीं। उसे मालूम हुआ कि लाडली मेरे पास नहीं है। वह चौंकी, चारपाई के इधर-उधर ताकने लगी कि कहीं नीचे तो नहीं गिर पड़ी। उसे वहां न पाकर वह उठी तो क्या देखती है कि लाडली जूठे पत्तलों के पास चुपचाप खड़ी है और बूढ़ी काकी पत्तलों पर से पूड़ियों के टुकड़े उठा-उठा कर खा रही है। रूपा का हृदय सन्न हो गया। किसी गाय की गर्दन पर छुरी चलते देखकर जो अवस्था उसकी होती, वही उस समय हुई। एक ब्राह्मणी दूसरों की जूठी पत्तल टटोले, इससे अधिक शोकमय दृश्य असम्भव था। पूड़ियों के कुछ ग्रासों के लिए उसकी चचेरी सास ऐसे पतित और निकृष्ट कर्म कर रही है। यह वह दृश्य था जिसे देखकर देखने वालों के हृदय कांप उठते हैं। ऐसा प्रतीत होता मानो जमीन रुक गयी, आसमान चक्कर खा रहा है। संसार पर कोई आपत्ति आने वाली है। रूपा को क्रोध न आया। शोक के सम्मुख क्रोध कहां? करुणा और भय से उसकी आंखें भर आयीं! इस अधर्म के पाप का भागी कौन है? उसने सच्चे हृदय से गगन-मंडल की ओर हाथ उठाकर कहा-परमात्मा, मेरे बच्चों पर दया करो। इस अधर्म का दण्ड मुझे मत दो, नहीं तो मेरा सत्यानाश हो जायेगा।

क्रमशः...

# अच्छी आदतें कैसे अपनाये

भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है- 'जो व्यक्ति जैसा सोचता है वैसा ही बन जाता है ।' अर्थात् जो व्यक्ति जैसा सोचता है वैसा ही करता है और बार-बार करने से उसकी आदत बन जाती है और वही आदतें ही स्वभाव है जिससे कि भाग्य का निर्माण होता है। आदतों का हमारे जीवन से बहुत गहरा रिस्ता होता है। आदतें वाह्य और आन्तरिक भी होती है जहाँ पर वाह्य

- अवध विहारी शुक्ल

आदतों से हमारा दूसरो का परिचय होता है। वहीं पर आन्तरिक आदतों से मात्र हमारा सम्पर्क व परिचय होता है जिन्हे केवल हम जान सकते है और महसूस कर सकते है दूसरा नहीं। हमारी बाहरी आदतों में कुछ आदते बहुत पुरानी होती है जिन्हे बदलना मुश्किल होता है। ये आदतें ऐसी होती है जो लम्बे समय से हमारे साथ रही होती है जैसे लिखने की आदत आदि। लेकिन कुछ आदते ऐसी होती है जो हमारे जीवन में नहीं थी लेकिन अब उनकी आदत पड़ गयी है । ऐसी आदते अपरिपक्व होती है जिसे बदला जा सकता है। अच्छी आदते न केवल बहुमूल्य होती है बल्कि हमारे जीवन को भी मूल्यवान बना देती है। इसके विपरीत गलत आदते सहज सुलभ होती है और जीवन को मूल्यहीन बना देती है। गलत आदते दो तरह से हमारे सम्पर्क में आती है या तो हम ही इन आदतो को अपना लेते है या फिर बुरी संगत से इनके प्रभाव में आ जाते है इसके अतिरिक्त बहुत सी ऐसी आदते है जो अनजाने ही हमारे व्यवहार में आ जाती है और प्रकट होने लगती है। सभी गलत आदते हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ को प्रभावित करती है तथा हमें लक्ष्य से भटकाती है। बचाव का एक ही तरीका है कि अच्छी आदतो को जीवन में अपनाया जाय। आदते चाहे बहुत पुरानी हो या नयी इन्हे अच्छी आदतों में बदलने के लिए हमें प्रयासरत रहना चाहिए। यद्यपि आदतो से पीछा छुड़ाना इतना आसान भी नहीं होता जैसे हम रिस्तो से बंधे होते है वैसे ही इन आदतो के जकड़ में भी होते है। और अवचेतन मन में इस स्वचालित प्रक्रिया यानि किसी आदत के रहते हुए कोई भी नयी आदत तभी आकार ले पाती है जब उसे लगातार दोहराया जाय। आदतो को बदलने की कोशिश मात्र से बदलाव नहीं आ सकता। ये बदलाव तभी आ सकता है जब सोचने के तरीको में बदलाव हो और उसे देख पाने की नयी आदते विकसित की जाये इसलिए बेहतर यही है कि



संकल्पो को टूटने से परेशान न हुआ जाय और दृढ़ संकल्प करते हुए स्वयं की आदते सुधारी जाये। आदतो को सुधारने के लिए छोटे-छोटे संकल्पो को लेना चाहिए एकदम से बड़े संकल्प लेने और उनके टूटने पर मन चोटिल होता है। छोटे-छोटे संकल्प यदि पूरे होते है तो मन में उत्साह बना रहता है और संकल्प शक्ति भी बढ़ती है। आदतो को सुधारने के लिए दृढ़ मनःस्थिति का होना भी जरूरी है इसलिए ये जरूरी है हम अपनी आत्मसमीक्षा करते रहे यदि छोटे-छोटे संकल्प टूट भी जाते है तो ज्यादा मन चोटिल नहीं होता है। और आत्म मूल्यांकन करते हुए अच्छी आदतों को अपनी व्यवहार में लाने के लिए हम यदि प्रयास करते रहे तो हमारा वैसा ही स्वभाव बनता है और निश्चित है अच्छा स्वभाव बनने पर हमारा भाग्य भी उच्चकोटि का निर्मित होगा।

## ।। चाणक्य नीति ।।

✦✦✦

**नान्नोदकसमं दानं न तिथिर्द्वादशी समा।**
**न गायत्र्याः परो मन्त्रो न मातुर्दैवतं परम्।।**

अन्न और जल का दान सर्वोत्तम दान है। भूखे व्यक्ति को भोजन कराने और प्यासे व्यक्ति को जल पिलाने के समान दूसरा कोई दान नहीं है। द्वादशी तिथि-जैसी अन्य कोई उत्तम तिथि नहीं है। गायत्री से बढ़कर कोई उत्तम मन्त्र नहीं है तथा मां से बढ़कर अन्य कोई देवता नहीं है।

✦✦✦

**पत्युराज्ञां विना नारी ह्युपोष्य व्रतचारिणी।**
**आयुस्यं हरते पत्युः सा नारी नरकं वसेत्।।**

पति की आज्ञा के बिना व्रत-उपवास करने वाली स्त्री अपने पति की आयु का नाश करती है, जिसके फलस्वरूप वह मृत्यूपरान्त नरक में जाती है।

✦✦✦

**पादशेषं पीतशेषं सन्ध्याशेषं तथैव च।**
**श्वानमूत्रसमं तोयं पीत्वा चान्द्रायणं चरेत्।।**

पैरों को धोने से बचा हुआ, पीने से बचा हुआ और सन्ध्या करने से बचा हुआ जल कुत्ते के मूत्र के समान अग्राह्य होता है। यदि कोई व्यक्ति इन तीन प्रकार के जल का प्रयोग कर लेता है, तो उसे शुद्धि के लिए चान्द्रायण व्रत करना चाहिए।

✦✦✦

## ।। अमृत कलश।।

### ज्ञान छिपा ले सब अवगुण

यूनान के सुप्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात अपने शिष्यों से घिरे बैठे थे। तभी एक ज्योतिषी आया जो चेहरा देखकर भविष्य बताने का दावा करता था। सुकरात के विचार जितने सुन्दर होते थे उतने ही वह बदशक्ल थे।

उस ज्योतिषी ने सब के सामने सुकरात के बारे में कहा, 'यह व्यक्ति महाक्रोधी है। यह बात इसके नथुनों की बनावट से स्पष्ट प्रतीत होती है।' यह सुनकर सुकरात के शिष्यों को क्रोध आ गया। लेकिन ज्योतिषी निर्भरतापूर्वक आगे बोला, 'इस व्यक्ति के ललाट व शीश की रचना से पता चलता है कि यह लोभी भी है। ठोड़ी से लगता है कि यह सनकी है। होंठों व दांतों को देखने से पता चलता है कि यह देशद्रोह के लिए सदैव उत्सुक रहता है।'

यह सब सुनकर सुकरात ने ज्योतिषी को पुरस्कार देकर विदा किया। यह देखकर सुकरात के शिष्य असमंजस में पड़ गए।

सुकरात ने अपने शिष्यों के विस्मय को दूर करने के ध्येय से कहा, 'ज्योतिषी ने जो भी अवगुण बताए, वह सब मुझमें विद्यमान हैं। सत्य को छिपाने व्यर्थ है, मैं उन सब अवगुणों को स्वीकार करता हूं। हां, ज्योतिषी ने एक गलती कर दी...उसने मेरे ज्ञान का विचार नहीं किया। ज्ञान शक्ति के कारण ही मैं अपने तमाम अवगुणों को नियंत्रित किए रहता हूं। ज्योतिषी मात्र यही एक बात नहीं बताई।'

## काँव-काँव

✦✦✦

**दुनिया की गरीबी 22 बार मिटा सकते हैं 1 प्रतिशत धनकुबेर**
इसीलिए तो बाकी 99 प्रतिशत की हालत खराब है!

**सीएम मोहन की गाड़ी मिलावटी ईंधन से बंद**
यह है सरकार के इकबाल को चुनौती!

**धाविका ट्विंकल चौधरी डोपिंग के लिए निलंबित**
जीतने की चाहत जो न करा दे!

**संविधान के शब्दों पर कांग्रेस और भाजपा में सियासी संग्राम**
जब नया मुद्दा है नहीं तो गड़े मुर्दे ही उखाड़ो!

**नर्सिंग असिस्टेंट बनाने के नाम पर चार लाख ठगे**
अब तो रोजगार का सपना दिखाओ और जी भर के लूटो!

**एआरपी में मोबाइल से नकल करने पर शिक्षक निलंबित**
अरे गुरुजी, आपसे तो यह उम्मीद नहीं थी!


**महिला को 10 साल बाद मिली फैमिली पेंशन**
ऊपरवाले का शुक्र करो मैडम, मिल तो गई!

**बचपन के शौक लंबी उम्र में मददगार**
लेकिन अब तो बचपन से ही शौक बिगड़ रहे हैं!

✦✦✦

# इजराइल -ईरान के 12 दिन युद्ध के बाद संघर्ष विराम

इजराइल- ईरान के बीच चले युद्ध में किसी की नहीं चली और ईरान ने सर्वशक्तिशाली विश्व के नेता मानने को बाध्य करने के बाद अपनी शर्त पर युद्ध विराम का आदेश जारी कर दिया है। जिस तरह बेमौसम आसमान में काले -सफेद बादल गरजते हैं, धरती पर लोगों की आश को जगाकर कभी बिना पानी और कभी झमाझम बारिश करके निकल जाते हैं, ठीक उसी प्रकार विश्व के



- निशिकांत ठाकुर

सर्वाधिक शक्तिशाली राष्ट्र के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कभी कुछ कहते हैं फिर कभी भारी बम वर्षा कर खुश होते हैं कि हमने कमाल कर दिया ! जब इतने शक्तिशाली व्यक्ति विश्व को दिग्भ्रमित करते हैं और कहते हैं वे दो सप्ताह का समय ईरान को देते हैं कि वह संभल जाए, फिर रातों रात पलटकर युद्ध के बीच में कूदकर ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को ध्वस्त करने की बात अहले सुबह करते हैं तो इसका असर उनकी विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। आज कई देशों में इस बात के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने युद्ध के नियमों का उल्लंघन किया है, अतः उन्हें त्यागपत्र दे देना चाहिए । लेकिन विश्व में यह लोकोक्ति आज भी प्रचलित है कि प्रेम और युद्ध में सब जायज है । कहा तो यह भी जा रहा है कि संसार के अब तक के सबसे बड़े युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने यह कहा था कि वह निःशस्त्र युद्ध का हिस्सा बनेंगे, लेकिन उन्हें भी धर्म रक्षार्थ रथ का पहिया भीष्म पितामह पर उठाना पड़ा था। वह पौराणिक काल का युद्ध था , लेकिन जो युद्ध आज लड़ा जा रहा है वह नितांत आधुनिक तकनीक से लड़ा जा रहा है । जहां धर्म की बात कोई नहीं करता केवल जीत के लिए हम कुछ भी करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं ईरान ने शांति की राह नहीं पकड़ी तो और बड़े हमले किए जाएंगे । हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हमारा हमला सफल रहा , ईरान के संयंत्र पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान को अब शांति के रास्ते पर चलना चाहिए। वह ईरान के साथ युद्ध नहीं बल्कि वार्ता करना चाहते हैं। हमला ईरान पर नहीं बल्कि उसके परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए किया गया है । ईरान ने अगर शांति की राह नहीं पकड़ी तो भविष्य में और ज्यादा बड़े हमले अमेरिका करेगा , ऐसा इसलिए कि ईरान में बहुत सारे स्थान ऐसे हैं जहां हमले किए जा सकते हैं । इधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी बमबारी पर खुशी जाहिर करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति आभार जताया । नेतन्याहू ने यह भी कहा कि उनकी और राष्ट्रपति ट्रंप की नीति समान है , हम शक्ति का उपयोग शांति स्थापित करने के पक्षधर हैं।

ईरान ने अमरीकी हमले को संप्रभुता का उल्लंघन बताते हुए अंतराष्ट्रीय कानूनों को तोड़ना कहा है । ईरान के विदेशमंत्री अब्बास आरागची ने कहा है कि परमाणु मसले पर कूटनीति का समय गुजर गया है अब उनका देश आत्मरक्षा के लिए अमेरिका का युद्धोंनामुखी और गैर कानूनी कृत्य जिम्मेदार होगा । ईरान ने अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखने का फैसला किया है। रूस के पूर्व राष्ट्रपति एवं रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दमित्री मेदवेदेव ने अपने एक पोस्ट में कहा है कि अमरीकी हमले में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को कोई नुकसान नहीं हुआ है । उन्होंने यह भी कहा ईरान को परमाणु हथियारों की आपूर्ति के लिए कई देश तैयार हैं , डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमला करके अमेरिकी के लिए नया युद्ध शुरू कर दिया है । मेदवेदेव ने अपने पोस्ट में लिखा है कि शांति स्थापित करने वाले रूप में डोनाल्ड ट्रंप इस तरह की सफलता के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं जीत पाएंगे । ईरान पर हमला करके अमेरिकी ने क्या हासिल किया ? उनका कहना है कि ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा और अमेरिका की जमीनी कार्रवाई में शामिल होने से जो खतरा उत्पन्न हो गया है उसका उत्तर दिया जाएगा । ईरान की राजनीतिक व्यवस्था सुरक्षित है और बहुत संभावना है कि यह और मजबूत हो।

भारत ने बौद्ध और महात्मा गांधी के सिद्धांतों को अपनाते हुए तत्काल तनाव कम करने की अपील की है । भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कूटनीति और संवाद के जरिए ही टकराव टाला जा सकता है । प्रधानमंत्री ने अपनी भारतीय नीति का पालन करते हुए शांति की स्थापना को जरूरी बताया। प्रधानमंत्री और ईरान के राष्ट्रपति के बीच पिछले रविवार बातचीत हुई । इस बातचीत में प्रधानमंत्री की ओर से गहरी चिंता जताई गई और उन्होंने तनाव को कूटनीति के माध्यम से तत्काल कम करने की अपनी अपील दोहराई । ईरान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच यह



बातचीत फोन पर हुई । यहां तक कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मीडिया इंटरनेट पर भी एक पोस्ट में कहा कि हमने मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता जताई। ज्ञात हो कि भारत - इजराइल और ईरान के मध्य बहुत ही पुराना , लंबा और मधुर संबंध रहा है और उनके टकराव में यदि युद्ध विराम नहीं हुआ तो तीसरे विश्व युद्ध के खतरे को नकारा नहीं जा सकता । चूंकि भारत स्वतंत्रता के बाद 1962 और 1971 का युद्ध ही लड़ा है और वह सदैव से शांति का ही पक्षधर रहा है , लेकिन जब इजराइल और ईरान के मध्य अमेरिका कूद पड़ा है तो भारत निश्चित रूप से अपनी शांति और कूटनीति के मार्ग को ही अपनाएगा । यह ही उचित है और जिन्होंने कभी भी शांति के मार्ग को नहीं अपनाया उनका अंत बहुत ही बुरा हुआ है ।अमेरिका , इजराइल और ईरान तीनों का यह उपरोक्त कथन है, लेकिन सोशल मीडिया को देखने और सुनने के बाद मन विचलित हो जाता है। इस युद्ध का छिद्रान्वेषण तो वही रिपोर्टर कर सकते हैं जो युद्धक पत्रकारिता का प्रशिक्षण लेकर युद्ध में स्वतंत्र रूप से निष्पक्ष होकर पत्रकारिता करने गए हैं । लेकिन, ऐसे भारतीय पत्रकार तो गिने चुने ही होंगे, वे सिर्फ हालात पर नजर रखकर केवल कयास ही लगा सकते हैं। अगर सोशल मीडिया पर जाएं तो एक से एक दिग्गज भी भारत में बैठकर ईरान और इजराइल के बीच जारी घमासान का विश्लेषण करते है । कुछ मीडिया तो एक तरफा ही रिपोर्टिंग करके अपने को निहाल करते रहते हैं और समाज दिग्भ्रमित होता रहता है । आज के कुछ निष्पक्ष पत्रकार ही सच सामने लाते रहते हैं , उनके अनुसार यदि समीक्षा करें तो निःसंदेह ईरान ने इजराइल को पछाड़ रखा है और वह बार बार अमेरिका सहित इजराइल का साथ देने वालों को आगाह कर रहा है कि जो कोई भी इजराइल की तरफ से लड़ने जाएगा उसे वह छोड़ेगा नहीं । यहां तक कि ईरान ने अमेरिका को चेताते हुए कहा है कि इसका परिणाम तो अमेरिका को भी भोगना ही पड़ेगा । जो भी हो भारतीय शांति की राह पर चल कर ही वह आजतक अपने लक्ष्य को पाने में सफल होता रहा है । वह महात्मा गांधी और बुद्ध के मार्ग को आगे भी अपनाता है तो भारी जनसंख्या वाला यह देश भी शांति से जीवन यापन कर सकेगा तथा भारतीयों का भविष्य उज्वल होता रहेगा। ऐसा इसलिए कि युद्ध की जिस स्थिति को दिखाया जा रहा है वह निःसंदेह भयावह है , डराने और डरने वाला भी। भारत इतना सक्षम आज नहीं हो सका है कि वह इस तरह के युद्ध की विभीषिका से कभी उबर पाएगा। इसलिए हमारे पूर्व में दिए गए शांति का मार्ग ही एक मात्र उपाय है, लेकिन उपाय भी कबतक काम आएगा । यदि विश्व युद्ध को संभावना बढ़ी तो उसकी लपक भारत को भी अपनी लपेट में लेगा , इसलिए भारत सदैव यही चाहेगा कि किसी प्रकार हो, शांति विश्व में स्थापित हो और भाईचारा का वातावरण सामान्य हो , इस सारी स्थिति का हमारे ऊपर बैठे नेताओं को अच्छी तरह एहसास है जो देशहित के लिए हितकारी ही है।

# नृत्य और संगीत से बदल सकती है आपकी सेहत?



योग में शास्त्रीय नृत्य की भी बहुत-सी मुद्राएं हैं और भारतीय नृत्य की हर शैली में योग की क्रियाएं। इसीलिए डांस एक्सरसाइज का काम भी करता है और योग आपके मन को सुकून पहुंचाता है। स्वस्थ जीवनशैली के लिए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि योग और संगीत को हम अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाएं। योग और नृत्य में गहरा अंतर्संबंध है। दोनों की उत्पत्ति महादेव ने की है। 'आदियोगी' भी शिव हैं और नृत्य के राजा नटराज भी। वे लास्य (सृष्टि करने वाला कोमल नृत्य) और तांडव (विनाश करने वाला ऊर्जावान नृत्य) दोनों करते हैं। लास्य और तांडव को स्त्री और पुरुष ऊर्जा के रूप में समझा जाता है, जिसकी तुलना हठ योग में सूर्य (ह) और चंद्रमा (ठ) ऊर्जा से की जा सकती है। इसीलिए दोनों का लक्ष्य शारीरिक उत्थान के माध्यम से सर्वोच्च चेतना के साथ मिलन है। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत के शास्त्रीय नृत्यों की जड़ें योग में हैं।

**दिमागी कसरत अधिक, शारीरिक श्रम न के बराबर**

आज के समय में दिन में आठ-नौ घंटे कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करने से दिमागी कसरत तो होती है, लेकिन शारीरिक श्रम न के बराबर होता है। पहले दफ्तर तक जाने के लिए साइकिल का इस्तेमाल शरीर से कुछ मेहनत करा लिया करता था, लेकिन अब आरामदायक गाड़ियों ने उसे भी छीन लिया है। घरों में भी अब चक्की से गेहूं नहीं पीसा जाता। चटनी पीसनी हो तो मिक्सर, जूस बनाना हो तो जूसर, मसाले कूटने हों तो ग्राइंडर और कपड़े धोने हों तो वॉशिंग मशीन, यानी हर तरह से शारीरिक मेहनत कम से कम होती जा रही है। ऐसे में कामकाजी महिला-पुरुष हों या गृहिणियां, सभी का वजन बढ़ने लगता है और मोटापा अपने साथ कई बीमारियां लेकर आता है, जैसे कि शुगर, ब्लड प्रेशर आदि। वजन उनका मानसिक तनाव बढ़ा देता है और चिड़चिड़ेपन तथा लड़ने-झगड़ने का असर परिवार एवं बच्चों पर पड़ता है। ऐसे में वजन कम करने और रोगों से बचने के लिए आप योग की शरण ले सकती हैं या फिर नृत्य-संगीत के जरिये भी मजेदार और रोचक ढंग से अधिक कैलोरी बर्न करके वजन कम कर सकती हैं। योग हो या नृत्य, ये आपके शरीर को लचीला बनाते हैं, जिससे मोटापा घटता है और स्टैमिना बढ़ता है। योग और संगीत आपके फेफड़ों तथा हृदय की सेहत में सुधार करते हैं एवं शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं।

**अष्टांग योग और 108 नृत्य क्रियाएं**

पतंजलि के योग में आठ अंग या चरण हैं, जिन्हें अष्टांग योग कहा गया है। भारतीय संगीत की नींव में नियमित अभ्यास या रियाज महत्वपूर्ण है और यह तभी संभव है, जब आप स्वयं नियमों का सख्ती से पालन करें, जैसे कि सेहत और हाइजीन। इसके बाद दूसरों के प्रति आपका व्यवहार, रवैया और फिर स्थान का सम्मान तथा समय का महत्व समझना। अष्टांग योग के पहले दो चरण भी नैतिक मूल्य और नियम पालन पर जोर देते हैं। भरत मुनि के 'नाट्यशास्त्र' में नृत्य की 108 करण या क्रियाओं का उल्लेख है। नृत्य की क्रियाओं को मुद्राओं, हस्तक यानी हाथों की स्थिति और पाद भेद यानी पैरों की चाल के आधार पर परिभाषित किया गया है। यह विन्यास योग के समान है, जिसमें सांस की गति के साथ आसन लगाए जाते हैं। यह अष्टांग योग का तीसरा चरण है।

आम तौर पर एक नृत्य रचना आधा से एक घंटे तक चलती है। मंच पर 30 मिनट तक टिके रहने के लिए नर्तक को कम से कम 2-3 घंटे प्रतिदिन अभ्यास के साथ-साथ सहनशक्ति और ऊर्जा की जरूरत होती है। इसे प्राणायाम या चौथे चरण के अंतर्गत श्वास तकनीकों का अभ्यास करके प्राप्त किया जा सकता है। पांचवां क्षणिक चरण है यानी प्रत्याहार या अहंकार से अलगाव। प्रत्याहार का अर्थ है- 'वापस लेना'। इस अवस्था में नर्तक नृत्य में डूब जाता है और उसकी आध्यात्मिक यात्रा का बीजारोपण होता है। नर्तक पूरी तरह एकाग्र हो जाता है, जो अष्टांग योग का छठा चरण है। फिर वह इस हद तक तल्लीन हो जाता है कि प्रदर्शन उसे ध्यान की तरह लगता है, जो अष्टांग योग का सातवां चरण है। ऐसा कहा जाता है कि मन की ऐसी विरक्त अवस्थाओं का अनुभव करने के उद्देश्य से नृत्य का प्रदर्शन करना आध्यात्मिक रूप से लाभकारी है और यही अष्टांग योग का आठवां चरण है, जहां योग को मन, शरीर और आत्मा का मिलन कहा गया है।

**साथ-साथ चलते हैं योग और संगीत-** योग और संगीत, दोनों में प्रतिबद्धता तथा समर्पण की जरूरत होती है और यही समर्पण आपकी शारीरिक एवं मानसिक सेहत को बनाए रखता है। गाना सिखाने के लिए गुरु सबसे पहले षडज यानी 'स' स्वर को साधने का अभ्यास कराते हैं। योग में इसे श्वास क्रिया कहा गया है। गाते या कोई वाद्य यंत्र बजाते समय बैठने का एक खास तरीका होता है, जिसमें शारीरिक पुष्टता बहुत जरूरी है। योग में शरीर के अंगों की यह मजबूती आसनों से आती है। इसी तरह योग और नृत्य, दोनों को करते समय आप अपने सिर, गर्दन और रीढ़ को सीधा तथा संतुलित रखती हैं।

**आसन, मुद्राएं और मधुर ध्वनि**

मौजूदा जीवन-शैली में दिमागी कसरत तो बढ़ी है, शारीरिक श्रम न के बराबर हो गया है। ऐसे में योग तो सबसे उत्तम साधन है ही, लेकिन नृत्य भी शरीर को स्वस्थ रखने का एक रोचक तरीका हो सकता है और गाना या संगीत सुनना दिमाग को राहत पहुंचा सकता है। योग में मुद्राओं का उपयोग आंतरिक संचार के लिए किया जाता है और नृत्य में बाहरी संचार के लिए। पंजाब के लोक नृत्य भांगड़ा में पूरे शरीर का व्यायाम होता है तथा गिद्दा में तालियां बजाने से हृदय गति सुचारू चलती है। हरियाणा के धमाल लोक नृत्य में रीढ़ की हड्डी की अच्छी कसरत होती है। महाराष्ट्र के कोली और लावणी लोक नृत्यों को अगर रोजाना एक घंटा किया जाए तो शरीर की हर मांसपेशी खुल जाती है। लावणी नृत्य में तो चेहरे पर भाव लाने के कारण आंखों और होंठों का भी व्यायाम हो जाता है। असम के बिहू लोक नृत्य में हाथ-पैरों के साथ-साथ शरीर के ऊपरी हिस्से का उपयोग इस प्रकार किया जाता है कि शरीर में अकड़न-जकड़न, सुस्ती, दर्द आदि दूर होने लगते हैं। राजस्थान के लोक नृत्य घूमर और कालबेलिया में अनेक ऐसी शारीरिक भंगिमाएं मौजूद हैं, जो महिलाओं के सौंदर्य को बनाए रखती हैं, जैसे कि घूमना, पैरों को चलाना और कमर को मोड़कर सिर को जमीन पर लगाना आदि।

## मानसून में डाइट में जरूर शामिल करें ये चीजें



मानसून का मौसम अपने साथ ठंडी हवा और चारों ओर की मनमोहक हरियाली लेकर आता है, जो गर्मी से एक सुखद राहत दिलाती है। लेकिन, इस खूबसूरत मौसम का एक दूसरा पहलू भी है, यह अपने साथ बढ़ती नमी, बैक्टीरिया और विभिन्न संक्रमणों का खतरा भी लाता है। ऐसे में इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना बेहद जरूरी हो जाता है। ऐसे में इस दौरान सही आहार लेना बहुत जरूरी है, जो न केवल हमें स्वस्थ रखता है, बल्कि मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी, फ्लू और पाचन संबंधी समस्याओं से भी बचाता है। हमारी रसोई में ही कई ऐसे सुपरफूड्स छिपे हैं जो हमें इस मौसम में फिट और ऊर्जावान बनाए रख सकते हैं। आइए, इस लेख में हम मानसून में अपनी डाइट में शामिल करने वाली चार ऐसी खास चीजों के बारे में विस्तार से जानते हैं, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

**अदरक और हल्दी**-मानसून में अदरक और हल्दी को अपने आहार का हिस्सा बनाएं। अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो सर्दी-जुकाम और गले की खराश से बचाते हैं। इसे चाय, सूप या सब्जियों में डालकर खाएं। हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और इंफेक्शन से लड़ने में मदद करता है। इस मौसम में हल्दी वाला दूध पीना सेहत के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है।

**मौसमी फल**-मानसून में ताजे और मौसमी फल जैसे जामुन, अनार, नाशपाती और सेब को अपने डाइट में शामिल करें। ये फल विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। जामुन और अनार पाचन को बेहतर बनाते हैं और शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं। खट्टे फल जैसे संतरा भी इस मौसम में लाभकारी होते हैं। फलों को अच्छे से धोकर खाएं, ताकि बैक्टीरिया या कीटाणुओं का खतरा न रहे।

**प्रोबायोटिक्स युक्त खाद्य पदार्थ**-मानसून में नमी के कारण पाचन संबंधी समस्याएं जैसे अपच और दस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में दही, छाछ और प्रोबायोटिक युक्त खाद्य पदार्थ आंतों को स्वस्थ रखते हैं और पाचन तंत्र को मजबूत करने में मदद करते हैं। दही में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया आंतों में हानिकारक बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकते हैं। साथ ही, फर्मेंटेड फूड्स जैसे इडली या ढोकला भी इस मौसम में फायदेमंद होते हैं।

**गर्म सूप और हर्बल चाय**-मानसून में गर्म सूप और हर्बल चाय शरीर को गर्म रखने और इम्यूनिटी बढ़ाने का शानदार तरीका हैं। टमाटर, मशरूम या मिक्स वेजिटेबल सूप विटामिन और खनिजों से भरपूर होता है, जो शरीर को ऊर्जा देता है। तुलसी, अदरक, या पुदीने की हर्बल चाय पीने से सर्दी-खांसी से बचाव होता है और गले की खराश में राहत मिलती है। ये पेय पाचन को बेहतर बनाते हैं और नमी के कारण होने वाले इंफेक्शन से बचाते हैं।

## जरूरी है 'सीजनल फूड' खाना?



हम सभी जानते हैं कि मौसमी फल और सब्जियां न केवल स्वाद में अच्छी होती हैं, बल्कि ये हमारे स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी मानी जाती हैं। सीजनल फूड यानी मौसम के अनुसार उगने वाले खाद्य पदार्थ, प्रकृति का हमें दिया गया एक अनमोल उपहार हैं। ये फूड प्रोडक्ट्स पोषण, स्वाद और स्वास्थ्य का एक ऐसा अनूठा संतुलन प्रदान करते हैं, जिसकी बराबरी कोई और नहीं कर सकता। सोचिए, गर्मियों में मीठा और रसीला तरबूज, मानसून में जामुन, और सर्दियों में ताजगी भरा संतरा ये सभी खाद्य पदार्थ हमारे शरीर को उस खास मौसम के अनुकूल बनाए रखने में मदद करते हैं। ये केवल ताजे ही नहीं होते, बल्कि पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, क्योंकि इन्हें अपनी प्राकृतिक परिस्थितियों में बढ़ने का पूरा मौका मिलता है। आइए, इस लेख में हम जानेंगे कि मौसमी फल और सब्जियां क्यों हमारे लिए सबसे बेहतर विकल्प हैं और इन्हें अपनी रोजमर्रा की डाइट में शामिल करना हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए क्यों इतना जरूरी है।

**पोषण से भरपूर**-जब फल और सब्जियां अपने मौसम में उगती हैं, तो उनमें पोषक तत्व सबसे ज्यादा होते हैं। ये ताजा होते हैं और प्राकृतिक रूप से पके होते हैं, जिससे इनमें विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा अधिक होती है। उदाहरण के लिए, सर्दियों में पालक और गाजर बीटा-कैरोटीन और विटामिन से भरपूर होते हैं, जो आंखों और त्वचा के लिए फायदेमंद हैं। गर्मियों में खीरा और तरबूज शरीर को हाइड्रेट रखते हैं। मौसमी खाद्य पदार्थों में केमिकल या प्रिजर्वेटिव्स का उपयोग कम होता है, जिससे ये स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होते हैं।

**पर्यावरण और मौसम के अनुकूल**-मौसमी फल-सब्जियां प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर उगती हैं, जो शरीर को मौसम की चुनौतियों से निपटने में मदद करती हैं। मानसून में जामुन और अनार जैसे फल इम्यूनिटी बढ़ाते हैं, जो बारिश में होने वाले इंफेक्शन से बचाव करते हैं। सर्दियों में संतरा और आंवला विटामिन ष्ट प्रदान करते हैं, जो सर्दी-खांसी से लड़ने में सहायक हैं। ये खाद्य पदार्थ शरीर के तापमान को संतुलित रखते हैं और मौसमी बीमारियों से बचाव करते हैं।

**स्वाद और ताजगी**- सीजनल फूड का स्वादिष्ट होता है, क्योंकि ये अपने प्राकृतिक समय पर पकते हैं। गैर-मौसमी फल-सब्जियों को पकाने के लिए कृत्रिम तरीकों और प्रिजर्वेटिव्स का उपयोग होता है, जो स्वाद और पोषण दोनों को कम करता है। उदाहरण के लिए, मानसून में ताजा जामुन या गर्मियों में आम का स्वाद कृत्रिम रूप से पकाए गए फलों से कहीं बेहतर होता है। ताजा और स्थानीय रूप से उगाए गए खाद्य पदार्थ खाने से न केवल स्वाद बढ़ता है, बल्कि पाचन भी बेहतर होता है।

**किफायती और पर्यावरण के लिए लाभकारी**-मौसमी फल-सब्जियां स्थानीय रूप से प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होती हैं, जिससे इनकी कीमत कम होती है। इन्हें लंबी दूरी तक लाने-ले जाने या भंडारण की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे कार्बन फुटप्रिंट कम होता है। वहीं गैर-मौसमी खाद्य पदार्थों को आयात करने या कोल्ड स्टोरेज में रखने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है।

## महंगे क्लीनर नहीं, ये घरेलू नुस्खे ही काफी हैं गंदे-काले स्विच बोर्ड को चमकाने के लिए

लाइट ऑन या ऑफ करने के लिए हर जगहों पर स्विच बोर्ड लगे रहते हैं। इन्हें दिन में कई-कई बार बंद किया जाता है और खोला जाता है। इसी के चलते स्विच बोर्ड काफी गंदे हो जाते हैं। खासतौर पर जो स्विच बोर्ड घर में लगे होते हैं, उनका तो रंग ही बदलकर काला हो जाता है। ये बिजली के स्विच बोर्ड होते हैं, इसलिए आप इन्हें पानी से धोकर साफ नहीं कर सकते। इसी के चलते हम आपको कुछ आसान नुस्खे बताएंगे, जिसको आजमाकर आप गंदे से गंदे स्विच बोर्ड को साफ कर सकते हैं। इसके लिए आपको पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**देखें टूथपेस्ट का कमाल**- हर घर में दांत साफ करने वाला टूथपेस्ट तो होता ही है। इसके इस्तेमाल से आप दांतों के साथ-साथ अपने घर के स्विचबोर्ड को भी चमका सकते हैं। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले सफेद रंग का टूथपेस्ट लें। ये जेल वाला नहीं होना चाहिए। अब इस पेस्ट को स्विच बोर्ड पर लगाएं। इसके बाद पुराने टूथब्रश से स्विचबोर्ड पर हल्के हाथों से रगड़ें। इस दौरान लाइट को बंद ही कर दें। कुछ देर रगड़ने के बाद इसे ऐसे ही रहने दें और फिर सूखे कपड़े से पोंछ दें।

**बेकिंग सोडा करेगा मदद**-अपनी रसोई में रखे बेकिंग सोडा के इस्तेमाल से भी आप गंदे स्विच बोर्ड को साफ कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में थोड़ा सा बेकिंग सोडा लेकर उसमें पानी डालें। इसका पेस्ट आपको तैयार करना है। अब इस पेस्ट को स्विचबोर्ड पर लगाएं और ब्रश की मदद से इसे हल्के हाथों से रगड़ें। कुछ देर रगड़ने के बाद सूखे कपड़े से पोंछकर असर देखें।


**सिरका करेगा काम**- यदि आपके घर में सिरका रखा है तो गंदे स्विचबोर्ड को भी आप इसकी मदद से साफ कर सकते हैं। इसके लिए रुई में सिरका लेकर इसे धीरे-धीरे स्विचबोर्ड पर अप्लाई करें। हल्के हाथ से इसे 5 से 7 मिनट तक रगड़ें। कुछ देर रगड़ने के बाद स्विच बोर्ड को पोंछ दें। इसका भी असर आपको तुरंत दिख जाएगा।

**नींबू का रस और नमक का पेस्ट करें इस्तेमाल**-फ्रिज में पड़े नींबू के खराब होने से पहले उसका इस्तेमाल सफाई में कर लें। इसके लिए एक कटोरी में नमक लें, और आधे कटे नींबू पर नमक लेकर स्विच बोर्ड पर रगड़ें। 5 से 7 मिनट तक स्विच बोर्ड को रगड़ें और फिर इसका असर देखें।

**नेल पॉलिश रिमूवर आएगा काम**-यदि आपको नेल पॉलिश लगाने का शौक है तो रिमूवर भी आपके पास होगा, तो बस बिना सोचे इसके इस्तेमाल से भी आप स्विच बोर्ड को साफ कर सकते हैं। अब को नेल रिमूवर वाली वाइप्स आती हैं। तो बस एक वाइप लेकर उससे स्विच बोर्ड को साफ करें।

## कौन सी शादी में ज्यादा प्यार और कौन सी में एडजस्टमेंट?

### तुलना सोचने पर मजबूर कर देगी



शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन होती है। लेकिन आज के समय में सबसे बड़ा सवाल है कि शादी कैसी हो, लव मैरिज या अरेंज मैरिज? दो लोगों का खुद से एक दूसरे को पसंद करना और प्यार के जरिए शादी के बंधन में बंधना लव मैरिज कहलाता है। वहीं अरेंज मैरिज में लड़के और लड़की के माता पिता या परिवार के लोग उनके लिए बेहतर पार्टनर की तलाश करते हैं और परिवार की पसंद से शादी होती है। अब सवाल है कि लव मैरिज और अरेंज मैरिज में से कौन सा रिश्ता ज्यादा मजबूत होता है?

किसमें ज्यादा समझ बनती है और किसमें टूटने की संभावना कम होती है? इस लेख के माध्यम से प्रेम विवाह और अरेंज मैरिज दोनों के फायदे, चुनौतियां और टिकाऊपन की तुलना को समझ कर रिश्ते को मजबूत और शादी का रिश्ता निभाने के लिए तैयार हो सकते हैं।

**लव मैरिज**-लव मैरिज को प्रेम विवाह कहा जाता है। इस तरह के विवाह में लड़का और लड़की एक दूसरे से प्रेम करते हैं और अपनी मर्जी से शादी करते हैं। वह विवाह से पहले एक दूसरे से लंबे समय से जानते हैं, उनका विवाह परिवार की सहमति या अस्वीकृति दोनों के बाद भी होता है। लव मैरिज भावनाओं से भरा रिश्ता होता है जिसके कई फायदे हैं,

**प्रेम विवाह के फायदे**-प्रेम विवाह में लोगों के पास पहले से एक दूसरे को समझने का मौका होता है। इस तरह के विवाह में कपल के बीच इमोशनल कनेक्शन मजबूत होता है।

प्रेम विवाह में कपल की समान सोच होती है और वे एक दूसरे की पसंद-नापसंद को समझते हैं।

**प्रेम विवाह की चुनौतियां**-भारत में अधिकतर मामलों में प्रेम विवाह के लिए परिवार की असहमति का सामना कपल को करना पड़ सकता है। इस तरह के विवाह में कपल रिश्ते और अपने पार्टनर से उम्मीद ज्यादा रखते हैं और एडजस्टमेंट कम करते हैं। प्रेम विवाह में समय के साथ रोमांस की कमी आना भी संभव होता है।

**अरेंज मैरिज**- अरेंज मैरिज एक पारंपरिक प्रथा है। यह एक ऐसा विवाह है जहां दूल्हा और दुल्हन का चयन उनके परिवार या करीबी रिश्तेदारों द्वारा किया जाता है। इस तरह के विवाह में लड़का और लड़की की सीधी भागीदारी नहीं होती है, बल्कि अरेंज मैरिज परिवारों का रिश्ता होता है। अरेंज मैरिज के भी कई फायदे होते हैं,जो कपल को पता होने चाहिए।

**अरेंज मैरिज के फायदे**- इस तरह के विवाह में परिवारों की सहमति और सपोर्ट होता है। दूल्हा और दुल्हन एक दूसरे को पहले से नहीं जानते। शादी के बाद धीरे-धीरे उनके बीच प्यार पनपता है। अरेंज मैरिज को सामाजिक रूप से स्थिर समझा जाता है।

**अरेंज मैरिज की चुनौतियां**-अरेंज मैरिज में कपल को एक दूसरे को समझने में समय लग जाता है। उनकी पसंद-नापसंद और सोच अलग हो सकती है। शादी के शुरुआती महीनों में कपल एक दूसरे से झिझक और दूरी महसूस करते हैं। कपल के लिए भावनात्मक करीबी और प्रेम आने में वक्त लग सकता है, कभी-कभी तो साथ रहने या आदत को लोग प्यार समझकर रहते हैं। ये शादी परिवारों की रजामंदी पर टिकी होती हैं, इसलिए परिवारों के बीच टकराव का असर वैवाहिक जीवन पर भी हो सकता है।

## भाग्य के निर्माता हैं हमारे कर्म



**-डॉ. आशा रस्तोगी**

भाग्य के निर्माण में कर्मों की निर्णायक भूमिका होती हैं। हमारे अच्छे कर्म सौभाग्य एवं बुरे कर्म दुर्भाग्य का निर्माण करते हैं। मनुष्य एक निर्धारित भाग्य लेकर जन्म लेता है। कोई सुखी समृद्ध परिवार में जन्म लेता है तो कोई इसके विपरीत दुखी और निर्धन परिवार में जन्म लेता है। जब हम कहते हैं कि कर्मानुसार हमारा भाग्य बनता है तो मन में प्रश्न उठता है कि मनुष्य जन्म लेते ही तो कर्म नहीं करने लगता, तो फिर उसका भाग्य अच्छा या बुरा क्यों होता है? शास्त्रों में कहा गया है कि सुख और दुख मनुष्य को प्रारब्धानुसार मिलते हैं। कर्मों के संबंध में विचार करते समय अक्सर संचित कर्म और प्रारब्ध जैसे शब्दों के बारे में पढ़ने एवं सुनने को मिलता है। लेकिन बहुत कम लोग इसका अर्थ गहराई से समझते हैं। इसका अर्थ गहराई से समझना आवश्यक है, तभी आप अपने जीवन को सार्थक और आत्मा को मोक्ष की ओर अग्रसर कर पायेंगे और उसे बदलने की कोशिश कर पायेंगे। इन्हें समझकर ही भाग्य की प्रकृति को समझा जा सकता है और उसे बदलने का प्रयत्न किया जा सकता है। आपका पुनर्जन्म, जीवन का कष्ट, जन्म की योनि सब कुछ आपके कर्मों से जुड़ा है।

**शास्त्रों के अनुसार कर्म मुख्यत: तीन प्रकार के होते हैं।**

(1) संचित कर्म (2) प्रारब्धकर्म (3) क्रियमाण कर्म।

**(1)संचित कर्म**- संचित का अर्थ है जमा किया हुआ अथवा इकट्ठा किया हुआ। यानि यह एक आत्मा के उन कर्मों का बहीखाता है जो अब तक उसने इकट्ठा किए हैं। एक आत्मा कई बार जन्म लेती है और सदियों से जन्म लेती आ रही है। हर जन्म में उसने कुछ अच्छे और कुछ बुरे कर्म किए होंगे। वे सारे कर्म इकट्ठा होकर संचित कर्म कहलाते है। यानि कि संचित कर्म किसी भी आत्मा के द्वारा हर जन्मों में किए कर्मों का रिकॉर्ड है। अपने इन कर्मों के बारे में किसी भी मनुष्य को जानकारी नहीं होती। वह केवल वर्तमान समय के कर्म के प्रति



सजग रह सकता है लेकिन भगवान इन कर्मों को जानते हैं और वो उसके अनुसार फ्ल भी देते हैं।

**(2)प्रारब्ध कर्म**- प्रारब्ध यानि भाग्य और प्रारब्ध कर्म यानि कर्म के आधार पर मिला भाग्य। किसी भी व्यक्ति का जो संचित कर्म है वह किसी स्टोर रूम में पड़ा धूल नहीं फांक रहा होता या कोई भी मनुष्य उससे पीछा नहीं छुड़ा सकता बल्कि उसमें से थोड़ा सा कर्म निकाल कर उसके आधार पर आपके अगले जन्म का भाग्य भी तय होता है और यह भी कि आपको इस जन्म में क्या क्या भोगना है। संचित कर्म के आधार पर ही तय होता है कि आपका इस जन्म का परिवार, जीवन और भाग्य कैसा होगा। अगर आपके संचित कर्मों में बुरे कर्म अधिक होंगे तो उसके फलस्वरूप आपको कष्टप्रद जीवन मिलेगा और अच्छे होंगे तो अच्छा परिवार और अच्छा जीवन मिलेगा। इसलिए कहते हैं कि जब भाग्य खराब हो तो किस्मत को दोष नहीं दिया जा सकता, बल्कि यह आपके बुरे कर्मों का ही फल होता है। यानि वो कर्म जो आपने पिछले जन्मों में किया है और उसी से आपका प्रारब्ध निर्धारित होता है और संचित कर्मों का थोड़ा सा हिस्सा भुगतना भी पड़ता है।

**(3)क्रियमाण कर्म**- क्रियमाण कर्म वो कर्म हैं जो एक मनुष्य द्वारा वर्तमान जन्म में किया जा रहा है। यह सच है कि आपका भाग्य बहुत हद तक आपके संचित कर्मों पर आधारित होता है लेकिन उसे क्रियमाण कर्म के द्वारा बदला जा सकता है। केवल इतना ही नहीं, एक मनुष्य के क्रियमाण कर्म में जितनें अच्छे काम होंगे, वह उसके संचित कर्मों में मौजूद बुरे कर्मों को काटते जायेंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि हर व्यक्ति अपने भाग्य को कोसने के बजाय अपने कर्मों पर ध्यान दे ताकि आगे उसका जीवन अच्छा बीते। तभी तो भगवान कृष्ण ने कहा है कि कर्म कर, फल की चिंता मत कर। यह सच है कि आप अपने संचित कर्मों को बदल नहीं सकते लेकिन संचित कर्म में अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के कर्म होते है और बार बार जन्म लेकर तब तक भुगतना पड़ता है जब तक कर्मों का हिसाब शून्य न हो जाए। जब वह शून्य हो जाता है तभी आत्मा जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्ति पाती है क्योंकि उसके पास अब कोई कर्म नहीं बचता भुगतने के लिए। अगर आपने अभी अपने कर्मों पर ध्यान दिया, तो संचित कर्म में मौजूद बुरे कर्म अच्छे कर्मों से कटते जायेंगे और आपका भावी जन्म न केवल उच्चतर होगा बल्कि आत्मा भी मोक्ष की ओर अग्रसर होती जायेंगी। इसलिए कुछ भी करते समय अपने कर्मों पर अवश्य विचार करना चाहिए और कर्मों को निष्काम भाव से करना चाहिए ताकि कर्मबंधन से मुक्त हो सके। कर्म बंधन से मुक्त आत्मा ही परमात्मा को प्राप्त कर सकती है।



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 29 जून , 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, चतुर्थी तिथौ रवि वासरे 09/15/ आश्लेषा नक्षत्रे 08/35/ वज्र योग 17/59/ भद्रा करणे 09/15/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं.06मि.35पर।

**व्रत एवं त्यौहार -** भद्रा समाप्त घं.09 मि.15 पर। वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी। शुक्र वृष राशि में घं.14 मि10 पर।

**मेष :** किसी निकट संबंधी के कारण परिवारिक सौहार्द बिगड़ने का योग है। माता के स्वास्थ्य के प्रति चिंतित रहेंगे। दांपत्य संबंध मधुर बनेंगे।

**तुला :** पारिवारिक जनों को शारीरिक कष्ट रहेगा।' भविष्य के लिए नई राह मिलेगी। नियमित दिनचर्या रहेगी।

**वृष :** अनावश्यक विवादों को टालें व्यर्थ की भ्रमण प्रियता रहेगी। कारोबारी अभ्युदय होगा। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। बनाएँ पर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**मिथुन :** आंख कान पेट इत्यादि रोगों से पीड़ित हो सकते हैं। आर्थिक संतुलन बनाए रखने की दिशा में किए प्रयास सफल होगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेगा। बौद्धिक विकास होगा।

**कर्क :** आकामिक लाभ होगा। सत्पूरामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारीबारी दूर होगी। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या :** व्यवसाय के संबंध के लिए नया निर्णय लेना होगा। विरोधी पक्ष अडंगेबाजी की नीति अपनाएंगे। व्यय अधिक होगा।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# भामाशाह की जयंती के अवसर पर हरिऔध कला भवन में किया गया सजीव प्रसारण

**आजमगढ़।** मुख्यमंत्री उ.प्र. द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर लोक भवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण शनिवार को हरिऔध कला केन्द्र में किया गया। इसी क्रम में दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर आज हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में व्यापारी कल्याण दिवस का शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री राहुल विश्वकर्मा, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्यकर, श्रीराम सरोज, अपर आयुक्त (अपील) राज्यकर हरिलाल प्रजापति, निलेश कुमार सिंह संयुक्त आयुक्त (एसआईबी) राज्यकर द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।



## देवरिया में 1.66 लाख पौधों का होगा रोपण

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि जनपद देवरिया में वृक्षारोपण जनअभियान के अंतर्गत 1,66,000 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उद्यान विभाग के अंतर्गत जनपद में दो राजकीय पौधशालाएं करहीभुवन एवं भुजौली संचालित हैं, जहां विभिन्न प्रजातियों के 83,000-83,000 पौधे तैयार किए गए हैं। पौध वितरण एवं रोपण की प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु विकास खंड प्रभारियों एवं सहायक प्रभारियों द्वारा पहले ही संबंधित स्थलों का चयन कर गड्ढों की खुदाई कराई जा चुकी है।

# भाजपा सरकार में बह रही विकास की बयार : शशांक मणि

## 5 करोड़ की निधि से हुआ 45 सड़कों के निर्माण का लोकार्पण



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** शनिवार, जिलापंचायत सभागार देवरिया में सांसद निधि से पिछले एक साल के काम का लोकार्पण देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि के हाथों हुआ। साथ ही इस मौके पर सांसद शशांक मणि ने अपने एक साल के काम का 57 पन्नों का रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया। सांसद निधि द्वारा बनाए गए 45 सड़कों का करीब 5 करोड़ की लागत से हुए कार्यों का लोकार्पण सदर सांसद शशांक मणि ने किया । इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देवरिया लोकसभा के चौमुखी विकास के लिए मै प्रतिबद्ध हूं तथा सदैव देवरिया की जनता की सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्पों में देवरिया की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सबके प्रयास की जरूरत है। इस मौके पर सांसद ने अपने एक साल के कार्यों की भी चर्चा की। जिसमें उन्होंने कहा कि देवरिया लोकसभा को विकसित बनाने के अमृत प्रयास के साथ जुड़ना होगा, उन्होंने 7 संकल्पों की चर्चा करते हुए कार्यकताओं को भी इसके साथ जुड़ने का आह्वान किया। वहीं भाजपा के जिला प्रभारी संतराज यादव ने देवरिया लोकसभा में हुए विकास कार्यों के लिए सदर सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में चहुंओर विकास की गंगा बह रही है, इस विकासवादी सरकार में जनता को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल रहा है । इस मौके पर भाजपा महिला मार्चा की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा, भाजपा नेता मुकुल मणि त्रिपाठी, गौरीबाजार के नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप मद्धेशिया, देवरिया के ब्लॉक प्रमुख पिंटू जायसवाल, भाजपा नेता नीरज शाही, प्रेम अग्रवाल, किशनाथ राय, निर्मला गौतम, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, सुधीर मधेशिया, प्रभाकर तिवारी, अजय उपाध्याय, अखिलेश त्रिपाठी, रामाशीष प्रसाद, डॉ विनय राव, शैलेन्द्र सिंह आजाद, दिवाकर मिश्रा, अजय कुमार दुबे, गंगा सिंह कुशवाहा, किरण गोंड, अमित मोदनवाल, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, सुनीता जायसवाल, मकसूदन मणि त्रिपाठी, अवधेश सिंह, डा अजीत नारायण मिश्रा, संतोष मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कार्यालय-नगर पालिका परिषद, जमानियाँ जनपद-गाजीपुर।

**पत्रांक 02/वि०पं०/न०पा०प०जं० (2025-2026)/2025, उपविधि-प्रकाशन, दिनांक 28 जून, 2025**

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 संख्या 2 संशोधन 1994 की धारा 298 सूची-1 घ के अन्तर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नगर पालिका सीमान्तर्गत निदेशालय के पत्र संख्या- एक/838/कम्प्यू० सेल/2019-20 लखनऊ दिनांक 22 सितम्बर 2020 एंव शासनादेश संख्या 161 सी०एम०/नौ0-9-97-23 ज0/97 दिनांक 16 दिसम्बर 1997 एंव निर्देशलय के पत्र संख्या एक/872/कम्प्यू० सेल 2019-20 दिनांक 12 जनवरी 2021 में दिये गये निर्देशो के अनुपालन में नगर पालिका परिषद जमानियाँ जनपद गाजीपुर के सीमान्तर्गत विभिन्न व्यवसायो एंव दुकानो के विनियमन हेतु बोर्ड की बैठक दिनांक 7 मार्च 2024 के प्रस्ताव संख्या 6 के अनुपालन में नगर पालिका परिषद जमानियाँ जनपद गाजीपुर सीमान्तर्गत किये जा रहे या किये जाने वाले व्यवसाय/व्यापार के लिए लाईसेंन्स शुल्क उपविद्यि नियमावली 2024 बनायी गई है जो जनसाधरण के सूचनार्थ आपत्ति एंव सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु पूर्व में दैनिका समाचार पत्र दैनिक जागरण एंव राष्ट्रीय सहारा के संस्करण दिनांक 29 नवम्बर 2024 में प्रकाशित कराया जा चुका है। तत्पश्चात पुनः नगर पालिका परिषद जमानियाँ के बोर्ड की बैठक दिनांक 26-04-2025 के प्रस्ताव संख्या 5 के द्वारा कतिपय संशोधन एंव कतिपय मदो को बढाकर प्रस्ताव बहुमत से पारित/स्वीकृत किया गया है, जिसे उक्त एक्ट की धारा 301 (2) के प्रयोजनार्थ गजट में प्रकाशित किये जाने से पूर्व सर्व साधरण की जानकारी के लिए अन्तिम रूप से प्रकाशित कराया जा रहा है। उक्त उपविधि नियमावली सरकारी गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी।

## लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली-2024

शासनादेश संख्या-एक/838/कम्प्यू० सेल/2019-20 लखनऊ दिनांक 22 सितम्बर, 2020 एवं शासनादेश संख्या-161 सी०एम०/नौ-9-97-23ज/97, दिनांक 16 दिसम्बर 1997 एवं निदेशालय के पत्र संख्या-एक/872/कम्प्यू० सेल/2019-20 दिनांक 12 जनवरी 2021 के द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 के अधिन प्रदत्त अधिकारी के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद जमानियाँ सीमान्तर्गत लाईसेंस उपविधि बनायी गयी है। जो यह लाईसेंस उपविधि 2024 कही जायेगी।

परिभाषा- जब तक कोई विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली में -

(क) "अधिनियम" का तात्पर्य उ०प्र० नगर पालिका अधिनियम-2, 1916 से है।
(ख) "नगर पालिका" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद जमानियों से है।
(ग) "बोर्ड" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद जमानियों के निर्वाचित बोर्ड अथवा शासन द्वारा स्थापित की गयी व्यवस्था से है।
(घ) यह लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली 2024 नगर पालिका परिषद जमानियाँ कहलायेगी।
(ड.) "अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जमानियों से है।
(च) "प्रभारी अधिकारी" का तात्पर्य प्रभारी अधिकारी नगर पालिका परिषद जमानियों से है।
(छ) "अध्यक्ष/चौयरमैन" का तात्पर्य अध्यक्ष/चौयरमैन नगर पालिका परिषद जमानियाँ से है।
(ज) "लाईसेंस अधिकारी का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी" एंव नगर पालिका परिषद जमानियों के अधिकृत कर्मचारी से है।

1. यह लाईसेंस उपविधि नियमावली नगर पालिका परिषद जमानियों सीमान्तर्गत लागू होंगें। यह नियम लाईसेंस एवं अन्य शुल्क के लिए भी लागू होगें।
2. कोई भी दुकानदार या अन्य व्यवसायी इस नियमावली के अन्तर्गत लाईसेंस प्राप्त किये बिना व्यवसाय नही कर सकता है और उपनियम लागू होने के पूर्व से चल रहे समस्त दुकानदारो, व्यवसायियों, प्रतिष्ठानों आदि को लाईसेंस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त करना आवश्यक होगा।
3. लाईसेंस की अवधि वित्तीय वर्ष में 01 अप्रैल से 31 मार्च तक वैध होगें। अगले वित्तीय वर्ष के लिए पुनः लाईसेंस प्राप्त करना होगो।
4. वित्तीय वर्ष में ही प्रत्येक व्यक्ति को व्यवसाय के लिए आवश्यक होगा की निम्नलिखित तालिका में निर्धारित की गयी धनराशि, ट्रेड लाईसेंस के रूप में जमा करके लाईसेन्स प्राप्त कर लेवे।
5. ट्रेड लाईसेंस प्राप्त करने के लिए अपेक्षित धनराशि प्राप्तकर्ता कार्यालय नगर पालिका परिषद जमानियों में जमा कर सकता है अथव नगर पालिका के अधिकृत कर्मचारी को भुगतान करके रसीद प्राप्त कर सकता है।
6. केन्द्र अथवा राज्य सरकार अथव अन्य काई विधि निहित संस्था द्वारा तालिका में वर्णित ट्रेड लाईसेंस के नियन्त्रण हेतु लाईसेंस से भिन्न होगा।
7. नगर पालिका अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी अथवा अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान के लाईसेंस का निरीक्षण कर सकता है। प्रत्येक दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश के लिए अधिकृत होगा।
8. नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एवं अधिकृत कर्मचारी अध्यक्ष की स्वीकृति से लाईसेंस निर्गत कर सकता है।
9. जो शुल्क इस पालिका में नहीं है उसे सम्बन्धित व्यवसाय के व्यवसाय समकक्ष व्यवसाय मानकर उसी के अनुरूप लाईसेंस शुल्क लिया जायेगा।
10. इस लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली की दरें प्रभावी होते ही पूर्व में लागू की गयी लाईसेन्स की दरे निष्प्रभावी समझी जायेगी।
11. तालिका की मदों में उल्लिखित ट्रेड लाईसेंस शुल्क न बनवाने पर अथवा निरीक्षण में पकड़े जाने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रभार के साथ शुल्क वसूली जायेगी। विशेष परिस्थिति में अधिशासी अधिकारी /अध्यक्ष को यह अधिकार होगा की वह माफ कर सकता है।
12. लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली की दरों में 05 वर्ष पश्चात 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी जिसमें पालिका बोर्ड को दो तिहाई बहुमत से संशोधन करने का अधिकार प्राप्त होगा तथा सहमति न होने की दशा में इसका विनिश्चय मताधिकार द्वारा होगा।
13. नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष लाईसेंस से संबन्धित किसी भी शिकायतो का निस्तारण होगा।

**ट्रेड लाईसेंस शुल्क की दरें निम्नवत है -**

| क०सं० | मद का नाम | दर वार्षिक |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | **होटल रेस्टोरेन्ट** | |
| 1 | होटल लॉजिंग हाउस तथा गेस्ट हाउस 10 शंय्या तक / होटल ढावा | 1000.00 |
| 2 | तीन सितारा होटल | 5000.00 |
| 3 | पांच सितारा होटल | 8000.00 |
| | **नर्सिंग होम** | |
| 4 | नर्सिंग होम (20 बेड तक) | 900.00 |
| 5 | नर्सिंग होम (20 बेड से ऊपर रू0 50 प्रति बेड) | 50(प्रति बेड) |
| 6 | प्रसूति ग्रह (20 बेड तक) | 900.00 |
| 7 | प्रसूति ग्रह (20 बेड से ऊपर तक) | 1000.00 |
| 8 | प्राईवेट अस्पताल | 2500.00 |
| 9 | पैथालॉजी सेंटर | 750.00 |
| 10 | एक्सरे क्लीनिक | 900.00 |
| 11 | डेन्टल क्लीनिक | 1000.00 |
| 12 | प्राईवेट क्लीनीक | 1000.00 |
| | **परिवहन** | |
| 13 | आटो रिक्शा 2 सीटर | 150.00 |
| 14 | आटो रिक्शा 7 सीटर (टैम्पो) | 500.00 |
| 15 | आटो रिक्शा 4 सीटर | 250.00 |
| 16 | मिनी बस | 1000.00 |
| 17 | बस | 1500.00 |
| 18 | तांगा | 50.00 |
| 19 | रिक्शा किराये पर | 20.00 |
| 20 | रिक्शा निजी चलित | 25.00 |
| 21 | ठेला/ठेली | 20.00 |
| 22 | हाथ ठेला | 20.00 |
| 23 | बैलगाड़ी/भैसा गाड़ी | 20.00 |
| 24 | ट्राली | 50.00 |
| 25 | अन्य चार पहियों के वाहन (व्यापारिक प्रयोग हेतु सभी वाहन) | 500.00 |
| | **अन्य व्यवसाय** | |
| 26 | धुलाई गृह (लाण्ड्री) | 250.00 |
| 27 | ड्राई क्लीनर | 250.00 |
| 28 | फाईनेन्स कम्पनी, चिट फंट | 4000.00 |
| 29 | इन्श्योरेन्स कम्पनी प्रति शाखा | 5000.00 |
| 30 | फाउन्डिग, इन्जीनियरिंग, इण्डस्ट्रियल | 1500.00 |
| 31 | पशु वद्यशाला (स्लाटर हाउस) | 100.00(प्रति पशु) |
| 32 | हडडी खाल गोदाम | 700.00 |
| 33 | बार/बियर | 4000.00 |
| 34 | आइस फैक्ट्री | 2000.00 |
| 35 | बिल्डर्स (रजिस्टर्ड) | 5000.00 |
| 36 | देशी शराब (प्रति दुकान) | 5000.00 |
| 37 | विदेशी शराब (प्रति दुकान) | 8000.00 |
| 38 | भैसा मांस की दुकान | 5000.00 |
| 39 | बकरा मांस की दुकान | 5000.00 |
| | **पशु पालन** | |
| 40 | प्रति पशु | 10.00 |
| 41 | कांजी हाउस में बंद जानवरो पर जुर्मना | 500.00 |
| 42 | प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवरों (बकरा आदि) | 10.00 |
| 43 | प्रतिदिन खुराकी बड़े जानवरों (गाय, भैस, घोड़े, बकरा आदि) | 50.00 |
| 44 | **भवन निर्माण स्वीकृत मानचित्र**<br>(क) आवासीय भवन हेतु रू0 70 प्रति वर्ग मीटर, (ख) अनावासीय भवन हेतु रू0 120 प्रति वर्ग मीटर की दर से होगा (ग) व्यवसायिक, कॉम्पलेक्स, होटल, बरात घर, इत्यादि हेतु रू0 145 प्रति वर्ग मीटर की दर से देय होगा। श्रम विभाग उ०प्र० के अर्धशा० पत्र सं० 3056 दिनांक-20.06.2016 के द्वारा निर्गत पत्र के कम में नियमतः 10 लाख से अधिक निजी आवासीय/अनावासी भवनों एवं अन्य निर्माणों (लागत की सीमा निर्धारित नहीं है) के मानचित्र स्वीकृत करते समय 1 प्रतिशत के समतुल्य उपकर की धनराशि अलग से जमा करना होगा। | |
| 45 | स्कूटर, मोटर, साईकिल रिपेरिंग | 1000.00 |
| 46 | स्कूटर, 3 पहिया रिपेरिंग शॉप | 1000.00 |
| 47 | साईकिल पार्टस व साइकिल विक्रेता | 1000.00 |
| 48 | साइकिल मरम्मत की दुकान | 500.00 |
| 49 | आटा चक्की, स्पेलर, धान मशीन आदि | 500.00 |
| 50 | गन्ना, कोल्हू आरा मशीन, धर्मकाटा | 500.00 |
| | **पेट्रोलियम** | |
| 51 | दुकान तेल मिट्टी 100 गैलेन तक | 50.00 |
| 52 | दुकान तेल मिट्टी 500 गैलेन तक | 250.00 |
| 53 | पेट्रोल पम्प, डीजल पम्प फुटकर विक्रेता | 2500.00 |
| 54 | पेट्रोल पम्प, डीजल पम्प थोक विकेता | 4000.00 |
| 55 | जनरेटर डीजल प्रति नग | 500.00 |
| 56 | दुकान अन्य पेट्रोल उतपाद | 500.00 |
| 57 | गोदाम कबाड़/गूदड़ आदि.. | 800.00 |
| 58 | कोयला भट्टी | 100.00 |
| 59 | जूता बनाने का कारखाना बड़ा | 2000.00 |
| 60 | जूता बनाने का कारखाना छोटा | 2000.00 |
| 61 | लोहा व्यापारी, टिम्बर, सीमेन्ट, टाइल, मारबल, ईटा, बालू, हार्डवेयर, सेनेटरी फुटकर | 3000.00 |
| 62 | बिजली का सामान, थोक विकेता | 3000.00 |
| 63 | बिजली का सामान फुटकर विकेता | 1500.00 |
| 64 | कपड़ा व्यापारी थोक विक्रेता | 5000.00 |
| 65 | कपड़ा व्यापारी फुटकर विक्रेता | 2500.00 |
| 66 | बेकरी भट्टी | 1000.00 |
| 67 | बेकरी पावर | 1500.00 |
| 68 | हॅयर कटिंग शैलून छोटा (एक कारीगर) | 250.00 |
| 69 | हेयर कटिंग शैलून छोटा (एक से अधिक कारिगर) | 500.00 |
| 70 | कुकिंग गैस सिलेण्डर फिलिंग फुटकर विक्रेता | 1000.00 |
| 71 | जनरल मर्चेन्ट थोक | 1500.00 |
| 72 | जनरल मर्चेन्ट फुटकर | 750.00 |
| 73 | टेलरिंग हाउस (01 से 05 कर्मचारी तक) | 500.00 |
| 74 | टेलरिंग हाउस (05 कर्मचारी अधिक) | 1000.00 (प्रति कर्मचारी) |
| 75 | कोयला थोक विक्रेता | 500.00 |
| 76 | कोयला फुटकर विक्रेता | 250.00 |
| 77 | पेंट की दुकान | 750.00 |
| 78 | ज्वैलर्स बड़े (पाँच लाख से अधिक से टर्न ओवर) | 15000.00 |
| 79 | ज्वैलर्स बड़े (एक लाख से पाँच लाख टर्न ओवर) | 10000.00 |
| 80 | डेयरी फार्म | 1000.00 |
| 81 | भूसा थोक विक्रेता | 500.00 |
| 82 | भूसा फूटकर विक्रेता | 250.00 |
| 83 | वी०डी०ओ० लाईब्रेरी | 500.00 |
| 84 | केबिल टी०वी० | 2000.00 |
| 85 | अनाज, तिलहन, चिनी, गुड़ थोक विक्रेता | 5000.00 |
| 86 | अनाज, तिलहन, चिनी, गुड़ फुटकर विक्रेता | 1500.00 |
| 87 | टेन्ट हाउस बड़ा (एक लाख रू० से अधिक लागत) | 10000.00 |
| 88 | टेन्ट हाउस बड़ा (एक लाख रू० तक लागत) | 2500.00 |
| 89 | पान की दुकान खोखा | 100.00 |
| 90 | चाय की दुकान पक्की | 100.00 |
| 91 | चाय की दुकान खोखा | 50.00 |
| 92 | मीठा, चाय की दुकान पक्की बड़ी | 500.00 |
| 93 | किताबों के थोक विक्रेता | 500.00 |
| 94 | किताबो के फुटकर विक्रेता | 250.00 |
| 95 | लकड़ी के टाल थोक विकेता | 1000.00 |
| 96 | लकड़ी के फुटकर विकेता | 500.00 |
| 97 | रेडियों मैकेनिक | 750.00 |
| 98 | टी०वी० इलक्ट्रानिक की दुकान (बड़ा) | 5000.00 |
| 99 | टी०वी० इलक्ट्रानिक की दुकान (छोटा) | 2500 |
| 100 | मिठाई की दुकान | 2500.00 |
| 101 | सब्जी/फल विक्रेता | 150.00 |
| 102 | मसाले फुटकर विकेता | 500.00 |
| 103 | मसाले थोक विकेता | 2500.00 |
| 104 | फर्नीचर मरम्मत कर्ता | 500.00 |
| 105 | फर्नीचर विक्रेता (बड़ा) | 1000.00 |
| 106 | फर्नीचर मरम्मत कर्ता (छोटा) | 500.00 |
| 107 | काकरी फुटकर विक्रेता | 500 |
| 108 | काकरी थोक विकेता | 1000.00 |
| 109 | लाउडस्पीकर किराये पर (पांच सेट तक) | 250.00 |
| 110 | लाउडस्पीकर किराये पर (पांच सेट अधिक) | 50.00 (प्रति लाउड स्पीकर) |
| 111 | खराद मशीन लकड़ी | 2500.00 |
| 112 | आभूषण मरम्मत कर्ता | 2000.00 |
| 113 | जूता, चप्पल मरम्मत कर्ता | 50.00 |
| 114 | ट्रांन्सफार्मर बिजली (प्रति ट्रान्सफार्मर) | 00.00 |
| 115 | प्रति पोल विद्युत | 00.00 |
| 116 | सब स्टेशन (प्रति वर्गमीटर) | 00.00 |
| 117 | प्रिटिंग प्रेस | 500.00 |
| 118 | व्यूटी पार्लर | 1000.00 |
| 119 | मोबाईल की दुकान | 2500.00 |
| 120 | मोबाईल मरम्मत की दुकान | 1500.00 |
| 121 | आटो पार्टस | 2500.00 |
| 122 | फोटो कापी स्टैट | 50.00 |
| 123 | फोटो स्टूडियो | 250.00 |
| 124 | वाहन एजेन्सी चार पहिया | 5000.00 |
| 125 | वाहन एजेन्सी दो पहिया | 2500.00 |
| 126 | ट्रक वाहन | 500.00 |
| 127 | कट आउट, होर्डिंग बैनर विज्ञापन पालिका सीमान्तर्गत लगाये गये भूमि का लाईसेन्स शुल्क | 8.00 (प्रति वर्ग फुट) |
| 128 | वाहन से प्रचार का लाईसेन्स शुल्क | 100.00 |
| 129 | पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम) | 10000.00 |
| 130 | कोचिंग सेंटर (हाई स्कूल से इण्टरमीडिएट तक) | 2500.00 |
| 131 | कोचिंग सेंटर (प्रतियोंगी परीक्षा) | 5000.00 |
| 132 | विवाह घर (बड़ा) | 25000.00 |
| 133 | विवाह घर (छोटा) | 10000.00 |
| 134 | प्रचार प्रसार हेतु प्रदर्शनी शुल्क (100 वर्ग मीटर तक क्षेत्रफल में) | 2000 (प्रतिदिन) |
| 135 | प्रचार प्रसार हेतु प्रदर्शनी शुल्क (100 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में) | 3000 (प्रतिदिन) |
| 136 | आरा मशीन | 10000.00 |
| 137 | राईस मिल | 25000.00 |
| 138 | किराना दुकान बड़ा | 1500.00 |
| 139 | किराना दुकान छोटा | 500.00 |
| 140 | आर०ओ० पानी सप्लायर | 1500.00 |
| 141 | अग्रेजी शराब की दुकान | 8000.00 |
| 142 | बियर की दुकान | 4000.00 |
| 143 | मछली फुटकर विकेता | 1000.00 |
| 144 | मछली थोक विक्रेता | 2500.00 |
| 145 | मुर्गी, बत्तख अण्डा के थोक विक्रेता | 2000.00 |
| 146 | मुर्गा मांश की दुकान | 3000.00 |
| 147 | मुर्गा/मुर्गी/बत्तख फार्म हाउस | 8000.00 |

**नोटः- प्रशासन द्वारा बन्दी दिवस को दुकान बंद करना अनिवार्य होगा। केवल जलपान आवश्यक सेवा की दुकाने खुली रहेगी।**

### सुलहनामा

यदि कोई दुकानदार नियमों के विरूद्ध होटल, दुकान आदि नगर पालिका परिषद सीमा के अन्दर रखता है तथा कानून के उल्लघंन पर पालिका का अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही जारी करता है उसी समय यदि दोषी व्यक्ति सुलहनामा के लिए प्रार्थना पत्र दे तो अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी शुल्क लेकर जा रू0 1000=00 से अधिक न होगा लेकर सुलह कर सकते है।

### दण्ड

उ०प्र० नगर पालिका अधिनियम 1916 को धारा 299 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद जमानियाँ, जनपद-गाजीपुर यह प्राविधान करती है कि इन उपनियमों का उल्लघंन करने पर सम्बन्धित व्यक्तियों का दोष सिंद्ध होने पर न्यायालय द्वारा रू0 1000=00 का अर्थदण्ड दिया जा सकता है प्रथम दोष सिद्ध होने पर यदि कोई उल्लघंन जारी रखता है तो प्रतिदिन के लिए जिनसे अपराध प्रमाणित हो तो रू0 25=00 प्रतिदिन दण्ड लिया जा सकेगा। अर्थदण्ड की धनराशि न भुगतान करने पर कारावास से दण्डित होगा जो 06 माह तक हो सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जमानियाँ,**
**जनपद-गाजीपुर।**

**अध्यक्ष,**
**नगर पालिका परिषद जमानियाँ,**
**जनपद-गाजीपुर**

# राष्ट्रीय इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रनापुर हैदरगढ़ की प्रबन्ध समिति के चुनाव को लेकर कार्यकारिणी दो गुटों में बटी नजर आई।प्रबंध समिति के एक गुट के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक बाराबंकी के निर्देश पर पर्यवेक्षक श्री देवी प्रसाद तिवारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बेलहरा बाराबंकी की देखरेख व चुनाव अधिकारी गंगा बक्स सिंह पूर्व प्रवक्ता सार्वजनिक इंटर कॉलेज द्वारा कराए गए चुनाव मे अध्यक्ष पद पर महेन्द्र प्रताप सिंह,उपाध्यक्ष पद पर संजय सिंह, प्रबंधक पद पर सुनील सिंह,उप प्रबंधक पद पर अखिलेश सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर रन बहादुर सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए।वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रनापुर के दूसरे गुट के अध्यक्ष अध्यक्ष बलभद्र प्रसाद दुबे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि निर्विरोध संपन्न हुए चुनाव में उनको अध्यक्ष, राम भीख त्रिवेदी को उपाध्यक्ष, जीत कुँवर सिंह को प्रबंधक, शिव कुमार अवस्थी को उप प्रबंधक, दिनेश कुमार शुक्ला को कोषाध्यक्ष के अलावा सात अन्य लोगों को कार्यकारी सदस्य पद के लिए चुना गया हैं। वहीं समिति द्वारा चुनाव अधिकारी बनाए गए सार्वजनिक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता गंगाबक्स सिंह ने बताया कि चिट फंड सोसायटी अयोध्या द्वारा जारी 53 सदस्यों की सूची व डीआईओएस की अनुमोदित सूची के आधार पर विद्यालय परिसर में चुनाव कराया गया। उन्होंने सुनील सिंह को ही वास्तविक प्रबंधक बताया है।




# कार्यकर्ताओं को स्वस्थ एवं संघर्षशील होने की दी गई प्रेरणा

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** पिछले एक दो महिनों से संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत जिले से लेकर बूथ स्तर तक समीक्षा बैंठकों के दर्मियान सांसद राहुल गांधी ने पूरे भारत में संगठन में सभी वर्गों को संगठन में समान रूप से सम्मिलित होने का आवाहन किया है जो कि, पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया एवं वर्तमान सांसद तनुज पुनिया के साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन की देखरेख में संगठन को स्वस्थ एवं संघर्षशील गति देने का कार्य किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद माननीय डा0 पी0एल0 पुनिया जी ने कहा की संगठन सृजन अभियान के दौरान जो कार्यकर्ता निष्क्रीय पड़े थे उन कार्यकर्ताओं को स्वस्थ एवं संघर्षशील होने की प्रेरणा दी गयी, साथ ही साथ संगठन के कर्तव्यों के प्रति उन्हें उन विचारधाराओं से अवगत कराया गया जो संगठन की विचार धाराओं को घर घर तक पहुंचाने का कार्य करती है। संगठन में कई फेर बदल भी हुये जिसमें सक्रीय सदस्य व कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को उनकी कार्यशैली को देखते हुये पदोन्नति भी सुनिश्चित की गयी। सांसद श्री तनुज पुनिया जी ने कहा कि, स्वस्थ एवं संघर्षशील संगठन किसी भी लड़ाई में हमें बुलन्दियों की ओर ले जाता हैं। जिस प्रकार जनपद बाराबंकी में कांग्रेस संगठन किसी भी कार्य के लिये हमेशा पूरी निष्ठा के साथ तैय्यार रहता है, जिस प्रकार इण्डिया गठबन्धन में कांग्रेस संगठन ने कंधे से कंधा मिलाकर पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया और उस कार्य का हमें सार्थक प्रमाण भी मिला उसी प्रकार मैं संगठन के प्रति हमेशा वफादारी के साथ हर स्थितियों व परिस्थितियों में खड़ा मिलूंगा। साथ ही साथ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन जी ने कहा कि, संगठन सृजन अभियान को अन्तिम रूप दे दिया गया है जल्द से जल्द ही प्रदेश कमेटी के द्वारा प्रमाणित अनुमति की सूचना जिला कांग्रेस को प्रदान कर दी जायेगी, जिसकी जानकारी समस्त समाचार पत्रों को प्रदान कर दी जायेगी।

# 13 घंटे तक बंद रही विद्युत आपूर्ति

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** चंदौली पावर हाउस से विद्युत उपकेंद्र मसौली को आपूर्ति होने वाली 33 हजार हाईटेंशन लाइन पर पे गिरने से 13 घंटे से अधिक समय तक क्षेत्र की बिजली गुल रही बरसात की चिपचिपाती गर्मी से लोग बेहाल नजर आये। दोपहर 1 बजे बिजली चालू होने के बाद लोगो ने राहत की सांस ली।बताते चले कि शुक्रवार की रात्रि करीब साढ़े12 बजे मसौली थाना मुख्यालय के पीछे स्थित दयानंद महाविद्यालय के निकट चंदौली से मसौली आने वाली 33 हजार विद्युत लाइन पर अर्जुन का पेड़ गिर जाने से क्षेत्र की बिजली गुल हो गयी बिजली काटते ही उपभोक्ताओं ने उपकेन्द्र एवं अधिकारियों के फोन करना शुरू किया। लेकिन रात्रि अधिक होने के कारण बिजली सही नही हो सकी शनिवार की सुबह पेट्रोलिंग शुरू हुई तो दयानन्द डिग्री कालेज के निकट अर्जुन पेड़ की डाल गिर गई थी। जिसको हटाने के बाद बिजली सप्लाई चालू की गई। जिसमें जकरिया,बांसा, सैदनपुर की सप्लाई शुरू हुई। इतने में इनकमिंग 2 का लक आउट कट गया जिससे पुनः बिजली गुल हो गयी जिसकी मरम्मत के बाद करीब 1 बजे बिजली सुचारु रूप से चालू हो सकी। इस दौरान करीब 13 घंटे तक उपकेंद्र के आधा दर्जन फीडर के करीब दो लाख से अधिक आबादी के उपभोक्ता परेशान रहे।



## खबर एक नजर

### सड़क दुर्घटना में व्यवसायी के युवा पुत्र की मौत

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** । लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना मे एक तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर में बैटरी व्यवसायी के युवा पुत्र की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार नगर के पूरे मितई वार्ड निवासी सुनील सोनी का पुत्र राहुल उर्फ रामजी 22 वर्ष रात लगभग दस बजे मार्केट जा रहा था कि तभी सुबेहा मोड़से पहले पड़ने वाले एक प्रतिष्ठान के निकट एक अनियंत्रित पिकअप ने उसे पीछे से टक्कर मार दी।हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय दुकानदारों ने सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।हैदरगढ़ से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। युवक की मौत की खबर से परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

### एलयूसीसी के पूर्व मैनेजर का मिला शव

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिले के सफदरगंज थाना क्षेत्र में बहुचर्चित व विवादित चिटफंड कंपनी एलयूसीसी के पूर्व मैनेजर का शव आज सुबह आम के बाग में एक पेड़ से लटकता मिला। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेद दिया है और जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बहुचर्चित व विवादित चिटफंड कंपनी एलयूसीसी के पूर्व मैनेजर स्वामी दयाल मिश्रा का शव आज सुबह सफदरगंज थाना क्षेत्र के भवानियापुर गांव में घर से करीब 100 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला। मृतक स्वामी दयाल 6 -7 महीने पहले जेल भेजा गया था। जमानत पर दो माह पहले रिहा होने के बाद समाजिक छवि धूमिल होने से वो काफी डिप्रेशन में था। आशा जताई जा रही है कि इसी डिप्रेशन की वजह से ही उसने आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक के पुत्र ने बताया कि एलयूसीसी में नौकरी उनकी कैरियर की सबसे बड़ी गलती थी। समाजिक व्यक्ति होने की वजह से वो कोर्ट कचेहरी और जेल जाने से काफी परेशान रहते थे।

### करंट लगने से युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी** । शनिवार की सुबह कूलर का तार लगाते समय करंट की चपेट मे आये एक 32 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल मे मौत हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

सफदरगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसौली के मजरे तलहा निवासी 32 वर्षीय संदीप कुमार वर्मा पुत्र घिरूऊ शनिवार की सुबह करीब 9 बजे कूलर लगा रहे थे इसी दौरान संदीप का पैर खुले तार पर प? गया जिससे संदीप के जोरदार करंट लग गया जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये हालात गंभीर होने पर ट्रामा सेन्टर रेफर किया गया जिसकी मृत्यु हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पूर्व मंत्री गोप ने किया शोरूम का उद्घघाटन

**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** शहर के बेगमगंज चौराहा स्थित निकट शाही मस्जिद पर सैय्यद अरहम द्वारा खोला गया द ट्रेडिंग हब शो रूम का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने फीता काटकर किया। इस मौके पर प्रोपराइटर सैय्यद अरहम और सैय्यद मोहम्मद दानिस ने पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। बता दें कि सैय्यद अरहम ने ब्रांडेड सूट और कपड़ों का शोरूम खोला है। पूर्व मंत्री ने आशीर्वाद देते हुए न्यू शोरूम खोलने की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अरविन्द सिंह गोप के सुपुत्र अविरल कुमार सिंह, सभासद मोहम्मद आरिफ, हशमत अली गुड्डू, मोहम्मद आमिर, संतोष रावत, सैय्यद अरबाब, मोहम्मद शरिक, मोहम्मद नदीम, सैय्यद यूसुफ, शनि वर्मा, चन्दन बाजपेई, सत्यम बख्श आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

### चंपारण हाउस का शानदार शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** नगर के बेगमगंज रोड स्थित नगर पालिका मार्केट में चंपारण हाउस का शुक्रवार को शानदार शुभारंभ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। चंपारण के प्रोपराइटर सभासद प्रतिनिधि देवेंद्र प्रताप सिंह (ज्ञानू) ने बताया इस वातानुकूलित रेस्टोरेंट में बिहार की प्रसिद्ध हांडी मटन तथा हांडी चिकन का लाजवाब जायका मिलेगा साथ ही हांडी पनीर के साथ-साथ तंदूर रोटी का भी मजा मिलेगा, उन्होंने बताया चंपारण में सभी प्रकार के आइटम ऑनलाइन बुकिंग एवं पैकिंग सेवा भी उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष राम प्रकाश श्रीवास्तव, विष्णु प्रभाकर वर्मा, फिल्म अभिनेता शरद राज सिंह, आकाश सिंह, नयन टंडन, स्पंदन सिंह, रोहिताश्व दीक्षित, फिल्म निर्माता एस.के. प्रसाद एवं कुलजीत श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### एमएसएमई विकास कार्यशाला का पूर्व चेयरमैन ने किया शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** स्थानीय पटेल डिग्री कॉलेज में एमएसएमई विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड के अंतर्गत मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप एंड प्रोफेशनल स्किल्स काउंसिल ने इसका आयोजन किया। जिला उद्योग एवं उद्यमिता प्रोत्साहन केंद्र बाराबंकी ने इसमें सहयोग दिया। उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के तत्वावधान में बाराबंकी में आयोजित वर्कशॉप फॉर ईएसजी प्रैक्टिस इन एमएसएई, प्रोग्राम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लि. लखनऊ एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लि.बाराबंकी के पूर्व चेयरमैन धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। कार्यशाला में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के अपग्रेडेशन और स्केल-अप पर चर्चा हुई। जेड प्रमाणन के लाभ और डिजिटलाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया गया।

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** भाजपा सरकार में सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर विकास खंड हैदरगढ़ के विभिन्न गांव में आज जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत निधि से 72 लाखख रुपए की अधिक लागत से कराए गए आधा दर्जन विकास कार्यों का लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ रामदेव सिंह द्वारा कर आम जनमानस को समर्पित किया गया। इस दौरान श्री सिंह द्वारा विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत रोहना मीरापुर मे डामर रोड से पूरे पराग तिवारी का पुरवा तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य लागत 10 लाख, डामर रोड से राम सुरेश के दरवाजे तक इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य लागत 8 लाख,पंचायत भवन से काली माता जी के स्थान तक खडन्जा निर्माण कार्य 7.75 लाख, अहीरन सरैया मे प्रदीप के खेत से हनुमान मंदिर तक खडन्जा निर्माण कार्य लागत 3 लाख, गेरावां माइनर से पूरे देवरनिया तक खडन्जा निर्माण कार्य लागत 7.5 लाख एवं जिला पंचायत निधि से शुकुल बाजार रोहना मार्ग से ठकुरन सरैया तक लेपन कार्य लागत 36 लाख का लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकारे देश को सर्वांगीण विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए संकल्पबद्ध है। मोदी और योगी के शासन में सबका साथ सबका विकास की मंशा के साथ गांव और शहर का सर्वांगीर विकास किया जा रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुबेहा रणवीर सिंह मोनू, कृपा शंकर तिवारी, महामंत्री द्वय रंजीत सिंह महंत व रुपचंद चौरसिया, प्रधान रोहना मीरापुर राम बाबू तिवारी, राम किशोर गुप्ता, बीडीसी अनिल कुमार, श्रीमती मालती देवी, श्रीमती मंशा देवी,भाजपा नेता गोविन्द पाठक,दीपक तिवारी, विनय शुक्ला, देवी बक्श सिंह , विकास सिंह व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने व्यापारियों को किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** उ0प्र0 शासन स्तर से जारी निर्देशों के क्रम में गत वर्ष की भांति आज दिनांक 28 जून 2025 को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, सभागार,(डीआरडीए) में राज्यकर विभाग एवं जिला प्रशासन जनपद बाराबंकी के सम्मिलित प्रयास से दानवीर भामाशाह जी की जयंती की पूर्व संध्या पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सतीश चंद्र शर्मा, मा0 राज्यमंत्री, खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति, उ0प्र0 सरकार पूर्ण मनोयोग से उपस्थित रहे। साथ ही साथ जिला पंचायत अध्यक्षा मा0 श्रीमती राजरानी रावत जी द्वारा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्ण समय प्रदान करते हुए कार्यक्रम में सहभाग किया गया। कार्यक्रम मुख्यितः व्यापारियों के प्रति विभागीय संवेदनशीलता एवं तत्परता प्रदर्शित करते हुए दानवीर भामाशाह जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए जाने पर आधारित था। कार्यक्रम में लाइव स्ट्रीमिंग के माध्माय से मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार महोदय के उदबोधन का सीधा प्रसारण कराया गया।

# अपर निदेशक के औचक निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** अपर निदेशक स्वास्थ्य अयोध्या मंडल ने सीएचसी रामनगर का औचक निरीक्षण किया इस दौरान अनुपस्थित पाए गए डॉक्टरो स्वास्थ्य कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा तथा साफ सफाई सहित तमाम आवश्यक दिशा निर्देश दिए आज शनिवार को एडी अयोध्या मंडल डॉक्टर सुधीर कुमार वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान डॉ सीमा डॉक्टर पूजा गुप्ता डॉक्टर सना हुसैन स्टाफ नर्स प्रियंका को अनुपस्थित पाए जाने पर लिखित स्पष्टीकरण मांगा। निरीक्षण के दौरान दूसरी मंजिल के वार्ड में शौचालय में गंदगी पाए जाने पर बेहतर साफ सफाई करने के निर्देश दिए अस्पताल परिसर में झाड़ी झंकाड़ को देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए नियमित रूप से साफ सफाई करने के निर्देश दिए परिसर में आने जाने का रास्ता ऊंचा नीचा पाए जाने पर डीएम से वार्ता कर दुरुस्त कराने को कहा। इसके बाद सीएचसी पर बैठक कर उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से समय पर अस्पताल पहुंचकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने व सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने को कहा। इसके अलावा आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर गर्री पहुंचकर उसका भी निरीक्षण किया। सीएचओ ममता मिश्रा से दवाइयां के बारे में जानकारी की तथा बीते 10 दिनों तक आए हुए मरीज के बारे में भी जानकारी हासिल की मंदिर पर होने वाली 14 प्रकार की जांचों के बारे में भी पूछा। निरीक्षण से संतुष्ट दिखे।



# सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** आगामी श्रावण मास एवं मोहर्रम पर्व को ध्यान में रखते हुए आज कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, सभी उपजिलाधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारीगण, संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, जनपद के सम्मानित धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं संभ्रांत नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण, गरिमापूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दौरान शिवालयों एवं प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, ऐसे में साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, ध्वनि विस्तारक यंत्र, सीसीटीवी कैमरे जैसी अन्य व्यवस्थाये समय से सुनिश्चित की जाए।उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित प्रमुख शिवालयों और घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को बेहतर बनवाएं। भीड़ प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण स्थलों पर बैरिकेटिंग, ड्रोन कैमरों से निगरानी तथा चिकित्सा व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं। मोहर्रम पर्व के संदर्भ में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अनुमन्य जुलूस मार्गों की पहले से सफाई करवा ली जाए और मार्गों पर प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था सुचारू हो।उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि जुलूसों के दौरान कोई भी नई परंपरा न प्रारंभ की जाए, न ही अनावश्यक एवं उकसावे वाले नारे लगाए जाएं। जुलूस की गरिमा और धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान हो, इस पर आयोजक विशेष ध्यान दें।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जुलूस मार्गों में स्थित घरों की छतों और छज्जों पर भीड़ एकत्र न हो, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।




जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर उन्होंने विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक, भड़काऊ या धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट, फोटो या वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित न किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाराबंकी जनपद की पहचान इसकी गंगा-जमुनी तहज़ीब और सामाजिक समरसता में निहित है। उन्होंने सभी से अपील की कि दोनों पर्वों को मिल-जुलकर, परंपरा, मर्यादा और परस्पर सम्मान के साथ मनाएं। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का भरपूर सहयोग करें। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पर्वों की गरिमा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर किसी प्रकार की नई परंपरा या नियमविरुद्ध गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# केवीके सभागार में संपन्न हुआ विदाई व अभिनन्दन समारोह

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के सभागार में निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ का विदाई समारोह एवं वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गयाइसमें निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गोद वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद एवं पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा का जूनियर शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ,उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ,महिला शिक्षक संघ एवं शिक्षक संघ 1160 व अनुदेशक संघ के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि नवाब वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने जीवन मे हैदरगढ़ को कभी भूल नही पाएंगे। निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने कहा कि हैदरगढ़ से मेरा विशेष जुड़ाव है मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि हैदरगढ़ इस बार निपुण ब्लॉक जरूर बनेगा। कार्यक्रम के अंत में वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकास खंड हैदरगढ़ को निपुण ब्लॉक बनाने के लिए हमें आप सभी से अपेक्षा है कि समय से स्कूल पहुँच कर अपने विद्यालय को निपुण बनाने में जी जान से जुट जाये। इस अवसर पर विभिन्न संघो के प्रतिनिधि के रूप में विजेंद्र प्रताप सिंह, विवेक वर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, महेंद्र प्रताप सिंह, लवकुश पाण्डेय ने अपने विचार प्रस्तुत किए। धर्मेन्द्र मिश्रा ने कहा कि हम सभी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व निपुण ब्लॉक बनाने को पूर्ण प्रयास करेंगे इस अवसर पर प्रदीप मिश्रा,, सत्यदेव सिंह,ललित प्रकाश शुक्ला, रुद्रकांत वाजपेई, विवेक वर्मा, राजेश सरोज, मदन मोहन वर्मा,अनुराग वर्मा,धर्मेंद्र मिश्रा, महेंद्र प्रताप सिंह, प्रियंका सिंह, बाला जायसवाल, मंजू रावत,रूबी वर्मा,अंशु उपाध्याय,अभय प्रताप सिंह,विशाल शर्मा, धर्मेंद्र वर्मा,राकेश सिंह,मुरलीधर पाण्डेय, धनंजय सिंह ,अवधेश यादव, पारस यादव, अंजनी मिश्रा,मो0 तैय्यब आदि लोग उपस्थित रहे।

# हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में हुई मजलिस

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** कस्बा जैदपुर में हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की कर्बला में शहादत की याद में होने वाली दस दिनों तक होने वाली मजलिसों का सिलसिला जारी है।इसी क्रम में वक्फ इमामबाड़ा गढ़ी जदीद तालुकदार जैदपुर में इमाम हुसैन के छह माह के बेटे हज़रत अली असगर की याद में यौमे अली असगर मनाया गया। ज्ञात हो की मोहर्रम के पहले जुमे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिया धर्मगुरुओं द्वारा हज़रत अली असगर की याद में उक्त दिन पर प्रोग्राम आयोजित किया जाता रहा है। कर्बला में यज़ीद और उसकी फौज के द्वारा इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम पर ज़ुल्म की हद ये थी की उनके छह माह के बेटे अली असगर को उनकी गोद में भूखा प्यासा तीर मार कर शहीद कर दिया गया जब वह अपने बेटे के लिए पानी का सवाल यज़ीद की फौजों से कर रहे थे ।यौमे अली असगर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद और मासूम बच्चों पर ज़ुल्म के खिलाफ आवाज़ उठाने के लिए मनाया जाता रहा है ।इस अवसर पर जनाब मौलाना जाबिर जौरासी, जनाब मौलाना मुराद रज़ा, जनाब मौलाना अता मेहदी, जनाब मौलाना क़मर अब्बास ख़ान साहब ने तक़रीर की और इस दिन की अहमियत और मक़सद को बयान किया। कार्यक्रम का संचालन सैयद कामिल रिज़वी ज़ैदपुरी ने किया। तमाम अज़ादारो ने छोटे छोटे बच्चों के साथ यौमे अली असगर में शिरकत कर अली असगर की शहादत को याद किया।जैदपुर में वक्फ बुनयादिया इमामबाड़ा बड़ी सरकार, इमामबाड़ा सरकारे हुसैनी , इमामबाड़ा मीर ऐनुल हुसैन एव इमामबाड़ा मीर मुख़लिस हुसैन में भी मजलिसे आयोजित की गयी ।



# बीमार पशुओं के इलाज के लिए शुरू की गई एंबुलेंस सेवा बनी वरदान

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** प्रदेश सरकार की ओर से दूरभाष पर पीड़ति पशुओं के इलाज हेतु उपलब्ध होने वाली एम्बुलेंस सेवा किसानों में वरदान स्वरुप मानी जा रही है।बीमार पशु के लिये अब किसानों को इलाज हेतु इधर उधर भटकना नहीं पड रहा है।योग्य चिकित्सीय टीम का लाभ उन्हें मात्र उन्नीस बासठ की एक काल पर मिल रहा है।मालूम हो कि प्रदेश सरकार की ओर से बीमार पशुओं के तत्काल इलाज के लिये दूर दराज क्षेत्रो के लिये माह अप्रैल वर्ष दो हजार तेईश से एक काल पर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।जिन क्षेत्रो में पशु चिकित्सालय अथवा उनके सहायक केन्द्र दूर पड़ते हैं वहां के पशुपालक किसानों में सरकार की यह योजना बहुत ही मुफीद साबित हो रही है।मोबाईल बेटनरी यूनिट में कार्यरत डा. राहुल वर्मा और सहयोगी आकाश कुमार तथा पायलट दिलीप कुमार सहित अन्य टीमें ड्यूटी के चार्ट के अनुसार पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों के लिये जन जागरण अभियान चलायें हुये है।दूर दराज के गांवों में पीड़ति पशुओं को उनके पालकों की ओर से उन्नीस बासठ की एक काल पर गुणवत्ता परक इलाज भी उपलब्ध हो रहा है।विकास खंड सूरतगंज के जुरौन्डा गांव में अरविन्द कुमार सिंह की शाहीवाल गाय और श्रवण कुमार सिंह की देशी गाय एम्बुलेंस सेवा के इलाज से पूरी तरह स्वस्थ हो गयी।मुन्ना सिंह की भैंस का इलाज चल रहा है।शनिवार को ब्लाक फतेहपुर के इंटौजा गांव में अपने पीड़ति पशु के लिये हिमांशु ने उन्नीस बासठ पर काल कर सरकारी लाभ को प्राप्त किया।खैर यह तो मात्र बानगी भर है।इस सम्बंध में हमारे संवाददाता ने डा.राहुल वर्मा से बात की तो उनका कहना था कि शासन की मंशा के अनुरुप पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियो से बचाव के लिये प्रति दिन तीन गांवों में जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।



# भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 में 97 रन से हराया

## मंधाना का शतक; श्री चरणी को मिले चार विकेट



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में 97 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। शनिवार को नॉटिंघम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने कप्तान स्मृति मंधाना की शतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 210 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की महिला टीम 14.5 ओवर में सिर्फ 113 रन बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान नेट सिवर ब्रंट ने सर्वाधिक 66 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत के लिए श्री चरणी ने चार विकेट झटके जबकि दीप्ति शर्मा और राधा यादव को दो-दो विकेट मिले। इसके अलावा अमनजोत कौर और अरुंधति रेड्डी ने एक-एक सफलता अपने नाम की। अब दोनों टीमों का सामना एक जुलाई को दूसरे टी20 मैच में होगा। यह मैच ब्रिस्टल में खेला जाएगा।

**इंग्लैंड की पारी**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को सोफिया डंकली और डैनी व्याट हॉज अच्छी शुरुआत नहीं दिला पाईं। नौ के स्कोर पर टीम ने दो विकेट खोए। डंकली सात रन बना पाईं जबकि हॉज खाता भी नहीं खोल पाईं। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आईं कप्तान नेट सिवर ब्रंट अंत तक टिकीं रहीं, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। ब्रंट ने 42 गेंदों में 10 चौके की मदद से 66 रन बनाए। उनके अलावा इंग्लैंड के लिए टैमी ब्यूमोंट ने 10, एमी जोन्स ने एक, एलिस कैप्सी ने पांच, एम आरलॉट ने 12, सोफी एक्लेस्टोन ने एक, लॉरेन फिलर ने दो और लॉरेन बेल ने दो रन बनाए। वहीं, लिंसी स्मिथ बिना खाता खोले नाबाद रहीं।

**भारत की पारी**

हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में कमान संभालने उतरीं मंधाना ने इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए। उनकी इस दमदार पारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाए। भारत की नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर अभ्यास मैच के दौरान सिर पर लगी चोट के कारण एहतियात के तौर पर इस मैच में नहीं खेलने उतरीं। मंधाना और शेफाली वर्मा ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। मंधाना जहां शुरुआत से ही लय में दिख रही थीं, वहीं शेफाली संघर्ष करती नजर आ रही थीं। मंधाना ने 62 गेंदों में 112 रन बनाए और शेफाली ने 20 रनों की पारी खेली। भारत के लिए मंधाना के अलावा हरलीन देओल ने 43 रन और शेफाली वर्मा ने 20 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए लॉरेन बेल ने तीन विकेट जबकि एम आर्लोट और सोफी एक्लेस्टोन ने एक एक विकेट झटका।

# प्रसिद्ध कृष्णा ने ली इंग्लैंड के खिलाफ खराब गेंदबाजी की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** भारतीय गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में खराब प्रदर्शन पर चुप्पी तोड़ते हुए जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में सीरीज के पहले मैच में 200 से ज्यादा लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध कृष्णा की आलोचना की। भारत ये मैच पांच विकेट से हार गया था। प्रसिद्ध कृष्णा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि, लीड्स टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉर्ट गेंद डाली। दूसरी पारी में ये थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था।

उन्होंने कहा कि, मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई में सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि, एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ के विकेट चटकाए। प्रसिद्ध ने कहा कि, मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडल ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं। उस मैदान की आउटफील्ड तेज थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने जिस लंबाई और दिशा में गेंदबाजी की वह ज्यादातर समय सही नहीं थी। इसमें से कुछ ऐसे रन भी थे जो बल्ले के बाहर या अंदरुनी किनारे से लग कर आए थे।

# श्रीलंका से हार के बाद नजमुल हुसैन शांतो ने छोड़ी टेस्ट कप्तानी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज हारने के बाद यह फैसला लिया। शांतो ने कहा, मैं टेस्ट कप्तानी छोड़ रहा हूं। बांग्लादेश की टीम इन दिनों श्रीलंका दौरे पर है। यहां दोनों टीमों के बीच हाल ही में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई, जिसका पहला मुकाबला श्रीलंका ड्रॉ पर समाप्त हुआ जबकि दूसरा मैच श्रीलंका ने पारी और 78 रन से जीत लिया। शनिवार को बांग्लादेश की 1-0 से टेस्ट सीरीज में हार के बाद शांतो ने कहा- मुझे एक घोषणा करनी है। मैं बांग्लादेश टेस्ट टीम की कप्तानी से हट रहा हूं। मैं इस प्रारूप में कप्तान के रूप में बने रहना नहीं चाहता, और मैं सभी को एक स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं: यह कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है। यह पूरी तरह से टीम की बेहतरी के लिए है और मेरा मानना है कि इससे टीम को मदद मिलेगी। अगर क्रिकेट बोर्ड को लगता है कि वे तीन प्रारूपों में तीन कप्तानों के साथ बने रहेंगे, तो यह उनका निर्णय होगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शांतो को तीनों प्रारूपों में कप्तान नियुक्त किया था। हालांकि, साल की शुरुआत में उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उनकी जगह लिट्टन दास को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया। अब शांतो ने टेस्ट टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी से भी इस्तीफा दे दिया है। वनडे टीम की कप्तानी पहले ही उनसे छीन ली गई थी। वनडे टीम की अगुआई का जिम्मा मेहदी हसन मिराज के कंधों पर है। शांतो ने आगे कहा- मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि लोग इसे व्यक्तिगत मुद्दा न समझें या यह न सोचें कि मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मुझे वनडे कप्तानी न मिलने पर बुरा लगा। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूं यह टीम की बेहतरी के लिए है। इसमें कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है। मैंने कुछ दिन पहले ही क्रिकेट संचालन विभाग को इसकी जानकारी दे दी है।

# क्या दूसरे टेस्ट मैच में खेलने की तैयारी कर रहे जसप्रीत बुमराह? नेट्स पर गेंदबाजी करते आए नज़र



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले ट्रेनिंग सीजन के बाद नेट्स पर गेंदबाजी करते नजर आए। बुमराह का कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए दूसरे टेस्ट में खेलना तय नहीं माना जा रहा है, लेकिन उन्हें नेट्स पर गेंदबाजी करने से ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि ये अनुभवी गेंदबाज दूसरे टेस्ट में खेल सकता है।

दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के संशय के बीच बुमराह पूरी तीव्रता से गेंदबाजी करते नजर आए। बुमराह का नेट्स पर अभ्यास करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच दो जुलाई से शुरू हो रहा है। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह का कार्यभार प्रबंध चर्चा का विषय रहा है और इस तेज गेंदबाज ने भी कहा था कि वह सीरीज के पांचों मैच में नहीं खेलेंगे। पहले टेस्ट मैच में बुमराह ने कुल 43.4 ओवर गेंदबाजी की और पांच विकेट लेने में सफल रहे थे।

हाल ही में पूर्व भारतीय बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भी इस बात पर संदेह जताया था कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलेंगे। पहले टेस्ट मैच के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इस बात को स्वीकार किया था कि बुमराह को लेकर भारतीय टीम की रणनीति में कोई बदलाव नहीं होगा और वह सीरीज में तीन मैच ही खेलेंगे। बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान पांचवें टेस्ट मैच में चोटिल हो गए थे और उन्होंने आईपीएल 2025 से मैदान पर वापसी की थी। बुमराह चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में भी हिस्सा नहीं ले सके थे।

भारतीय टीम प्रबंधन बुमराह को लेकर सतर्कता बरत रहा है। पहले टेस्ट मैच में बुमराह के अलावा अन्य गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे और दूसरे छोर पर उन्हें साथ नहीं मिल रहा था। पहले टेस्ट मैच में भारत की हार का कारण भारत की खराब गेंदबाजी रही थी। बुमराह ने जहां पहली पारी में पांच विकेट लिए थे, वहीं दूसरी पारी में वह खाली हाथ रहे थे। इस सीरीज में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण काफी हद तक बुमराह पर निर्भर है। भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल 0-1 से पीछे चल रही है, ऐसे में बुमराह को टीम को वापसी कराने की जिम्मेदारी है।

# हैडिन ने भारत की फील्डिंग पर कसा तंज कहा : महान टीमें क्षेत्ररक्षण में भी शानदार रहीं

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिए अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाए। भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया के लिए 66 टेस्ट खेल चुके हैडिन ने कहा, हर दौर में हर महान टीमें फील्डिंग में भी शानदार रही हैं। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिए। इसके लिए रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है। हैडिन ने कहा कि आईपीएल में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था। उन्होंने कहा, %इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही। हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की, लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी। मैं इतना जरूर कहूंगा कि सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग टीम बनने का तरीका तलाशना होगा क्योंकि प्रतिभा की कमी नहीं है।% हैडिन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 66 टेस्ट में 32.99 की औसत से 3266 रन बनाए। इसमें चार शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 126 वनडे में 31.53 की औसत से 3121 रन बनाए। वहीं, कंगारुओं के लिए 34 टी20 में उन्होंने 114.53 के स्ट्राइक रेट से 402 रन बनाए। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू 2001 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे से किया था। वहीं, आखिरी मैच उन्होंने जुलाई 2015 में खेला था। यह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच था।

# भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई की वापसी, 8915 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश




**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) ने इस हफ्ते भारतीय इक्विटी बाजार में भारी निवेश किया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार विदेशी निवेशकों ने 23 जून से 27 जून के सप्ताह के दौरान भारतीय बाजार में 13,107.54 करोड़ रुपये डाले हैं। यह निवेश भारतीय शेयर बाजारों में निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है। आंकड़ों से पता चला कि विदेशी निवेशकों ने खासकर सोमवार और शुक्रवार को बढ़-चढ़कर बाजारों में पैसे डाले। इन नए निवेशों के साथ जून के महीने में कुल शुद्ध निवेश अब 8,915 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। विदेशी निवेशकों की गतिविधियों में यह बदलाव हाल के दिनों मे अमेरिका, ईरान और इस्राइल के बीच भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद आया है। संघर्ष विराम के बाद वैश्विक बाजार की धारणा में सुधार हुआ है। इससे विदेशी निवेशक भारत जैसे उभरते बाजारों को अधिक सकारात्मक रूप से देखने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। वैश्विक स्थिरता, नीतिगत समर्थन और मजबूत आर्थिक संकेतकों के संयोजन ने इस समय भारत को विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है।

**पॉलिसीबाजार डॉट कॉम:** मोटर इंश्योरेंस लेना जरूरी है, लेकिन सिर्फ इसलिए नहीं लेना चाहिए कि यह अनिवार्य है। यह एक सुरक्षा लेयर है जो आपको दुर्घटनाओं, नुकसान और वित्तीय देनदारियों से बचा सकता है। लेकिन मोटर इंश्योरेंस खरीदने के दौरान कुछ गलतियों की गुंजाइश रह सकती है। जब आप ट्रेडिशनल तरीके यानी की ऑफ़लाइन इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदते है तो शायद यह हो सकता है कि आपकी पॉलिसी असली ज़रूरत यानी क्लेम करने की बारी आए, तब वो पूरी मदद न कर पाए। पारस पासरिचा, हेड-मोटर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम ट्रेडिशनल ऑफलाइन तरीका लोगों को आसान लग सकता है, लेकिन इसमें आपका पैसा और समय दोनों बर्बाद हो सकता है। इसके अलावा, ऑफलाइन मोटर इंश्योरेंस खरीदते समय लोग कुछ आम गलतियां कर बैठते हैं, जो बाद में भारी पड़ सकती हैं। जैसे ज़रूरत से ज़्यादा भुगतान करना, प्लान की तुलना न करना, क्लेम सेटलमेंट रेश्यो के बारे में जानकारी न होना आदि। पॉलिसीबाजार के मोटर इंश्योरेंस हेड के अनुसार ऑपरेशनल लागतों और अन्य खर्चों के कारण ऑफलाइन पॉलिसी में अतिरिक्त शुल्क जुड़ सकता है, जिसे ऑनलाइन पॉलिसी खरीदकर आसानी से बचाया जा सकता है।

# डीओसी मांग कमजोर होने से खाद्य तेल में गिरावट



**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। दूसरी तरफ विदेशों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट रही। यह स्थिति देशी तेल तिलहन का उत्पादन बढ़ाने की भी जरुरत को रेखांकित करता है। देश की एक प्रमुख तेल कंपनी पामोलीन तेल के 770 ग्राम का पाउच (थैली) 85 रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेच रही है। इसके हिसाब से पामोलीन तेल का भाव 120 रुपये प्रति किलो बैठता है। जबकि पामोलीन का आयात भाव 85 रुपये प्रति किलो ही है। पामोलीन तेल गरीब लोग ज्यादा उपयोग करते हैं और वे इस बढ़ी लागत का बोझ उठाने को मजबूर हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि तेल संगठनों को इस पहलू पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ सरकार को भी सिर्फ थोक दाम कम होने पर ध्यान देने के बजाय खुदरा बिक्री मूल्य की भी सुध लेनी होगी। शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन - 5,415-5,465 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 6,665-6,740 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,350-2,625 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,025 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,710 -1,805 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,710 - 1,810 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 10,075 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 9,825 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 8,325 रुपये प्रति क्विंटल।

**श्रंखला विस्तार:** पॉलिसीबाजार के बी2बी इंश्योरेंस खंड, पीबीपार्टनर्स ने गुरुग्राम के रमाडा, सेक्टर 44 में 'उत्सव' के भव्य आयोजन के साथ अपनी चौथी वर्षगाँठ का उत्सव मनाया। यह उत्सव विभिन्न राज्यों में स्थित 20 एक्सपीरियंस सेंटर्स पर एक साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पूरे भारत से कंपनी के नेतृत्व, कर्मचारियों और मुख्य पार्टनर्स ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर 4 सालों में हुई असाधारण प्रगति, सहयोग, और बीमा को देश के कोने-कोने में पहुँचाने की प्रतिबद्धता की खुशी मनाई गई।इस कार्यक्रम की शुरुआत ध्रुव सरीन, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, पीबीपार्टनर्स के उद्घाषण संबोधन के साथ हुई। उन्होंने ब्रांड के अभूतपूर्व सफर और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पीबीपार्टनर्स ने किस प्रकार भारत में एजेंट्स के बीच विश्वास स्थापित किया और टेक्नोलॉजी पर आधारित परिवेश की मदद से तेजी से विस्तार किया, जिससे पार्टनर्स को विकास करने में मदद मिली।श्री सरीन ने कहा, ''हमने चार साल पहले मजबूत पार्टनर-फर्स्ट परिवेश स्थापित करके हर भारतीय तक बीमा पहुँचाने का सपना देखा था। आज हमारे 3 लाख से अधिक रजिस्टर्ड पार्टनर हैं। हम 1300 से अधिक शहरों में मौजूद हैं।

# भारत का चालू खाता अधिशेष 13.5 बिलियन डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 (जनवरी-मार्च) की चौथी तिमाही में 13.5 बिलियन डॉलर का चालू खाता अधिशेष दर्ज किया, जो सकल घरेलू उत्पाद का 1.3 प्रतिशत है। इस मजबूत प्रदर्शन ने 2024-25 की पिछली तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 11.3 बिलियन डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) के चालू खाता घाटे को उलट दिया है। यह पिछले साल की इसी तिमाही में 4.6 बिलियन डॉलर (जीडीपी का 0.5 प्रतिशत) के अधिशेष से दो गुना से अधिक की वृद्धि को भी दर्शाता है। आरबीआई ने कहा कि पूरे वर्ष 2024-25 के लिए भारत का चालू खाता घाटा 23.3 बिलियन डॉलर (जीडीपी का 0.6 प्रतिशत) रहा, जो 2023-24 के दौरान 26 बिलियन डॉलर (जीडीपी का 0.7 प्रतिशत) से कम था। सेवाओं और व्यक्तिगत हस्तांतरण के कारण 2024-25 के दौरान शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां एक साल पहले की तुलना में अधिक थीं। आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि जबकि माल निर्यात में नरमी आई, चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में अधिशेष मजबूत सेवा निर्यात और प्राथमिक आय खाते पर कम शुद्ध व्यय के कारण था। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 42.7 बिलियन डॉलर से 2024-25 की चौथी तिमाही में शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 53.3 बिलियन डॉलर हो गईं।

**पोर्टफोलियो पहल:** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने गुणवत्ता, विकास और मूल्य की पेशकश करने वाले बजाज फिन्सर्व स्मॉल कैप फंड, एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप स्टॉक में निवेश करता है, इसके शुरुआत की घोषणा की है। यह फंड सब्स्क्रिप्शन के लिए 27 जून 2025 से खुलकर 11 जुलाई 2025 को बंद होगा। स्मॉल कैप में हाल ही में हुआ सुधार दीर्घावधि निवेशकों के लिए एक आकर्षक प्रवेश अवसर उपलब्ध कराता है। हालाँकि 80प्रतिशत से अधिक स्मॉल-कैप कंपनियों ने 38त्न की मजबूत लाभ वृद्धि और ठोस प्रतिफल अनुपात दर्ज किया है, लेकिन उनमें से अधिकांश अभी भी अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर से 15-45प्रतिशत नीचे ट्रेड हो रहे हैं। इस हालिया बाजार सुधार ने इन कंपनियों के वास्तविक मूल्य और उनके मौजूदा बाजार मूल्यों के बीच एक स्पष्ट अंतर प्रस्तुत कर दिया है। गणेश मोहन, प्रबंध निदेशक, बजाज फिन्सर्व एएमसी ने कहां, स्मॉल कैप फंड का शुभारंभ भारत के गतिशील स्मॉल कैप जगत की दीर्घकालिक क्षमता में हमारी गहरी आस्था को प्रदर्शित करता है। निमेष चंदन, मुख्य निवेश अधिकारी, बजाज फिन्सर्व एएमसी ने कहां,हमारा नया स्मॉल कैप फंड उन गुणवत्तापूर्ण व्यवसायों का पोर्ट्फ़ोलीओ है, जो अपने आंतरिक मूल्यांकन से नीचे कारोबार कर रहे हैं।

# भारत की जीडीपी में निजी खपत दो दशक के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत की निजी खपत में मजबूत वृद्धि देखी गई है। यह दो दशकों में देश के सकल घरेलू उत्पाद में उच्चतम हिस्सेदारी तक पहुंच गई है। वित्त मंत्रालय के नवीनतम मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी मिली। निजी खपत का मतलब है, व्यक्तिगत या घरेलू स्तर पर वस्तुओं और सेवाओं पर किया जाने वाला खर्च। यह किसी देश की अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं की कुल मांग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में भारत की जीडीपी में निजी खपत की हिस्सेदारी बढ़कर 61.4 प्रतिशत हो गई। यह वित्त वर्ष 2024 में 60.2 प्रतिशत थी। यह पिछले दो दशकों में दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है, जो उपभोग मांग में निरंतर मजबूती का संकेत देता है। निजी खपत में यह वृद्धि मुख्य रूप से स्थिर निवेश गतिविधि और शुद्ध निर्यात में बढ़तोरी से प्रेरित थी।

**कोलगेट-पामोलिव:** कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड आठ दशक से अधिक समय से भारत में ओरल केयर क्रांति ला रहा है। कंपनी देश में ओरल हेल्थ में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में लगभग 100प्रतिशत परिवारों में टूथपेस्ट का उपयोग होता है, लेकिन ओरल केयर के क्षेत्र में अभी भी बहुत संभावनाएं हैं। ओरल केयर में वो आसान दैनिक आदतें शामिल हैं, जो बिना खर्च लंबे समय तक ओरल हेल्थ बनाकर रखती हैं।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री, जे.पी. नड्डा ने कहा, आईडीए के साथ साझेदारी में कोलगेट के ओरल हेल्थ मूवमेंट ने हमेशा से नज़रअंदाज़ की जा रही ओरल हेल्थ को एक नेशनल प्रायोरिटी में बदल दिया है।कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, प्रभा नरसिम्हन ने कहा, कोलगेट 87 वर्षों से अधिक समय से, भारत का सबसे भरोसेमंद ओरल केयर ब्रांड है।

**नवीन पहल:** पंजाबी म्यूजिक प्रोड्यूसर रास और उभरते हुए आर्टिस्ट रवि ने मिलकर अपना नया गाना फॉरएवर माइन लॉन्च किया है। यह एक भावनाओं भरा गीत है जो सच्चे प्यार की गहराई को दिखाता है। प्रेम ढिल्लों, एकम सुधार और सरदार खेहरा के लिए हिट गाने बनाने वाले रास अब अपने नए गाने फॉरएवर माइन के साथ एक नए और खास सफर की शुरुआत कर रहे हैं।

# सीमेंट उद्योग ने पकड़ी रफ्तार; खपत 9 प्रतिशत बढ़ी, कीमतों में 8 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** सीमेंट उद्योग में मई 2025 में सालाना अधार पर 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार सीमेंट की खपत 39.6 मिलियन मीट्रिक टन (एमटी) हो गई है, जबकि औसत सीमेंट कीमतों में भी करीब 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें बताया गया कि कम बिक्री के बाद भी सीमेंट उद्योग ने मई 2025 में 50 किलोग्राम बैग की कीमत 8 प्रतिशत बढ़कर 360 रुपये रही, जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह कीमत 340 रुपये थी। यह साल-दर-साल आधार पर 7त्न कम थी। हालांकि, चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों (अप्रैल और मई) में कीमतों में 7प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी देखी गई है।

**टेक्नो:** टेक्नो की बोल्ड और डायनैमिक स्मार्टफोन सीरीज़, पोवा एक बार फिर अपेक्षाओं से बढ़कर स्मार्टफोन लेकर आ रही है। अपने बोल्ड डिज़ाईन के टीज़र्स और विशेष डिज़ाईन एवं फंक्शनल विरासत के साथ बाजार में हलचल मचाने के बाद टेक्नो द्वारा 4 जुलाई, 2025 को फ्लिपकार्ट पर पोवा 7 सीरीज़ लॉन्च की जा रही है। यह आज की पीढ़ी के लिए जबरदस्त स्मार्टफोन है, जो उन्हें सबसे खास बना देगा। स्मार्टफोन के टीज़र्स में ऑल-न्यू मल्टी-फंक्शनल डेल्टा लाईट इंटरफेस दिखाया गया है। यह डेल्टा प्रतीक (?) से प्रेरित एक डायनैमिक विज़्युअल एलिमेंट है, जो परिवर्तन, बदलाव और प्रगति को प्रदर्शित करता है। म्यूज़िक प्लेबैक, वॉल्यूम कंट्रोल, और नोटिफिकेशन जैसे दैनिक कार्यों के लिए यह यूज़र एक्सपीरियंस में इंटरैक्टिविटी की परत जोड़ रहा है।

**डायसन:** डायसन ने पहले ग्लोबल वेट क्लीनिंग सर्वे के परिणाम जारी किए। इस सर्वे में लोगों के घरों में की जा रही वेट क्लीनिंग का विश्लेषण किया गया है। वेट क्लीनिंग टूल्स के साथ लोगों को आ रही दिक्कतों के बारे में जाना गया है। तथा यह समझने की कोशिश की गई है कि हमारे घरों का वातावरण हमारी अपेक्षा के अनुरूप स्वच्छ क्यों नहीं हो पाता है।

इस वैश्विक अध्ययन में सामने आया कि भारतीय घरों की बार-बार सफाई होने के बाद भी मौजूदा टूल्स और आदतें घरों को साफ नहीं, बल्कि गंदा बना रही होती हैं। इस अध्ययन में सामने आया कि ज्यादातर घरों के फर्श ठोस होते हैं। 94.5 प्रतिशत लोगों के घरों के फर्श टाईल्स, पत्थर या लकड़ी के हैं। इन सतहों पर धूल आसानी से जमती है, जिससे बार-बार वेट क्लीनिंग की जरूरत पड़ती है। लेकिन क्लीनिंग की पारंपरिक विधियों में मॉप्स, बाल्टी और पोंछे के कपड़े का इस्तेमाल किया जाता है, जो धूल को हटाने की बजाय उसे फैला देते हैं।

# डीएम व एसएसपी ने मोहर्रम, कांवड़ यात्रा सहित अन्य त्यौहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर की बैठक

## परम्परागत ढंग से ही मनाए त्यौहार, किसी भी तरह नई परम्परा शुरू करने की अनुमति नहीं

## डीजे पर न बजाए असंवैधानिक गीत-माहौल को खराब करने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही



**मिर्जापुर।** आगामी कावण यात्रा, मोर्हरम सहित अन्य आने वाले विभिन्न त्यौहारो को शान्तिपूर्ण, आपसी भाईचारा व सोहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेने बर्मा ने पुलिस अधिकारियों, सभी मजिस्ट्रेटो व जनपद विभिन्न धर्मगुरूओ एवं संभ्रात नागरिको के साथ कलेक्ट्रेट में पीस कमेटी की बैठक कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मोहर्रम, कावण यात्रा सहित अन्य त्यौहारो को शान्तिपूर्ण व सोहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की अपील करते हुए कहा कि त्यौहारो पर किसी भी प्रकार की किसी को समस्या आए तो उसे तत्काल सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी अथवा पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को अवगत कराएं किसी के द्वारा कानून अपने हाथ में न लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में कावण यात्रा, मोहर्रम, रक्षाबंधन सहित अन्य त्यौहारो के दृष्टिगत धार्मिक स्थलों, ताजिया जाने वालो मार्गो, कावण यात्रा मार्ग का जिला पंचायज राज अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रो में समस्त नगर पालिकाओ के अधिशासी अधिकारी नगरीय क्षेत्रो में बेहतर साफ सफई व्यवस्था, नालियों की सफाई का पहले से ही सुनिश्चित करा लें। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ताजिया/कावण यात्रा मार्ग का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए मार्गो को समतल बनाएं। कहा कि डीजे की भी ऊॅचाई निर्धारित मानक में हो तेज साउंड न बजाया जाए तथा धार्मिक गीतो के अलावा किसी भी प्रकार का असंवैधानिक व अश्लील गीत व भड़काऊ भाषण किसी भी दशा में न बजाया जाए ऐसा पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि डीजे संचालक जिनकी बुकिंग आयोजको के द्वारा की गई वे अपने सम्बन्धित थाना में उसकी सूचना अवश्य दे दें। मुख्य चिकित्साधिकारी को एम्बुलेंस व चिकित्सको की टीम हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने कहा कि जुलूस निकालने वाले आयोजक यह सुनिश्चित करेंगे जुलूस में शामिल व्यक्ति किसी प्रकार उपद्रव नही करेंगा, जुलूस में शामिल होने वाले व्यक्तियो की जिम्मेदारी आयोजक की होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के सोशल मीडिया पर किसी के द्वारा ऐसी पोस्ट न डाली जाए और नही फारवर्ड किया जाए जिससे माहौल खराब होने की सम्भावना हो सकें उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है माहौल बिगाड़ने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, नक्सल ओम प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, लालगंज संजीव यादव, चुनार राजेश वर्मा, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला, क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर, क्षेत्राधिकारी मंजरी राव, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण, विद्युत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिर्जापुर गोवा लाल के अलावा सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# दूषित पानी पीने की वजह से डायरिया फैला : सपा



**मिर्जापुर।** सपा कोन विकास खण्ड के लखनपुर गाँव में फैले डायरिया से सैकड़ों लोग मण्डलीय अस्पताल के अलावा कई जगह ईलाज करा रहे हैं। ईलाज की समुचित व्यवस्था की मांग को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुचकर नगर विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को मांग पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव ने कहा लखनपुर गाँव में जलनिगम की टंकी लगी है। जिसका पानी नलो से लोगों के घर पहुँच रहा था। जिसका पानी पीने से दर्जनो लोग बीमार है।

## डीएम को मांग पत्र सौंपकर कहा लखनपुर में लगाया जाय कैम्प

इस अवसर पर पूर्व मंत्री मुन्नी यादव ने कहा कि दूषित पानी के पीने से सैकड़ों लोग बीमार हो गए थे। उल्टी दस्त के कारण कई लोगों की हालत गम्भीर हो गई थी। पीड़ितों को सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस अवसर पर राममिलन यादव, रवि सोनकर, रामजी यादव, मनोज चौहान, रामजी चौहान, कौशिक कनौजिया, वन्दना गुप्ता, रजिया बेगम, गुंजन गुप्ता, कौशल्या, उषा देवी, दुर्गावती, रानी शहानी, सलमा बेगम, अमीना बेगम, गीता, जीरा, बबीता, कजल, माया, विमला देवी, उर्मिला, मिनता देवी, खुशी, सीमा देवी, वन्दना निसार, निदा, नाजिया, रोली, तारा, आरशी बेगम, तान्या गुप्ता, आशिया बेगम, हीना बानो, गुलसना बानो, पिंकी कुमारी, शिवांगी गुप्ता, अंजूलता आदि लोग मौजूद रहें।

# कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार महिला की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग पुरवा औसन सिंह गांव प्राथमिक विद्यालय के पास गुरुवार को कार व बाइक की टक्कर होने से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल महिला की शुक्रवार की भोर में उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर वाराणसी में मौत हो गई है। परिजनों में कोहराम मच गया है। वाराणसी पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराया है हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी श्याम लाल की पत्नी 25 वर्षीय सुशीला बाइक से अपने जीजा पंवारी कला गांव निवासी हिरेन्द्र पाल के साथ दवा कराने के लिए कोरांव प्रयागराज जा रही थी की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग पुरवा औसान सिंह गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंची की तेज गति से आ रहे कार से टक्कर होने से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर वाराणसी में मौत हो गई है। वाराणसी पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया है। महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है महिला के पति श्याम लाल ने कार चालक के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए बाइक में टक्कर मारने की तहरीर थाने में दिया है।

# सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा गौरा गांव

## परिजनों से मिलकर जाना हाल-चाल

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष श्री देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडलविकास खण्ड छानबे के गौरा गाँव पहुँचा। जहाँ रमाशंकर यादव के घर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और उनके परिवार का हालचाल जाना।
प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव आदर्श यादव, शिव



नरायन बिन्द, संग्राम बिन्द, सुशील सिंह, जैनेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

# टोटो व बाइक की आमने सामने टक्कर में बाइक चालक की मौत

## टोटो चालक सहित चार घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव में शनिवार को टोटो व बाइक की आमने सामने जोरदार टक्कर होने से बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि टोटो चालक सहित चार लोग घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने सभी घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि टोटो चालक की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। मौके पर पहुँची पुलिस ने बाइक चालक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के कटाई गांव निवासी 53 वर्षीय दयाशंकर दूबे अपने साथी मेवड़ी गांव निवासी 40 वर्षीय राजेंद्र कुमार कोल के साथ बाइक से हलिया की तरफसे घर लौट रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव में पहुँचे की सामने से सवारियों को बैठाकर आ रहे टोटो चालक लालगंज थाना क्षेत्र के लालापुर गांव निवासी 35 वर्षीय आजाद टोटो पर हलिया निवासी दद्दू मुसहर, लालगंज थाना क्षेत्र के भिटहा निवासी 18 वर्षीय राजबली, लालगंज निवासी राजकरन को लेकर आ रहे टोटो से बाइक सवार की आमने सामने जोरदार टक्कर होने से बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार व टोटो सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर दिया। मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीय व पायलट अरुण कुमार ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक रविराज ने बाइक चालक दयाशंकर दूबे को मृत घोषित कर दिया जबकि टोटो चालक आजाद की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर एसआई श्याम लाल, अच्छे लाल यादव, शिवजी यादव हेड कांस्टेबल राजेश मौर्या, शैलेन्द्र गुप्ता, सेराज ने घटना की जांच पड़ताल करने के बाद बाइक चालक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत बाइक चालक को चार पुत्र है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त टोटो व बाइक को सुरक्षित थाना परिसर में खड़ा कराया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की टोटो व बाइक की आमने सामने टक्कर में बाइक चालक की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कार्यवाही की जा रही है।

# उप्र. राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का जनपद में दूसरे दिन जिला कारागार निरीक्षण कार्यक्रम



**स्वतन्त्र भारत, गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी का आज जनपद मे दूसरे दिन जिला करागार का निरीक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। माननीय उपाध्यक्ष महोदया द्वारा आज जिला कारागार मे महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। उन्होने बैरक मे जाकर निरुद्ध महिला बंदियों से प्रतिदिन के खान पान,दैनिक उपयोग की सामग्रियों से संबंधित जानकारी ली एवं किसी प्रकार कि समस्या के संबंध में पुछा। निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों द्वारा कुछ शिकायते भी कि गयी। जिसके समाधान का मा0 उपाध्यक्ष महोदया द्वारा निर्देश दिया गया.। उन्होने महिला बंदियो के बच्चो मे टॉफी व बिस्किट का वितरण भी किया। इस दौरान उन्होने ने शौचालय एवं रसोईयो का भी निरीक्षण किया तथा प्रतिदिन साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी, एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# दरवाजे में उतरा करंट पति-पत्नी झुलसे

**चेतगंज (मिर्जापुर)।** चील्ह थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में शनिवार को अमरनाथ यादव के घर के दरवाजे में उतरे करंट की चपेट में उनकी पत्नी सतिया देवी आ गई। पत्नी को बचाने गए अमर नाथ को भी बिजली करेंट की चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों किसी तरह से पति-पत्नी को बचाया। गांव में फैले डायरिया की वजह से कैंप कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह के प्रभारी चिकित्साधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच कर आनन फानन में अपनी कार से पीएचसी पर लेजाकर उपचार शुरू करवा दिया। दोनों की हालत अब खतरे की बाहर बताई जा रही है।

# एम्बुलेंस के ईएमटी ने पेश की ईमानदारी, मृत बाइक चालक के जेब में मिले रुपये को बेटे को लौटाया

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव में शनिवार को टोटो व बाइक कि टक्कर में बाइक चालक दयाशंकर दूबे गंभीर रूपये से घायल होने पर सूचना पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीय ने बाइक चालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया। एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के ईएमटी ने ईमानदारी कि मिशाल देते हुए मृत बाइक चालक के पैंट के जेब में मिले पंद्रह हजार रूपये को मृत बाइक चालक के पुत्र चंदन दूबे को सौप दिया है। इस संबंध में ईएमटी संतोष भारतीय ने बताया कि मृत बाइक चालक के जेब में मिले पंद्रह हजार रूपये को मृत बाइक चालक के पुत्र चंदन दूबे को सौप दिया गया है।

# टांडा फाल में डूबे युवक की खोजबीन जारी

**लालगंज (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत टांडा फाल में डूबे भदोही जिले के गोपीगंज मिश्रानीनिवासी युवक की तलाश दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। शुक्रवार को भदोही जिले के 11 युवक सैलानी पिकनिक मनाने के लिए टाडा फाल आए थे। भोजन करने के बाद टाडा फाल में हाथ धोते समय पैर पित्तसलने से 28 वर्षीय अजय का पैर फिसलने से वह गिर गया। गोताखारों की मदद से खोजबीन जारी है।

# थाना दिवस पर पड़े पांच मामले में एक का हुआ निस्तारण

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन सीओ चकबंदी मिथिलेश कुमार मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ है।
थाना दिवस पर भूमि विवाद से संबंधित कुल पांच मामले आए मौके पर एक मामले का निस्तारण कर दिया गया शेष मामले के निस्तारण के लिए राजस्व चकबंदी व पुलिस टीम को रवाना किया गया है। सीओ चकबंदी मिथिलेश मिश्रा ने कहा कि थाना दिवस पर आने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण कराना सुनिश्चित करे इसमें किसी भी प्रकार कि लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान एसआई श्याम लाल, महेंद्र प्रताप यादव, रमाशंकर, चरण सिंह, अच्छेलाल यादव, लेखपाल पंकज सिंह गहरवार, धुव राज यादव, राहुल यादव, अमिताभ, मधुकर सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# विद्यालय मर्जर के विरोध में ज्ञापन शिक्षक संघ ने जताया विरोध

**आजमगढ़।** बिलरियागंज उत्तर प्रदेशीय (जूनियर हाई स्कूल) शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई बिलरियागंज ने विद्यालयों के मर्जर के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकरी कार्यालय पर दिया। संघ ने मर्जर नीति को शिक्षा प्रणाली के हितों के खिलाफ बताते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग किया।ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र पुरी ने कहा कि यह नीति न केवल शिक्षकों और छात्रों बल्कि अभिभावकों के लिए भी नुकसानदायक है। जिला मंत्री ओमप्रकाश गौ? ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा तक पहुंच पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।सभी ने एकजुट होकर अपनी मांगों को दोहराया और इस नीति के खिलाफ संघर्ष जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। शिक्षक संघ का कहना है कि सरकार को ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विचार करते हुए इस फैसले को वापस लेना चाहिए।

# पूर्व प्रबंधक के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रतनपुरा प्रखंड के दक्षिणांचल स्थित मखना ग्राम पंचायत के निवासी एवं श्री सिद्धनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज, सिधवल के पूर्व प्रबंधक राघवेंद्र बहादुर सिंह उर्फ मुन्नन सिंह का शनिवार की प्रातः निधन हो गया।
वे 78 वर्ष के थे।परिजनों के अनुसार, सिंह जी का निधन सुबह लगभग 5ः00 बजे हुआ। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षा और समाज सेवा क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका और विनम्र व्यक्तित्व के लिए उन्हें विशेष रूप से जाना जाता था।उनका अंतिम संस्कार गाजीपुर जिले के गंगा तट पर विधि-विधान के साथ किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हुए। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया।

# सेवायोजन कार्यालय में 30 जून को रोजगार मेला का आयोजन

**जौनपुर।** निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय कैम्पस निकट नारायण नर्सिंग होम जौनपुर में 30 जून 2025 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जिसकी शैक्षिक योग्यताः- हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को कैम्पस सलेक्शन करेंगी। जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी जय प्रकाश पासवान ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति आई0डी0प्रूफ बायोडाटा सहित प्रतिभाग करेंगे एवं सेवायोजन वेब पोर्टल-rojgaarsangam.up.gov.in के माध्यम से पंजीकरण कर अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# आम महोत्सव का लखनऊ में 4 से 6 जुलाई तक होगा आयोजन

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश के आम उत्पादको और प्रेमियों के लिए खुशखबरी, तीन दिवसीय भव्य आम महोत्सव का आयोजन 04 से 06 जुलाई 2025 को अवध शिल्प ग्राम अवध विहार योजना, सेक्टर 09 अमर शहीद पथ लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। किसान गुणवत्तायुक्त पौधरोपण सामग्री व महोत्सव मे आम की ब्रिक्री करना चाहते है तो पौध रोपण सामग्री प्रजाति के टैग के साथ पालीथीन बैग व कोरोगेटेड बाक्स में ले जाने की व्यवस्था स्वयं करें।

# सुहेलदेव विवि में युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट व स्मार्टफोन का हुआ वितरण

## तकनीकी ज्ञान वह ऑनलाइन शिक्षा के लिए स्मार्टफोन छात्रों के लिए वरदान : कुलपति

**आजमगढ़।** सु.दे.वि.वि. के प्रशासनिक भवन सभागार में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अध्यनरत युवाओं के प्रौद्योगिकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट का आयोजन किया गया । स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम कि अध्यक्षता कुलपति प्रो0 संजीव कुमार, मुख्य अतिथि के रूप में युवा भाजपा नेता मनीष कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक जहानागंज ब्लॉक प्रमुख रमेश कुमार कनौजिया तथा कुलसचिव विशेश्वर प्रसाद की गरिमामई उपस्थिति में लगभग 18 छात्र-छात्राओं को वि0वि0 परिसर में टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ0 प्रवेश कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी के क्षेत्र में युवाओं को सशक्त बनाने के लिए टेबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण का आयोजन महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के परिसर में किया गया, जिसमें आयोजन में आमंत्रित करने के लिए कुलपति व आयोजन समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया । मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा नेता मनीष कुमार मिश्र ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में सबसे पहले युवा आते हैं , उनका मानना है कि छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी क्षेत्र में सशक्त बनाने का सतत प्रयास किया जाना चाहिए । उत्तर प्रदेश के युवा न सिर्फ इससे लाभान्वित हो रहे हैं अपितु विश्व फलक पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं ।
कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने अपने आशिक संबोधन में सर्वप्रथम आए हुए आगंतुकजन के प्रति आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं सभी विद्तजन.अधिकारी एवं कर्मचारीगण से कहा कि विज्ञान मानव के समान है यदि उसका उपयोग हम




सकारात्मक तरीके से करें तो वह वरदान हो जाता है। वर्तमान परिवेश में नई पीढ़ी मानव कल्याण के लिए विज्ञान के सहारे कई अच्छे कार्य किए यह सकारात्मक पहलू है । परंतु विश्व में कई मोर्चे पर कुछ देश अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए मानवता को भी चुनौती चुनौती दे रहे हैं जो पीड़ा दायक है। जहां तक अपने प्रदेश का प्रश्न है हाल ही में उत्तर प्रदेश का एक लाडला शुभांशु शुक्ला जो राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से अध्ययन करके गगनयान कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष की यात्रा कर रहा है। यह सिर्फ उत्तर प्रदेश के लिए नहीं अपितु पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन व टेबलेट वितरित कर गरीब व असहाय छात्र-छात्राओं के लिए बराबरी का अवसर प्रदान किया है। यह ध्यान रखें की विज्ञान का सदुपयोग करें तो वह वरदान साबित हो जाता है तथा दुरुपयोग करें तो अभिशाप के साथ-साथ जीवन तबाह कर देता है। युवा पीढ़ी जितना हो सके अपनी ऊर्जा मानवता की रक्षा में खर्च करें । विशिष्ट अतिथि रमेश कुमार कनौजिया ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने का नई पीढ़ी से अनुरोध किया।
कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कुलसचिव विशेश्वर प्रसाद ने आए हुए अतिथियों व उपस्थित विशिष्ट जनों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट प्राप्त करने की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में जिन लोगों की गरिमामई उपस्थिति रही ,उसमें सहायक कुलसचिव डॉ. महेश श्रीवास्तव ,प्राध्यापक गण धीरज, अंकुर ,मनोज ,प्रदीप, सदाबृक्ष पांडे, कुलपति के निजी सहायक विपिन शर्मा, नोडल अधिकारी संजय कुमार के साथ-साथ भारी संख्या में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

## पुतिन ने जमकर की डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जोरदार तारीफ की है। पुतिन ने ट्रंप को साहसी व्यक्ति बताते हुए कहा कि वह बहुत बहादुर हैं वह दो बार हत्या के प्रयासों से भी बच गए हैं। इसके साथ ही पुतिन ने

### कहा वह बहुत बहादुर हैं.. उनका सम्मान करता हूं

इस बात पर भी विश्वास जताया कि ट्रंप वास्तव में ईमानदारी के साथ यूक्रेन युद्ध को खत्म करवाना चाहते हैं।

मीडिया से बात करते हुए पुतिन ने ट्रंप की तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं डोनाल्ड ट्रंप का बहुत सम्मान करता हूं। उन्होंने बहुत लंबा रास्ता तय किया है.. वे दो हत्या के प्रयासों से बच गए हैं.. यह निश्चित है कि वह बहुत ही बहादुर व्यक्ति हैं। वह अमेरिका में जो कर रहे हैं.. या फिर अमेरिका से बाहर की बात आए तो उन्होंने मिडिल-ईस्ट में जो किया या यूक्रेन संकट की बात करें तो हम उनके प्रयासों को बहुत महत्व देते हैं। पुतिन ने डोनाल्ड ट्रंप की उस बात को भी दोहराया कि यूक्रेन में युद्ध को हल करना शुरू में उम्मीद से काफी कठिन था। उन्होंने कहा, यह सच है और इसकी उम्मीद है.. जब हम किसी चीज को बाहर से देखते हैं तो वह अलग दिखती है वहीं हम जब उसके अंदर से उसे देखते हैं तो वह और भी ज्यादा अलग दिखती है... वास्तविक तौर पर हम देखें तो जीवन हमेशा कठिन ही होता है। ट्रंप के साथ बैठक के मुद्दे पर भी पुतिन ने बात की।



## ट्रंप प्रशासन के दबाव में वर्जीनिया विवि अध्यक्ष का इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की वर्जीनिया यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन के दबाव में विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जेम्स रेयान को पद छोड़ना पड़ा है। जेम्स रेयान सरकार के आदेश के बावजूद विविधता, समानता और समावेश प्रोग्राम को खत्म करने में विफल रहे, जिसके बाद न्याय विभाग ने जेम्स रेयान पर पद छोड़ने का दबाव बनाया। जेम्स रयान साल 2018 से वर्जीनिया यूनिवर्सिटी का नेतृत्व कर रहे थे।



छाया : गोपी रस्तोगी

## पस्त हुआ तो 'डैडी' के पास भागा इजरायल : ईरान

**तेहरान।** ईरान ने इजरायल के खिलाफ बहुत बड़ा तंज किया है। ईरान ने कहा है कि हमारे हमलों से पस्त इजरायल के पास अपने डैडी

### विदेश मंत्री अरागची ने ट्रंप को भी सुना डाला

के पास भागने के सिवा दूसरा रास्ता नहीं था। बता दें कि अमेरिका ने इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर कराया था। ईरान और इजरायल के युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा था। यहां तक कि उसने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बम भी बरसाए थे। इसके अगले ही दिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान और इजरायल के बीच सीजफायर के लिए ऐलान कर दिया था।

अब ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बाद अरागची ने एक्स पर पोस्ट किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि महान और ताकतवर ईरानी लोगों ने दुनिया को दिखा दिया। आखिर इजरायली शासन के पास कोई रास्ता नहीं बचा और उन्हें भागकर 'डैडी' की शरण लेनी पड़ी। उन्होंने आगे लिखा है कि हम लोग धमकियों और अपमान को बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं। हमारी मिसाइलों ने उन्हें नतमस्तक होने पर मजबूर कर दिया। अपनी पोस्ट में अरागाची ने लिखा है कि ईरान को अपनी और अपनी आजादी की वैल्यू पता है। हम किसी अन्य देश को अपनी तकदीर तय नहीं करने देंगे। अरागाची ने डोनाल्ड ट्रंप को भी सुनाया है। उन्होंने लिखा है कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डील को लेकर सिन्सियर थे तो उन्हें खामेनेई के खिलाफ अपमानजनक बातें नहीं करनी चाहिए थीं। ईरानी विदेश मंत्री ने आगे चेतावनी दी कि देश अपनी वास्तविक क्षमताएं उजागर करने में संकोच नहीं करेगा। इसके बाद ईरान की ताकत को लेकर जो भ्रम है, वह खत्म हो जाएगा। अरागची का यह बयान ट्रंप के बयान के कुछ ही घंटों बाद आया है। बता दें कि खामेनेई ने अपने भाषण में कहा कि ट्रंप ने असामान्य तरीकों से घटनाओं को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया। खामेनेई का कहना है कि उन्होंने अमेरिका की अकड़ तोड़ डाली है।



## शादी के बंधन में बंधे जेफ बेजोस और लॉरेन सांचेज

**वेनिस।** दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने शुक्रवार को इटली के वेनिस के लैगून में एक द्वीप पर लॉरेन सांचेज से शादी की। शादी के बाद दोनों की पहली तस्वीर सामने आई है। इसमें सांचेज लंबी सफेद पोशाक में

### 'सदी की सबसे बड़ी शादी' कहा जा रहा

दिखाई दे रही हैं। वहीं बेजोस काले कोट और टाई पहने नजर आए। जोड़े ने शादी समारोह में शामिल हुए मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और पत्रकार लॉरेन सांचेज से शादी करने के लिए इटली के खूबसूरत शहर वेनिस को चुना गया। इस शादी को सदी की सबसे बड़ी शादी कहा जा रहा है। शादी में शामिल होने के लिए दुनियाभर से करीब 200 से 250 हाई-प्रोफाइल मेहमान पहुंचे थे। इनमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुश्नर, बिल गेट्स, ओपरा विन्फ्रे, ऑरलैंडो ब्लूम, जॉर्डन की क्वीन, क्रिस जेनर, किम और क्लोई कार्डेशियन, जैसे बड़े नाम शामिल हैं। शादी के बाद सांचेज के वेरीफाइड इंस्टाग्राम अकाउंट (लॉरेनसांचेजबेजोस) से दो तस्वीरें पोस्ट की गईं। यह अकाउंट हाल ही में बना है। इस पर केवल यही दो तस्वीरें पोस्ट की गई हैं। हालांकि इसमें यह जिक्र नहीं किया गया है कि तस्वीर कहां से ली गई है।



### आलीशान होटल में ठहरे बेजोस और सांचेज

बेजोस और सांचेज हेलीकॉप्टर से वेनिस पहुंचे और ग्रैंड कैनाल के किनारे स्थित आलीशान अमान होटल में रुके। यहां एक कमरे का किराया करीब 4,000 यूरो यानी लगभग 4.68 लाख रुपये प्रति रात है। शुक्रवार को सेंट मार्क स्क्वायर के सामने स्थित सैन जॉर्जियो द्वीप पर शादी का मुख्य कार्यक्रम हुआ। जोड़े ने एक ब्लैक-टाई समारोह में शादी की शपथ ली।







## गाजा : इजरायली हमलों में 35 और की मौत

**गाजा।** शुक्रवार देर रात और शनिवार सुबह तक गाजा पर किए गए इजरायली हमले में लोगों की मरने की खबर सामने आई है।

### अब तक मारे जा चुके हैं 56 हजार से अधिक फिलिस्तीनी

शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, गाजा शहर के फिलिस्तीन स्टेडियम में 12 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि इस हमले में गाजा में कम से कम 34 लोगों की मौत हुई है। अस्पताल के अनुसार, दक्षिणी गाजा में मुवासी में विस्थापित लोगों के लिए लगाए गए तंबू पर हमले में 6 लोगों की मौत हुई है। गाजा में करीब 50 बंधक बचे हैं, माना जा रहा है कि उनमें से आधा से भी कम लोग जीवित बचे हैं। ये सभी लोग 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजरायल पर हमला किए जाने के बाद बंधक बनाए गए करीब 250 लोगों में से थे, जिसके बाद 21 महीने तक युद्ध चला। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में 56 हजार से अधिक फिलिस्तिनी मारे गए हैं।

## राष्ट्रपति बनना बहुत खतरनाक पेशा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हमेशा से ही अपने बयानों के लेकर चर्चा में रहे हैं। इसी बीच उन्होंने अपने राष्ट्रपति बनने और

### कहा पद संभालने के बाद हुआ खतरे का अंदाजा

उनके ऊपर लगातार मंडराते खतरों का जिक्र किया। एक प्रेस वार्ता के दौरान ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति बनना किसी भी खतरनाक पेशे से कम नहीं है। ट्रंप प्रशासन की तरफ से यह प्रेस वार्ता अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद बुलाई गई थी, जिसमें ट्रंप प्रशासन को व्यापक नीतिगत फैसले लागू करने की छूट दी गई।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने बीते साल जुलाई 2024 में चुनावी रैली के दौरान उन्हें लगी गोली का जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि आज भी कभी-कभी मैं जब पेंसल्वेनिया की चुनावी रैली को याद करता हूं तो मुझे मेरी तेज होती धड़कन की आवाज सुनाई देने लगती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का पेशा बहुत खतरनाक पेशा है, क्योंकि मुझे अभी भी कभी-कभी वो थ्रॉबिंग फीलिंग होती है।

बता दें कि बीते साल जुलाई में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान पेंसल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ था। हालांकि सीक्रेट सर्विस ने मौके पर ही हमलावर को मार गिराया था। उस घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई थी और दो लोग घायल हो गए थे। ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उन्हें इस पेशे के खतरों का असली अंदाजा हुआ। उन्होंने कहा कि रेस कार ड्राइवरों और बुल राइडरों की मृत्यु दर 0.1 प्रतिशत है, लेकिन राष्ट्रपति के लिए यह करीब 5 प्रतिशत है। अगर पहले पता होता, शायद मैं खड़ा न होता।



## पाक में सैन्य काफिले पर आत्मघाती हमला, 13 सैनिक मरे

**पेशावर।** इस्लामाबाद। उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में एक सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती बम विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए। हमले में दर्जनों लोगों के घायल

### 10 जवानों समेत 29 घायल

होने की खबर है। हालांकि, हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। सूत्रों के मुताबिक, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में आज सुबह एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम निरोधक इकाई के माइन-रेसिस्टेंट एम्बुश प्रोटेक्टेड (एमआरएपी) वाहन से भिड़ा दिया।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन की सैन्य काफिले से टक्कर करवा दी। विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए। इसके अलावा 10 सैन्यकर्मी और 19 नागरिक घायल हो गए। यह क्षेत्र तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के निशाने पर रहता है। सूत्रों के मुताबिक, हमले के समय इलाके में चल रही सैन्य गतिविधियों के कारण कर्फ्यू लगा दिया गया था। विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने बचाव अभियान शुरू किया। आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब के एक उप-गुट हाफिज गुल बहादुर समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में हुई सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है। इससे क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं।



## अमेरिका ने कनाडा के साथ खत्म की व्यापार वार्ता

**वाशिंगटन।** ट्रंप ने कनाडा के साथ टैरिफ समझौते पर बातचीत शुक्रवार को एकतरफा रूप से रोकने की घोषणा की। उन्होंने कहा, कनाडा ने अमेरिकी

### कहा- वह व्यापार के लिए मुश्किल देश, हम भी लगाएंगे टैरिफ

तकनीकी फर्मों पर नए टैक्स लगाकर खुला हमला किया है। इसलिए उसके साथ व्यापार समझौते की सारी बातचीत रोकी जा रही है और अगले सप्ताह तक वह कनाडा पर नए टैरिफ की घोषणा करेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ शोसल पर ट्रंप ने अमेरिकी कृषि निर्यात पर अत्यधिक टैरिफ का हवाला देते हुए दावा किया कि कनाडा लंबे समय से व्यापार करने के लिए बहुत कठिन देश रहा है। बीते कई वर्षों से उन्होंने डेयरी उत्पादों पर टैरिफ लगाया है, जिससे हमारे किसानों को 400 प्रतिशत तक का नुकसान हुआ है। इस दौरान ट्रंप ने कनाडा पर यूरोपीय संघ के पीछे-पीछे चलने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे (कनाडा) खुले तौर पर यूरोपीय संघ की नकल कर रहे हैं, जिसने भी यही काम किया है। कनाडा पर हमला करते हुए ट्रंप ने कहा कि कनाडा ने अमेरिका को सूचित किया है कि वह सोमवार से लागू होने वाले कर लगाने की अपनी योजना पर कायम है। ऐसे में इस उनकी इस कर योजना के आधार पर हम कनाडा के साथ व्यापार पर सभी चर्चाओं को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर रहे हैं।

## तेलुगू की मशहूर न्यूज एंकर ने किया सुसाइड

**हैदराबाद।** तेलुगु के एक समाचार चैनल की न्यूज एंकर स्वेच्छा वोटारकर ने आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। शनिवार को पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी। तेलुगु के न्यूज चैनल की 40 वर्षीय एंकर स्वेच्छा ने शुक्रवार की देर रात फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। स्वेच्छा का शव उसके कमरे में पंखे से झूलता मिला। स्वेच्छा के पिता ने पुलिस में आत्महत्या का मामला दर्ज करवाया है। स्वेच्छा के पिता ने बेटी की मौत का जिम्मेदार किसी शख्स को ठहराया है। पुलिस ने पिता के द्वारा बताए गए शख्स के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है।

## पश्चिम बंगाल में अब साधु पर रेप का आरोप

**कोलकाता।** बंगाल में एक साधु के खिलाफ महिला ने रेप की शिकायत दर्ज कराई गई। यह शिकायत स्वामी प्रदिप्तानंदा के खिलाफ कराई गई है। उन्हें कार्तिक महाराज के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक महाराज भारत

### स्वामी प्रदिप्तानंदा को इस साल मिल चुका है पद्म श्री सम्मान

सेवाश्रम संघ की मुर्शिदाबाद स्थित बेल्डांगा यूनिट से जुड़े हुए हैं। यह मामला करीब 12 साल पुराना है। वहीं, कार्तिक महाराज ने महिला के आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया है। उन्होंने इसे अपना नाम बदनाम करने की साजिश बताया। महाराज इस वर्ष पद्म श्री पुरस्कार हासिल करने वालों में एक थे। पुलिस में दर्ज एफआईआर के मुताबिक शिकायत करने वाली महिला का दावा है कि यह मामला साल 2012 का है। तब वह पहली बार महाराज से मिली थी और उन्होंने टीचर की नौकरी ऑफर की थी।

महिला के मुताबिक उसने यह नौकरी स्वीकार कर ली थी। उसे स्कूल के अंदर ही पांचवीं मंजिल पर एक कमरा दिया गया था। आगे आरोप लगाया कि कार्तिक महाराज उसे अक्सर अपने ऑफिस में बुलाया करते थे। महिला के मुताबिक कई मौकों पर उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया। कई बार उसका रेप किया गया। साधु ने उसे हर महीने पैसे भेजने का भी वादा किया। पीड़िता ने कहा कि 2013 में उसके गर्भवती होने के बाद, आरोपी कुछ स्कूल कर्मचारियों के साथ उसे गर्भपात के लिए बेरहामपुर के एक निजी नर्सिंग केंद्र में ले गया। जब मैंने इस विचार का विरोध किया तो उसने मुझे धमकी दी। दो (स्कूल) स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में, उन्होंने नर्सिंग होम में एक डॉक्टर से बात की और मुझे गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया।

## प्रतीक्षा राय ने बदले तीन अलग-अलग भेष

पॉपुलर शो 'वसुधा' की कहानी अब एक बेहद दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है, जहां ड्रामा और सस्पेंस का लेवल और ऊंचा होने वाला है। इस बार करिश्मा (प्रतीक्षा राय) ज़मानत पर रिहा होकर सीधे चौहान हाउस लौटती है। लेकिन उसकी वापसी की वजह सिर्फ बदला नहीं है। करिश्मा को शक है कि उसकी अपनी ही साथी और चचेरी बहन, मेघा (मनदीप कौर), अब देवांश (अभिषेक शर्मा) के लिए प्यार महसूस करने लगी है। उसे डर है कि चौहान परिवार के खिलाफउनकी पूरी साजिश अब बिखर सकती है। लेकिन करिश्मा इस बार खाली हाथ नहीं आई है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब करिश्मा तीन अलग-अलग भेष अपनाकर मेघा का सामना करने निकल पड़ती है - पहले एक रंग-बिरंगे राजस्थानी लिबास में बंजारन बनकर, फिर नकली मूंछ और पगड़ी के साथ एक पुरुष नौकर के भेष में, और आखिर में घूंघट में छुपी हुई मेघा की बुआ बनकर। हर लुक सिर्फ साजिश का हिस्सा नहीं था, बल्कि प्रतीक्षा की अदाकारी की रेंज और गहराई को दिखाने वाले बेहतरीन मौके भी बने। पर्दे के पीछे इन किरदारों में ढलना आसान नहीं था। नकली मूंछें, प्रोस्थेटिक्स, भारी-भरकम गहने और लेयर्ड मेकअप - हर लुक को तैयार करने में घंटों लग जाते थे। मालूम हो कि ज़ी टीवी पर 'वसुधा', रोज़ रात सवा दस बजे प्रसारित है। प्रतीक्षा राय ने इस अनुभव को लेकर कहा, ''करिश्मा का किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है। इस नए ट्रैक में मुझे करिश्मा को एक और लेवल पर ले जाने का मौका मिला, जिसमें लगातार तीन दिनों में तीन अलग-अलग भेष अपनाने पड़े। हर लुक के साथ अलग चैलेंज था। कभी आवाज़ बदलनी पड़ी, कभी बॉडी लैंग्वेज, कभी भारी राजस्थानी गहने संभालने पड़े, तो कभी असली लगने वाली मूंछ और साफा पहनना पड़ा। ख'वसुधा' में अब तक के मेरे सफर में ये ट्रैक सबसे चैलेंजिंग और यादगार रहे - सस्पेंस, इमोशन और ट्रांसफॉर्मेशन से भरे हुए।''



## अंकशास्त्र से है एक गहरा जुड़ाव!

सुबह की चाय के साथ राशिफल पढ़ना हो या नंबर वाइब्रेशन में मार्गदर्शन पाना-ज्योतिष और अंकशास्त्र आज भी जिज्ञासा और सुकून का स्रोत बने हुए हैं। इन प्राचीन विधाओं को कुछ लोग आध्यात्मिक संकेत मानते हैं, तो कुछ लोगों के लिए ये रोज़मर्रा की ज़िंदगी में जुड़े छोटे-छोटे अच्छे अहसास हैं। एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकार हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी) भी इन्हीं कॉस्मिक संकेतों में यकीन रखने वालों में शामिल हैं! 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा का किरदार निभाने वाली हिमानी शिवपुरी कहती हैं, ''मैं ये नहीं कहूंगी कि मैं ज्योतिष पर बहुत ज्यादा विश्वास करती हूं, लेकिन ये सालों से मेरी ज़िंदगी का हिस्सा रहा है। हर सुबह घर से निकलने से पहले मैं अख़बार में राशिफल पर नज़र ज़रूर डालती हूं। मैं ज्यादा भरोसा कर्म और सोच पर करती हूं। मुझे लगता है अगर आप दिल से मेहनत करें, अच्छे और पॉजिटिव इंसान बनें, तो ब्रह्मांड खुद रास्ता बना देता है।''रोहिताश्व गौड़ ऊर्फ मनमोहन तिवारी ने बताया, ''मेरे लिए अंकशास्त्र हमेशा से एक गहरी जुड़ाव वाली चीज़ रही है। यह सिर्फलकी नंबर तक सीमित नहीं है, बल्कि फैसलों और घटनाओं के पीछे की ऊर्जा को समझने की कोशिश है। जब भी ज़िंदगी में कोई बड़ा कदम उठाने वाला होता हूं, मैं अक्सर अंकशास्त्र की मदद लेता हूं। इससे मन को स्थिरता मिलती है और सोच साफ होती है। लोग इसे अंधविश्वास मानते हैं, लेकिन मेरे लिए यह वाइब्रेशन और इंट्यूशन (अंतर्ज्ञान) की बात है। हर नंबर की अपनी एक लय होती है, और जब आप उसे समझना सीखते हैं, तो वह एक तरह का दिशा-सूचक बन जाता है। जब हालात उलझे हों या मन भटका हो, तब अंकशास्त्र ने मुझे सुकून और रास्ता दिखाया है। यह कोई सहारा नहीं, एक साधन है।''




बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य
शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं
लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा
उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089